CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 19° C
न्यूनतम : 12° C

मेरठ, गुरुवार 19 फरवरी 2026 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 260 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 1 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



संघ के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में हंगामा, लगे मोहन भागवत गो बैक के नारे पेज 2



अभिषेक शर्मा टॉप पर कायम, ईशान किशन की लम्बी छलांग खेल टाइम्स



खेतों की मेढ़ पर खड़ा ग्लोबल वार्मिंग का सच सम्पादकीय



अमेरिका से दूसरे दौर की बातचीत रचनात्मक : अराघची पेज 12

# भारत AI क्षेत्र में असाधारण प्रगति को तैयार: पिचाई

## ग्लोबल एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में हिस्सा लेने के लिए दिल्ली पहुंचे गूगल चीफ, पीएम मोदी से की मुलाकात

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने राजधानी दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की। पिचाई भारत में आयोजित ग्लोबल एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में हिस्सा लेने आए हैं और 20 फरवरी को समिट में मुख्य भाषण देंगे।

भारत पहुंचने पर पिचाई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि एआई इम्पैक्ट समिट के लिए भारत लौटकर खुशी हो रही है और यहां हमेशा की तरह गर्मजोशी से स्वागत किया गया। पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान श्री सुंदर पिचाई से मिलकर बेहद खुशी हुई। हमने एआई के क्षेत्र में भारत द्वारा किए जा रहे कार्यों और इस क्षेत्र में हमारे प्रतिभाशाली छात्रों और पेशेवरों के साथ गूगल कैसे काम कर सकता है, इस बारे में चर्चा की। पिचाई ने कहा कि भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में असाधारण प्रगति के लिए तैयार है और गूगल देश के एआई परिवर्तन में साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि एआई हमारे जीवन का सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म बदलाव है, जो स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर डायग्नोस्टिक्स से लेकर किसानों को रियल-टाइम अलर्ट देने जैसे बड़े स्तर की चुनौतियों को हल करने में सक्षम है। पिचाई ने भारत की विविधता, बहुभाषी -शेष पृष्ठ दो पर



■ अमेरिका, भारत और दक्षिणी गोलार्ध के कई क्षेत्रों के बीच एआई कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए नए सबसी केबल रूट विकसित किए जाएंगे

### एआई एक्सपो को एक दिन के लिए बढ़ाया गया

**नई दिल्ली।** इंडिया एआई एक्सपो समिट 19 फरवरी (आज) को आम लोगों के लिए बंद रहेगा और एक अतिरिक्त दिन 21 फरवरी को खोलने का फैसला किया गया है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 20 फरवरी के अलावा एक्सपो अब 21 फरवरी को भी आम लोगों के लिए खुला रहेगा , हालांकि सुरक्षा पाबंदियों और अन्य कार्यक्रमों को देखते हुए 19 फरवरी को आम लोगों के लिए एक्सपो बंद रहेगा। आगंतुकों को परेशानी से बचाने के लिए यह फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि आम लोगों की बढ़ती दिलचस्पी को देखते हुए एक्सपो का समय पहले ही रात आठ बजे तक बढ़ा दिया गया है। इस बदलाव के साथ एक्सपो 20 और 21 फरवरी को आम लोगों के लिए खुला रहेगा, जबकि सुरक्षा व्यवस्था कारणों से 19 फरवरी को आम लोगों के लिए बंद रहेगा।

### गलगोटिया यूनिवर्सिटी एआई समिट से बाहर

**पहले चीनी रोबोट, फिर ड्रोन को अपना बताया, कांग्रेस बोली- सरकार ने देश की इमेज खराब की**

**नई दिल्ली।** चीनी रोबोट और कोरियन ड्रोन को अपना प्रोजेक्ट बताने वाली गलगोटिया यूनिवर्सिटी को इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट एक्सपो से बाहर निकाल दिया गया है। आयोजकों ने पहले यूनिवर्सिटी के पवेलियन की बिजली काटी, फिर ताला लगाकर बेरीकेडिंग कर दी गई। यह कार्रवाई उस वीडियो के वायरल होने के बाद हुई है, जिसमें यूनिवर्सिटी ने एक चाइनीज कंपनी के रोबोटिक डॉग को अपनी खुद की खोज बताया था। चीनी रोबो डॉग के साथ ही यूनिवर्सिटी ने कोरियन कंपनी के एक ड्रोन को भी अपना बताया था। इस पूरे मामले पर कांग्रेस ने कहा कि सरकार ने देश की इमेज खराब की है। चीनी मीडिया ने हमारा मजाक उड़ाया है। यह भारत के लिए वाकई शर्मिंदगी की बात है। चीन की कंपनी यूनिट्री ने इस रोबोटिक डॉग को बनाया है, लेकिन यूनिवर्सिटी ने इसे अपना इंवेंशन बताया था। वीडियो में यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर नेहा सिंह कह रही हैं कि इस रोबोटिक डॉग का नाम ओरियन है। इसे गलगोटिया यूनिवर्सिटी के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ने तैयार किया है। उन्होंने ये भी कहा कि यूनिवर्सिटी एआई के क्षेत्र में 350 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है।

### एआई समिट में शामिल होने दिल्ली पहुंचे ब्राजील के राष्ट्रपति सिल्वा

**नई दिल्ली।** ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा. सिल्वा पांच दिवसीय भारत दौरे पर बुधवार को नई दिल्ली पहुंचे। हवाई अड्डे पर उनका स्वागत विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने किया। विदेश विभाग ने आधिकारिक एक्स पोस्ट में इसकी जानकारी दी। बताया ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा. सिल्वा, राजकीय दौरे पर नई दिल्ली आए हैं। उनका विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने स्वागत किया। एमईए ने उनकी यात्रा के दौरान होने वाली अहम बैठक का भी जिक्र किया। आगे लिखा कि इस दौरे के दौरान राष्ट्रपति लूला इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में भाग लेंगे और फिर पीएम नरेंद्र मोदी संग द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। मंत्रालय ने इस दौरे को दोनों देशों की साझेदारी को मजबूत करने वाला करार दिया है। इस एक्स पोस्ट में आगे लिखा है कि भारत और ब्राजील के बीच करीबी और कई तरह के रिश्ते हैं। ये रिश्ते, जो रणनीतिक साझेदारी तक पहुंचे हैं।

## पहला रोज़ा

### संयम और सब्र सिखाता है रोज़ा

इस्लाम मजहब में रोजा, मजहब का सुतून भी है और रूह का सुकून भी। रोजा रखना हर मुसलमान पर फर्ज है। रोजा रखना तुम्हारे लिए ज्यादा भला है अगर तुम जानो। अल्लाह के इस कौल में जो बात साफ तौर पर नजर आ रही है वे यही है कि रोजा भलाई का डाकिया है। रोजा संयम और सब्र सिखाता है। पहला रोजा ईमान की पहल है। सुबह सेहरी करके दिनभर कुछ न खाना-पीना या सोते रहकर शाम को इफ्तार करने का नाम रोजा नहीं है। यानी रोजा सिर्फ भूख-प्यास पर कंट्रोल का नाम नहीं है। बल्कि हर किस्म की बुराई पर कंट्रोल का नाम है। सेहरी से रोजा शुरू होता है।




# क्या भाजपा के मुख्यमंत्री ही देते हैं हेट स्पीच: सुप्रीम कोर्ट

## शीर्ष अदालत ने पूछे तीखे सवाल, याचिका पर सुनवाई से इन्कार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 12 प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा दायर एक जनहित याचिका की कड़ी आलोचना की और यह कहकर याचिका पर सुनवाई से इन्कार कर दिया कि यह भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को निशाना बनाती है। याचिका में सांविधानिक अधिकारियों के उन बयानों और टिप्पणियों को नियंत्रित करने के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की गई थी, जो सांविधानिक मर्यादा के अनुरूप नहीं माने जाते।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अगुवाई वाली पीठ ने कहा कि उठाया गया मुद्दा गंभीर है, लेकिन याचिका अपने मौजूदा रूप में कुछ खास व्यक्तियों को ही निशाना बनाती हुई दिख रही है। अदालत ने यह भी कहा कि वह ऐसी किसी याचिका पर सुनवाई नहीं कर सकती, जिससे यह लगे कि मामला किसी एक व्यक्ति या राजनीतिक दल के खिलाफ है। याचिका में हिमंता बिस्वा सरमा, पुष्कर सिंह धामी, योगी आदित्यनाथ, और नितेश राणे सहित कुछ नेताओं के बयानों का उल्लेख किया गया था। याचिकाकर्ताओं का दावा था कि उन्होंने शोध के दौरान करीब 30 आपत्तिजनक सार्वजनिक बयानों की पहचान की है। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि इस मामले में तत्काल न्यायिक हस्तक्षेप की जरूरत है। उन्होंने दलील दी कि स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है और अदालत को इस पर कुछ ठोस कदम उठाना चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि याचिका किसी एक व्यक्ति को निशाना बनाने के लिए नहीं है। पीठ ने टिप्पणी की कि याचिका में कुछ लोगों का चयन किया गया है, जबकि अन्य को नजरअंदाज किया गया है, जो उचित नहीं है। अदालत ने सुझाव दिया कि याचिकाकर्ता मौजूदा याचिका वापस लेकर केवल सांविधानिक सिद्धांतों पर केंद्रित नई याचिका दाखिल करें और यह सुनिश्चित करें कि वह किसी विशेष व्यक्ति या दल के खिलाफ न लगे।



कहा: भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को निशाना बनाती है याचिका

मुद्दा गंभीर पर याचिका खास लोगों को निशाना बनाती दिख रही: सीजेआई

### मोदी सरकार ने एआई विश्व सम्मेलन को बनाया तमाशा: राहुल

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने एआई शिखर सम्मेलन को लेकर मोदी सरकार पर बुधवार को हमला किया और कहा कि इस वैश्विक मंच का लाभ उठाने की बजाय मोदी सरकार अपने प्रचार के लिए इस्तेमाल कर इसका तमाशा बना रही है। श्री गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि सम्मेलन से भारतीय प्रतिभाओं को लाभ मिलना चाहिए था, लेकिन सरकार पूरे शिखर सम्मेलन को अव्यस्थित कर इसे जनसंपर्क का तमाशा बना दिया है।

# ममता सरकार बोली: ईडी केंद्र का हथियार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में आई-पैक से जुड़े रेड मामले में बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान ममता सरकार ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ईडी का उन राज्यों में हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही है, जहां विपक्ष की सरकार है।

वहीं केंद्रीय एजेंसी ने पलटवार करते हुए कहा कि हम किसी के हथियार नहीं हैं। बंगाल में ममता सरकार ने हमें धमकाया। दोनों पक्षों के बीच बहस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसका हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है और किसे धमकाया जा रहा है, यह हम तय करेंगे। ईडी ने आई-पैक रेड मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की थी। ईडी का आरोप है कि 8 जनवरी को आई-पैक के ऑफिसों पर रेड के दौरान सीएम ममता बनर्जी और बंगाल पुलिस के अधिकारियों ने उनकी कार्रवाई में रुकावट डाली। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई 18 मार्च तक टाल दी है। इससे पहले 3 फरवरी को सुनवाई टाली गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 15 जनवरी को कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री का ईडी की जांच में बाधा डालना बहुत गंभीर मुद्दा है।

■ एजेंसी ने कहा: हमें बंगाल में धमकाया गया

■ सुप्रीम कोर्ट बोला: हम तय करेंगे कौन हथियार और किसे धमकाया गया

## संक्षिप्त समाचार

### प्रतिबंधित संगठन पीएफआई का सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े एक मामले में पिछले तीन साल से फरार चल रहे एक आरोपी को बुधवार को कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपी संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से लौटा था, तभी एनआईए ने उसे हिरासत में ले लिया गया। यह आरोपी केरल के मलप्पुरम जिले के वलांचेरी निवासी मोइदीनकुट्टी पी. है। और वह केरल में पीएफआई के शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण का समन्वयक था। वह सितम्बर 2022 में मामला दर्ज होने के बाद से ही फरार हो गया था।

### तीन शावकों के जन्म से चीता की संख्या बढ़कर हुई 38

**नई दिल्ली।** कूनो नेशनल पार्क में तीन शावकों के जन्म के बाद चीतों की कुल संख्या बढ़कर 38 हो गई है। पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने बुधवार को कूनो नेशनल पार्क में दक्षिण अफ्रीकी चीता और दूसरी बार मां बनी गामिनी के तीन चीते के बच्चों के जन्म की घोषणा की। श्री यादव ने सोशल मीडिया पर यह खबर साझा करते हुए लिखा कि कूनो में तीन नए शावकों का स्वागत हुआ, दक्षिण अफ्रीका से चीतों के आने के तीन साल पूरे होने के मौके पर कुनो में एक नया अध्याय शुरू हुआ।

# 10 राज्यों की 37 राज्यसभा सीटों पर 16 मार्च को चुनाव

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने 10 राज्यों से राज्यसभा की रिक्त होने वाली 37 सीटों के लिए चुनाव का कार्यक्रम बुधवार को घोषित करते हुए मतदान की तिथि 16 मार्च निर्धारित की। चुनाव आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार इन चुनावों के लिए अधिसूचना 26 फरवरी को जारी की जाएगी।

नामांकन पत्र पांच मार्च तक दाखिल किए जा सकेंगे और छह मार्च को इनकी जांच की जाएगी। नौ मार्च तक नामांकन पत्र वापस लिए जा सकेंगे। मतदान 16 मार्च को कराया जाएगा और उसी दिन मतगणना होगी। चुनाव प्रक्रिया 20 मार्च तक संपन्न कर ली जाएगी। अप्रैल में राज्यसभा से कार्यकाल समाप्त होने वाले सदस्य महाराष्ट्र से डा. भगवत किशनराव कराड, डा. सैयद फौजिया तहसीन अहमद खान, प्रियंका विक्रम चतुर्वेदी, शरद चंद्र गोविंद राव पवार, धैर्यशील मोहन पाटिल, रजनी अशोक राव, रामदास बांडू आठवले, ओडिशा से ममता मोहंता, मुजिबुल्ला खान, सुजीत कुमार, निरंजन बिशी, तमिलनाडु से एनआर एलंगो, पी. सेल्वारासु, एम. थंबी दुरै, तिरुचि शिवा, डा. कनिमोझी एनवीएन सोमु और जीके वासन हैं। पश्चिम बंगाल से साकेत गोखले, ऋतब्रत बनर्जी, बिकाश रंजन भट्टाचार्य, मौसम नूर (पांच जनवरी 2026 से सीट रिक्त), सुब्रत बख्शी, असम से रामेश्वर तेली, भुवनेश्वर कलिता, अजीत कुमार भुइयां, बिहार से अमरेन्द्र धारी सिंह, प्रेम चंद्र गुप्ता, राम नाथ ठाकुर, उपेन्द्र कुशवाहा, हरिवंश नारायण सिंह, छत्तीसगढ़ से कवि तेजपाल सिंह तुलसी, फूलो देवी नेताम, हरियाणा से किरण चौधरी, रामचंद जांगड़ा, हिमाचल प्रदेश से इंदु बाला गोस्वामी, तेलंगाना से डा. अभिषेक मनु सिंघवी और के आर सुरेश रेड्डी हैं।

■ अधिसूचना 26 फरवरी को जारी की जाएगी

# भविष्य में डेटा और एआई से जीती जाएगी जंग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** इंडियन आर्मी अब टेक्नोलॉजी के मोर्चे पर कई बड़ी पहल कर रही है। राजधानी के भारत मंडपम में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के दौरान सेना ने साफ कर दिया कि आने वाले समय की लड़ाई सिर्फ हथियारों से नहीं, बल्कि डेटा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जीती जाएगी।

बुधवार को स्मार्टाइजिंग द किल चेन विषय पर हुए एक खास सेमिनार में सेना के वरिष्ठ अधिकारी, उद्योग जगत के दिग्गज और बड़े शिक्षण संस्थानों के विशेषज्ञ जुटे। इसका मकसद था, कैसे एआई के जरिये हथियारों, वाहनों, ड्रोन और दूसरे सैन्य प्लेटफॉर्म्स को इतना स्मार्ट बनाया जाए कि युद्ध के हर चरण में तेजी, सटीकता और प्रभावशीलता बढ़े। एआई की मदद से अब मशीनें पहले ही बता देंगी कि कौन सा सिस्टम कब खराब हो सकता है, किस हिस्से में दिक्कत आने वाली है और कहां संसाधन पहले से भेजने होंगे। यानी अब मरम्मत बाद में नहीं, पहले से तैयारी होगी। यहां डीजी ईएमई लेफ्टिनेंट जनरल राजीव कुमार साहनी ने कहा कि उद्योग जगत के पास आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग कर ऑपरेशनल सटीकता प्रभावी बनाने का बड़ा अवसर है। बड़ी मात्रा में सेंसर से मिलने वाले डेटा को कार्रवाई योग्य जानकारी में बदला जा सकता है। उभरते खतरों का पहले से अनुमान लगाया जा सकता है और पुराने हथियार सिस्टम को आधुनिक, डेटा-सक्षम और स्मार्ट प्लेटफॉर्म में अपग्रेड किया जा सकता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उन्नत एनालिटिक्स के जरिये इंजीनियरिंग सपोर्ट को तेज करना जरूरी है, ताकि ऑपरेशनल लॉजिस्टिक्स अधिक मजबूत और सक्रिय बन सके। साथ ही उन्होंने भविष्य के युद्ध में निर्णायक बढ़त हासिल करने के लिए मानव रहित हवाई प्रणालियों, काउंटर-यूएएस सिस्टम और रोबोटिक प्लेटफॉर्म्स में एआई के एकीकरण पर भी विस्तार से चर्चा की। सेना मौजूदा हथियार सिस्टम और प्लेटफॉर्म्स को भी स्मार्ट बना रही है। उनमें सेंसर लगाए जा रहे हैं। इससे बिना ज्यादा खर्च किए मौजूदा संसाधनों की ताकत कई गुना बढ़ाई जा सकेगी। सेमिनार में यह भी चर्चा हुई कि ड्रोन, काउंटर-ड्रोन सिस्टम और रोबोटिक प्लेटफॉर्म्स में एआई का इस्तेमाल किया जाएगा। इससे स्पष्ट है कि भविष्य के युद्धों में इंसान से ज्यादा मशीनों की भूमिका होगी और जो सेना टेक्नोलॉजी में आगे होगी।



■ सेना की युद्धक तैयारी को बेहतर बनाएगा एआई

■ एआई की मदद से अब मशीनें पहले ही बता देंगी कौन सा सिस्टम कब खराब हो सकता है

# राहुल गांधी देश की सुरक्षा के लिए खतरा: रिजिजू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को कहा कि राहुल गांधी भारत की सुरक्षा के लिए सबसे खतरनाक इंसान बन गए हैं। वे भारत विरोधी ताकतों से जुड़े हैं।

वे नक्सलियों, उग्रवादियों और जॉर्ज सोरोस जैसे लोगों से मिलते हैं। रिजिजू ने आगे कहा कि संसद में राहुल गांधी का बर्ताव बचकाना और गैर-जिम्मेदाराना है। एक लीडर ऑफ अपोजिशन पूरे विपक्ष को रिप्रेजेंट करता है। संसद के बाहर जाकर लोगों को देशद्रोही कहना, ड्रामा वाले सिट-इन करना और एक अनपब्लिश्ड किताब लहराना। यह सब बच्चों जैसा बर्ताव है। हमने भारत के इतिहास में ऐसा लीडर ऑफ अपोजिशन कभी नहीं देखा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का काम सिर्फ संसद में हंगामा करना है। कांग्रेस कहती है कि हम उन्हें बोलने नहीं देते। लेकिन जैसे ही वे (राहुल गांधी) अंदर आते हैं। हंगामा, बैनर और नारेबाजी शुरू हो जाती है।

■ कहा: उनके नक्सलियों से रिश्ते, संसद में उनका बर्ताव बचकाना

■ ऐसा नेता विपक्ष इतिहास में नहीं देखा

## संक्षिप्त समाचार

### दर्शनार्थियों को दिखाएंगे श्रीराम जन्मभूमि केस के साक्ष्य

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच चुका है। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि मंदिर परिसर में बन रहे संग्रहालय में दर्शनार्थियों को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर से जुड़े ऐतिहासिक मुकदमों के साक्ष्य और 500 वर्षों तक चली कानूनी लड़ाई की पूरी जानकारी प्रदर्शित की जाएगी। सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में विकसित किए जा रहे संग्रहालय में 20 आधुनिक गैलरियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। एक गैलरी में विभिन्न न्यायालयों में चले श्रीराम जन्मभूमि मुकदमों के दस्तावेज, साक्ष्य और न्यायिक प्रक्रिया को प्रदर्शित किया जाएगा, ताकि श्रद्धालु पूरे ऐतिहासिक और कानूनी पक्ष से परिचित हो सकें।

### माघ मेला 2026: 1100 करोड़ से अधिक का कारोबार

**प्रयागराज।** माघ मेला क्षेत्र इस बार केवल आस्था का केंद्र नहीं रहा, ये स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा ग्रोथ इंजन बनकर उभरा, 44 दिनों तक चले आयोजन में व्यापार का आंकड़ा 1100 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। कारोबारियों का अनुमान है कि कुल खर्च इससे भी अधिक हो सकता है। संगम की रेत पर डुबकी लगाने आए करोड़ों श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना के साथ खरीदारी में भी खुलकर हिस्सा लिया, इसका सीधा लाभ छोटे, मध्यम और बड़े सभी वर्ग के व्यापारियों को मिला। मेला क्षेत्र में विकसित चार प्रमुख बाजार जोन इस बार व्यापार के हब साबित हुए। पूजा सामग्री, ऊनी वस्त्र, चाय-नाश्ता, खिलौने, प्रसाद, धार्मिक पुस्तकें, हस्तशिल्प और स्थानीय उत्पादों की दुकानों पर दिनभर भीड़ रही।

# फार्म-7 के दुरुपयोग पर भड़की सपा

## लखनऊ में ईसी से की शिकायत, एविडेंस के साथ सौंपे प्रपत्र

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को चुनाव आयोग के कार्यालय पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान फॉर्म-7 को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी रणदीप रिणवा से मुलाकात करने पहुंचा था, प्रतिनिधिमंडल में आरके वर्मा, पंकज मलिक, कमाल अख्तर, मोहम्मद फहीम सहित कई विधायक मौजूद रहे।

सपा विधायक आरके वर्मा ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा जो प्रतिनिधिमंडल निर्वाचन आयोग से मिलने के लिए भेजा था, पूरे उत्तर प्रदेश में पुनरीक्षण प्रक्रिया (एसआईआर) के क्रम में फॉर्म 7 का दुरुपयोग भाजपा के कार्यकर्ताओं के द्वारा किया जा रहा है। जो पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक समाज के जो मतदाता हैं उनका फॉर्म 7 कूटरचना करके नाम कटवाने की साजिश चल रही है। उन्होंने कहा कि हर एक विधानसभा में 30 हजार से लेकर एक-एक लाख तक जो नो मैपिंग के नोटिस दिए गए हैं, एक बीएलओ कितने दिन में निटाएगा? एक विधानसभा में 50 हजार से लेकर 1 लाख नो मैपिंग नोटिस तहसीलों में सुनवाई कैसे हो सकती है? मान लीजिए एक तहसील में दो विधानसभा हैं, तो 2 लाख लोगों की सुनवाई इतने कम समय में कैसे हो सकती है? उन्होंने कहा कि आज हमने प्रमाण दिया कि कई लोगों के नाम एक से कई जगहों पर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन लोगों ने कूटरचना करके हमारे मतदाताओं, हमारे समर्थकों का नाम कटवाने की साजिश की, एविडेंस के साथ हमने प्रपत्र भी सौंपे हैं। जो लोग तहसीलों के चक्कर लगाते हैं, तहसीलों पर इतनी भीड़ हो रही है और जो निर्वाचन आयोग ने जो अभिलेख नो मैपिंग में मांगे हैं उन अभिलेखों को उनकी जगहों पर अर्थात ग्राम पंचायतों में बनाने की सुविधा दी जाए।

# उत्तर प्रदेश में मतदाता सत्यापन अभियान तेज: नवदीप

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने मतदाता सूची पुनरीक्षण और फॉर्म-6, 7 व 8 से जुड़े मामलों पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि पिछले दिनों की प्रगति का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया जा रहा है और 27 मार्च तक सभी लंबित सुनवाई पूरी कर ली जाएंगी।

उन्होंने बताया कि बड़ी संख्या में मतदाताओं ने अब तक मैपिग या मिलान नहीं कराया था। लगभग 1.40 करोड़ लोगों ने मैपिंग नहीं कराई, जबकि 2.22 करोड़ लोगों ने मिलान कराया लेकिन उसमें भिन्नता पाई गई। इनमें से 1.15 करोड़ मामलों की सुनवाई पूरी की जा चुकी है। रिनवा ने बताया कि पिछले तीन दिनों में ही 33 लाख सुनवाई पूरी की गई हैं। वर्तमान में प्रतिदिन 10 लाख से अधिक मामलों का निस्तारण किया जा रहा है और कुल 13,161 अधिकारी सुनवाई में लगाए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एक करोड़ चार लाख ऐसे मतदाता हैं जिन्होंने अब



**27 मार्च तक पूरी होंगी सभी सुनवाई: रिनवा**

तक मिलान नहीं कराया है। उन्हें नोटिस जारी किए गए हैं। तार्किक भिन्नता और विसंगति वाले मामलों में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को निर्देश दिए गए हैं कि वे घर-घर जाकर नोटिस की सेवा सुनिश्चित करें। नो मैपिंग वाले नोटिस के साथ आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी भी दी जा रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अब तक कुल 54,40,156 फॉर्म प्राप्त हुए हैं। इनमें 70,965 मतदाताओं ने स्वयं नाम विलोपन के लिए फॉर्म-8 भरा है, जबकि 16,863 मामलों में स्वतः फॉर्म-7 जनरेट हुआ है। फॉर्म-7 की जानकारी राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराई जानी चाहिए और फॉर्म-10 प्रतिदिन संबंधित डीएम की वेबसाइट पर अपलोड किया जा रहा है। नवदीप रिनवा ने बताया कि बीएलओ की दोबारा प्रशिक्षण प्रक्रिया भी कराई जाएगी।

### बंगाल में मतदाता सूची बनाने में हो रहीं गड़बड़ियां

**नई दिल्ली/कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने बुधवार को निर्वाचन आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची से संबंधित गतिविधियों में वैधानिक प्रक्रियाओं का उल्लंघन हो रहा है और उच्चतम न्यायालय के निर्देशों की अनदेखी हो रही है। श्री बनर्जी ने सवाल किया कि क्या चुनाव निकाय का यह मानना है कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशों की खुलेआम अवहेलना की जा सकती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि शीर्ष अदालत ने बार-बार पारदर्शिता, उचित प्रक्रिया और संचार के आधिकारिक माध्यमों के पालन पर बल दिया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि औपचारिक और जवाबदेह तंत्र के बजाय व्हाट्सएप के जरिए निर्देश भेजे जा रहे हैं।

## कांग्रेस, सपा और बीजेपी बाबा साहेब विरोधी: मायावती

# यूपी में बसपा अकेले लड़ेगी विधानसभा चुनाव

शाह टाइम्स ब्यूरो



- जो लोग हमारे खिलाफ हैं, वे हमें सत्ता से दूर रखने की और भी कोशिश करेंगे और हमारे खिलाफ साजिश करेंगे
- कुछ लोग और मीडिया घिनौनी साजिश में पड़कर अपनी इमेज खराब करते हैं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आगामी वर्ष 2027 में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव से पहले दावा किया जा रहा था कि बहुजन समाज पार्टी किसी दल के साथ गठबंधन कर सकती है।

इस रेस में सबसे पहले नाम हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी की अध्यक्षता वाली एआईएमआईएम का चल रहा था। अब इस पर राज्य की पूर्व सीएम और बसपा सुप्रीमो मायावती ने तस्वीर साफ कर दी है। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी की पूर्व सीएम मायावती ने कहा है कि जैसे-जैसे यूपी में चुनाव पास आएंगे, जो लोग हमारे खिलाफ हैं, वे हमें सत्ता से दूर रखने की और भी कोशिश करेंगे और हमारे खिलाफ साजिश करेंगे। सिर्फ यूपी में ही नहीं, बल्कि पूरे देश में सभी अंबेडकरवादियों को डा. बाबासाहेब अंबेडकर के आत्मसम्मान पाने के आंदोलन को मजबूत करने के लिए काम करते रहना चाहिए। पूर्व सीएम ने कहा कि आप सबको पता है कि इन दिनों एआई को सफलता की पूंजी बताने की स्वार्थी बताने के बीच मीडिया में एक और चर्चा है कि विधानसभा 2027 चुनाव बसपा गठबंधन में लड़ेगी, जो कि बिल्कुल झूठ है, ये फेक न्यूज है। मीडिया को ऐसी खबरों से बचना चाहिए। एक प्रेस वार्ता में मायावती ने कहा कि हम पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि हम विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेंगे, लेकिन कुछ लोग और मीडिया घिनौनी साजिश में पड़कर अपनी इमेज खराब करते हैं। ये बसपा विरोधी एजेंडा है। लोगों को ऐसी खबरों पर ध्यान नहीं देना। कांग्रेस, सपा और बीज. `पी की सोच संकीर्ण और बाबा साहेब की विरोधी है। उन्होंने कहा कि इनसे गठबन्धन करके बसपा को नुकसान होता है। बसपा के लोग अकेले चुनाव लड़ने के लिए जी जान से लगे हुए हैं। बसपा, 2007 की तरह अकेले चुनाव लड़ेगी और चुनाव जीतेगी। बसपा सुप्रीमो को सिक्योरिटी दृष्टिगत टाइप 8 का बंगला मिलने के सवाल पर मायावती ने कहा कि जब यह मिला, तो उसमें भी षड्यंत्र के तहत गलत खबरें चलाई गई हैं एजेंडा के तहत। अब सुरक्षा के दृष्टिगत टाइप 8 का बंगला मिला जिसे मैने स्वीकार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा सरकार और उनके सुप्रीमो के कहने पर 2 जून 1995 गेस्ट हाउस में मुझपर हमला हुआ था, जिसके अगले दिन भारत सरकार द्वारा मुझे सुरक्षा दी गई थी और सुरक्षित आवास भी, लेकिन अब इतने समय के बाद भी सुरक्षा खतरा बड़ा है।

### भाजपा का कर्नाटक में सरकारी जमीन आवंटन को लेकर कांग्रेस पर हमला

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को कर्नाटक में सत्तारुढ़ कांग्रेस पर सरकारी जमीन आवंटन में भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस नेतृत्व पर गंभीर आरोप लगाए। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस का नाम पहले भी नेशनल हेराल्ड मामले में सामने आ चुका है और अब कर्नाटक में सरकारी जमीन आवंटन को लेकर नए सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की सरकार ने नगर निगम प्रशासन विभाग के 12 प्लॉट और शहरी विकास विभाग के 12 प्लॉट ष्कांग्रेस भवन ट्रस्टष को आवंटित किए हैं। उन्होंने दावा किया कि इन जमीनों की अनुमानित कीमत 40 से 50 करोड़ रुपये है, जबकि इन्हें करीब 2 करोड़ रुपये में दिया गया।

# बठिंडा में किसानों पर दागे आंसू गैस के गोले

बठिंडा, वार्ता

- किसान नेताओं की रिहाई की मांग पर बवाल

पंजाब के बठिंडा में पुलिस और किसानों में झड़प हो गई है। किसान जेल में बंद अपने साथियों की रिहाई पर अड़े हैं, किसानों के मार्च को रोकने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे। कई किसानों को हिरासत में ले लिया गया है।

भारतीय किसान यूनियन एकता उग्राहां संगठन के नेतृत्व में बठिंडा शहर की ओर निकाले गए किसानों के मार्च को पुलिस ने रोक दिया। ये किसान बठिंडा में डिप्टी कमिश्नर (डीसी) के ऑफिस के बाहर धरना देने जा रहे थे। इसके बाद किसान रामपुराफूल से पहले बठिंडा- चडीगढ़ हाईवे पर अपनी मांगों को लेकर धरना देकर बैठ गए। पुलिस फोर्स किसानों को रो. कने के लिए पहुंची, लेकिन किसान नहीं माने। इसके बाद किसनों को रोकने के लिए पुलिस ने गांव में बड़ी टुकड़ी भेजी, इस दौरान किसानों की ओर से पथराव होने पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले भी दागे। पूरी घटना में कुछ किसान और पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। किसानों की मुख्य मांग जेल में बंद उनके 2 साथियों, बलदेव सिंह (गांव चाओके) और शगनदीप सिंह (गांव जियोंद) की तत्काल रिहाई है। ये दोनों 9 महीनों से अधिक समय से प्रदर्शन के एक मामले को लेकर जेल में हैं। किसानों का आरोप है कि पुलिस उन्हें जिला कलेक्टर दफ्तर तक पहुंचने से रोकने के लिए उनके घरों पर छापेमारी कर रही है। वहीं कुछ किसानों का ये भी कहना है कि पुलिस ने रात के समय उनके घरों पर दबिश दी।


काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010


## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 83734.25
निफ्टी 25819.35



सोना 152000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 237000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में तीसरे दिन भी तेजी

## प्रमुख सूचकांक एक सप्ताह के उच्चतम स्तर पर

मुंबई, वार्ता



बैंकिंग, धातु और एफएमसीजी समूहों की कंपनियों में अच्छी लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही और प्रमुख सूचकांक एक सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गये। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 283.29 अंक (0.34 प्रतिशत) की तेजी के साथ 83,734.25 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 93.95 अंक यानी 0.37 प्रतिशत ऊपर 25,819.35 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का 11 फरवरी के बाद का उच्चतम स्तर है। शेयर बाजार में आरंभ में गिरावट थी, लेकिन दोपहर बाद लिवाली बढ़ने से सभी सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। सेंसेक्स नीचे 83,164 अंक और नीचे 83,770 अंक तक गया। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा विश्वास दिखाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.44 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.54 प्रतिशत की बढ़त में रहा। आईटी को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में लिवाली रही। निफ्टी आईटी सूचक. ांक 1.23 प्रतिशत गिर गया। एफएमसीजी, धातु और सार्वजनिक बैंकों के समूहों के सूचकांक एक प्रतिशत से ज्यादा चढ़े। ऑटो, निजी बैंक, रियलटी और तेल एवं गैस समूहों में भी तेजी रही। एनएसई में जिन 3,280 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें 1,714 के शेयर हरे निशान में और 1,457 के लाल निशान में बंद हुए। अन्य 109 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में क्वालिटी वॉल का शेयर सबसे अधिक 4.92 प्रतिशत चढ़ा। टाटा स्टील में 2.90 फीसदी, एक्सिस बैंक में 1.51 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.30, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 1.18 और एलएंडटी में 1.06 प्रतिशत की तेजी रही।

# चांदी 2.37 लाख पर पहुंची, सोना 1.52 लाख हुआ सस्ता

**नई दिल्ली।** चांदी की कीमत में बुधवार को बढ़त और सोने की कीमत में गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार एक किलो चांदी 3,834 रुपए बढ़कर 2.37 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले मंगलवार को ये 2.33 लाख रुपए पर थी। 10 ग्राम 24 कैरेट सोना भी 291 रुपए सस्ता होकर 1.52 लाख रुपए पर पहुंच गया है। सर्राफा बाजार में 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। इक्विनॉमिक्स रिसर्च के फाउंडर और एमडी जी. चोक्कालिंगम ने कहा कि सोने-चांदी के साथ ही कॉपर जैसे इंडस्ट्रियल मेटल्स अत्यधिक अस्थिर रहेंगे। अगले 6 महीनों में इनके दाम कम से कम 10 प्रतिशत और घट सकते हैं। वैश्विक आर्थिक विकास में मंदी, क्रिप्टोकरेंसी और टेक्नोलॉजी शेयरों में भारी गिरावट जैसे जोखिम कमोडिटी की कीमतों पर असर डाल सकते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार और डॉलर की मजबूती का असर पड़ा है। निवेशक अनिश्चित समय में सोने की ओर रुख करते हैं। हालात स्थिर होते ही कीमतें नीचे आती हैं। मार्केट एक्सपर्ट्स इसे खरीदारी का अच्छा मौका मान रहे हैं।

# भारत बनेगा एआई पावरहाउस: वैष्णव

नई दिल्ली, वार्ता



- स्कूलों-कॉलेजों के सिलेबस में होगा बड़ा बदलाव
- आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव का बड़ा ऐलान

केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत को 'एआई पावरहाउस' बनाने के लिए स्कूलों और कॉलेजों के सिल. `बस में बदलाव किया जाएगा। एआई शिखर सम्मेलन के दौरान एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि हमारे स्कूलों और कॉलेजों को एआई तकनीक पर आधारित उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि वे समाधान तैयार कर सकें और इस तकनीक को सीख सकें।

आईटी मंत्री वैष्णव ने कहा कि सरकार का मानना है कि भारत की असली ताकत यहां की तकनीकी प्रतिभा है। निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर से भी ज्यादा जरूरी इस हुनर को निखारना है। उन्होंने आगे कहा कि पढ़ाई को केवल किताबों तक सीमित न रखकर प्रैक्टिकल नॉलेज पर केंद्रित किया जाएगा, ताकि छात्र नई तकनीकी चीजों के लिए तैयार रहें। सरकार के शिखर सम्मेलन के संदेश में भी यही दृष्टिकोण झलकता है। वैष्णव ने इंडियन इंस्टीट्यूट आफ क्रिएटिव टेक्नोलॉजी जैसे संस्थानों की तारीफ की और कहा कि ये संस्थान छात्रों को इंडस्ट्री की जरूरतों के हिसाब से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का खास लक्ष्य गांवों के युवाओं और शहरों के बीच के अंतर को खत्म करना है। इसका मकसद यह है कि ग्रामीण युवा एआई टूल्स का इस्तेमाल करना सीखें, ताकि वे अपने गांवों में रहकर भी दुनिया स्तर के स्टार्टअप खड़े कर सकें। आईटी मंत्री ने कहा कि भारत में टैलेंट की कमी नहीं है और आने वाले समय में यह और बढ़ेगी। युवाओं को बस अपनी स्किल्स को भविष्य की जरूरतों के हिसाब से ढालना होगा। वैष्णव ने कहा कि एआई शिखर सम्मेलन के बाद सरकार 'एआई मिशन' के अगले चरण पर तेजी से काम शुरू करेगी। यह मिशन ठीक वैसे ही चलेगा, जैसे भारत ने सेमीकंडक्टर और टेलीकॉम के क्षेत्र में काम किया है। सरकार का लक्ष्य छात्रों को ऐसे एआई टूल्स और समाधान उपलब्ध कराना है, जिससे वे पढ़ाई के साथ-साथ खुद की नई तकनीक और समाधान विकसित कर सकें।


स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
00800



Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com


# यूपी हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षाएं शुरू

**लखनऊ।** एशिया के सबसे बड़े शिक्षा बोर्ड के रूप में शामिल उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की तरफ से संचालित हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षाएं बुधवार से शुरू हो गई। परीक्षा के पहले दिन प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने लखनऊ स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, विक्रमादित्य मार्ग (जियामऊ) परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा, निगरानी एवं परीक्षा संचालन की व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**भारत एआई....** पारिस्थितिकी और मजबूत डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को नवाचार के लिए मजबूत आधार बताते हुए कहा कि यह वैश्विक स्तर पर एआई के लोकतांत्रिक उपयोग का एक मॉडल बन सकता है। उन्होंने जोर दिया कि एआई का विकास भरोसे, सुरक्षा और समावे. शिता को प्राथमिकता देते हुए होना चाहिए, ताकि तकनीक स्थानीय भाषाओं और संदर्भों में लोगों तक वास्तविक लाभ पहुंचा सके। इस दौरान पिचाई ने इंडिया-अमेरिका कनेक्ट इनिशिएटिव की भी घोषणा की, जिसके तहत अमेरिका, भारत और दक्षिणी गोलार्ध के कई क्षेत्रों के बीच एआई कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए नए सबसी केबल रूट विकसित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गूगल भारत में फुल-स्टैक कनेक्टिविटी पर काम कर रहा है और भविष्य को लेकर वह बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने भारत में 15 अरब डॉलर के एआई हब की योजना का भी जिक्र किया, जिसमें गीगावाट-स्तर की कंप्यूटिंग क्षमता और अंतर्राष्ट्रीय सबसी केबल गेटवे शामिल होगा, जिससे रोजगार सृजन और उन्नत एआई इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही गूगल ने स्किलिंग कार्यक्रमों की भी घोषणा की, जिसमें अंग्रेजी और हिंदी में गूगल एआई प्रोफेशनल सर्टिफिकेट प्रोग्राम शामिल है, जो छात्रों और शुरुआती करियर के पेशेवरों को लक्षित करेगा। अन्य पहलों में कर्मयोगी भारत के साथ 2 करोड़ से अधिक सरकारी कर्मचारियों को समर्थन, अटल टिंकरिंग लैब्स के साथ 10,000 स्कूलों में जेन एआई टूल्स की शुरुआत और 30 मिलियन डॉलर का एआई फॉर साइंस इम्पैक्ट चैलेंज भी शामिल है। पिचाई ने कहा कि एआई का सबसे बड़ा प्रभाव तब होता है जब इसे समुदायों को समझने वाली संस्थाओं के साथ मिलकर विक. सित और लागू किया जाए, और इसी दिशा में आईआईटी, सरकारी एजेंसियों और स्थानीय संस्थानों के साथ साझेदारी के जरिये जिम्मेदारीपूर्ण और व्यापक स्तर पर एआई पहुंच बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है।

## शासनादेशों के अनुपालन में लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में बुधवार को लोकतांत्रिक व्यवस्था, जनप्रतिनिधियों की भूमिका और शासनादेशों के अनुपालन को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने स्पष्ट कहा कि यदि अधिकारियों के स्तर पर विधायकों से संबंधित शासनादेशों का पालन नहीं किया जाता है, तो यह सेवा नियमावली का उल्लंघन है और ऐसे मामलों में नियमानुसार कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष ने अपने वक्तव्य में कहा कि शासन स्तर से प्रस्तुत प्रकरणों में आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं और पूर्व में निर्गत आदेशों के प्रभावी अनुपालन को सुनिश्चित किया जाए। यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने कहा कि जनता के विश्वास से ही जनप्रतिनिधि सदन में पहुंचे हैं। इस विश्वास की रक्षा करना शासन, प्रशासन और सभी संवैधानिक संस्थाओं का दायित्व है। संविधानिक प्रावधानों के अंतर्गत प्रस्तुत मामलों में अपेक्षित कार्रवाई करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सदन में होने वाली चर्चाएं, पारित संकल्प और प्रस्ताव संविधानसम्मत प्रक्रिया का हिस्सा होते हैं और उनका अनुपालन कराना संवैधानिक दायित्व है। सदन के निर्णयों का सम्मान किया जाना चाहिए और सभी सदस्यों से अपेक्षा की गई कि वे मर्यादा का सम्मान करते हुए अपनी-अपनी संवैधानिक सीमाओं में कार्य करें।

# संघ के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में हंगामा

- लखनऊ विश्वविद्यालय में लगे मोहन भागवत गो बैक के नारे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के अवसर पर लखनऊ प्रवास पर पहुंचे। संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत के लखनऊ विश्वविद्यालय दौरे के दौरान बुधवार को परिसर में हंगामा हो गया। कार्यक्रम स्थल के बाहर एनएसयूआई और यूथ कांग्रेस से जुड़े छात्रों ने जमकर नारेबाजी की और 'गो बैक' के नारे लगाए।

जानकारी के अनुसार, मोहन भागवत संघ के शताब्दी समारोह के तहत विश्व. विद्यालय पहुंचे थे। उनके आगमन से पहले ही एनएसयूआई और कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों से जुड़े छात्र संगठनों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन के दौरान छात्रों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक हुई। कुछ प्रदर्शनकारियों ने पुलिस बैरिकेडिग पार करने की कोशिश की, जिसके बाद मौके पर मौजूद पुलिस बल ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए कई छात्रों को हिरासत में ले लिया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक स्थिति को जल्द ही नियंत्रित कर लिया गया और कार्यक्रम निर्धारित कार्यक्रमानुसार संपन्न हुआ। वहीं प्रदर्शनकारी छात्रों का कहना था कि वे विश्वविद्यालय परिसर में संघ प्रमुख के आगमन का विरोध कर रहे थे। घटना के बाद विश्वविद्यालय परिसर में कुछ समय तक तनाव का माहौल रहा, हालांकि बाद में स्थिति सामान्य हो गई।यूजीसी कानून के विरोध में छात्रों ने भागवत के खिलाफ प्रदर्शन किया।

### मंदिर, कुएं और श्मशान सभी हिंदुओं के लिए खुले हों, कोई भेदभाव न हो: भागवत

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डा. मोहन भागवत ने हिन्दू एकता पर बल देते हुए कहा कि मंदिर, कुएं और श्मशान सभी हिंदुओं के लिए खुले होने चाहिए, इनमें किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। लखनऊ के निराला नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के माधव सभागार में मंगलवार देर शाम आयोजित कार्यकर्ता कुटुंब मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चों को यह समझाना होगा कि करियर का अर्थ केवल पैसा कमाना और उपभोग करना नहीं है। असली करियर वह है, जिसमें व्यक्ति समाज और देश के लिए कुछ कर सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए, जिससे बच्चे अमीर बनकर दान देना और दूसरों के लिए जीना सीखें। विद्या और धन देश के हित में अर्जित किए जाने चाहिए और बच्चों में यह संस्कार विकसित हों कि राष्ट्र सर्वोपरि है। डा. भागवत ने कहा कि संघ पूरे हिंदू समाज को एक मानता है और सामाजिक समरसता भाषणों से नहीं, बल्कि व्यवहार से आती है। इसके लिए व्यक्तिगत और पारिवारिक स्तर पर मेलजोल बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि संघ के कुटुंब में जाति-पाति का कोई स्थान नहीं है और यही भाव समाज में भी स्थापित करना होगा। समाज की मूल इकाई व्यक्ति नहीं, बल्कि परिवार है। सामा. जिक व्यवहार की पहली पाठशाला परिवार ही होता है।

# इंटर बोर्ड परीक्षा से पहले सरधना में छात्रा की नहर में छलांग, मचा हड़कंप

## हापुड़ की रहने वाली थी छात्रा, सरधना नानू पुल पर उठाया आत्मघाती कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा शुरू होने से ठीक एक दिन पहले सरधना क्षेत्र में एक छात्रा द्वारा नहर में छलांग लगाने की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। मामला मंगलवार का बताया जा रहा है, जब छात्रा ने नानू पुल से नहर में कूदकर आत्मघाती कदम उठा लिया। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंच गई और सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया।

### मंगलवार देर रात्रि हुई पहचान, परिजनों में मचा कोहराम

काफी प्रयासों के बाद देर रात छात्रा की पहचान ऋतु तोमर पुत्री पप्पन तोमर निवासी खेड़ा पिलखुवा जनपद हापुड़ के रूप में हुई। पहचान होते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। बेटी के इस कदम से परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### सहेली से मिलने के बहाने निकली थी छात्रा

परिजनों के मुताबिक ऋतु इंटरमीडिएट की



परीक्षा की तैयारी कर रही थी। मंगलवार को वह सहेली से नोट्स लेने की बात कहकर घर से निकली थी। इसके बाद उसने नानू पुल पहुंचकर नहर में छलांग लगा दी। घटना के पीछे की वजह अभी तक स्पष्ट नहीं हो सकी है।

### नहर में तेज बहाव, तलाश में जुटी पुलिस व गोताखोर

घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों और पीएसी की मदद से नहर में तलाश अभियान चलाया। देर शाम तक छात्रा का कोई सुराग नहीं लग सका था। नहर का तेज बहाव सर्च ऑपरेशन में चुनौती बना हुआ है। आसपास के थानों को भी अलर्ट कर दिया गया है। नानू गंगनहर पुल पर दिनभर परिजन व पुलिस की टीम मौके पर डटी रही।

### हर पहलू से जांच में जुटी पुलिस

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। परिजनों, सहेलियों और परिचितों से पूछताछ की जा रही है। मोबाइल कॉल डिटेल समेत अन्य तकनीकी पहलुओं की भी जांच की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक और चिंता का माहौल है। परीक्षा से ठीक पहले हुई इस घटना ने लोगों को स्तब्ध कर दिया है।

## हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं ने दी यूपी बोर्ड हिंदी की परीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** बहसूमा क्षेत्र में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की हिंदी की प्रथम परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल तैनात रहा। कस्बा स्थित नवजीवन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य योगेश चौहान ने बताया कि हाईस्कूल में 260 छात्रों का पंजीकरण था। इनमें आठ परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। 252 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। इसके अतिरिक्त इंटर में 176 छात्रों का पंजीकरण था। इनमें से 11 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वही रहावती इंटर कॉलेज रहावती के प्रधानाचार्य डॉक्टर अरुण मलिक ने बताया कि हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं का पंजीकरण 302 था। जबकि 287 छात्र-छात्राओं ने अपनी परीक्षा दी। 15 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में अनुपस्थित रहे। इंटरमीडिएट में 317 का पंजीकरण था। जिसमें 307 छात्र-छात्राओं ने अपनी परीक्षा दी। 10 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। कोई भी बच्चा रिस्ट्रिक्टेड नहीं हुआ।

# भाकियू तोमर ने एआरटीओ पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव मौड़खुर्द निवासी इंतजार देशवाल के आवास पर भाकियू तोमर की एक प्रेस वार्ता आयोजितकी गई। जिसमें एआरटीओ मेरठ पर भ्रष्टाचारी व किसानो तथा आमजन की अनदेखी के विरुद्ध 24 फरवरी को एक विशाल धरना प्रदर्शन एआरटीओ के ग्राउंड में करने का आह्वान किया। प्रेस वार्ता में भाकियू तोमर के जिलाध्यक्ष इंतेजार देशवाल ने पत्रकारों से कहा कि एआरटीओ ऑफिस में जब किसान एवं आमजन अपनी गाड़ी का रजिस्ट्रेशन एवं फिटनेस तथा डीएल बनवाने के लिए जाता है तो राशिद से ज्यादा 6 गुना पैसा वसूला जाता है। एआरटीओ के बाहर प्राइवेट आदमी दलाली करने के लिए लगा रखे हैं जो किसानों एवं आमजन के उनके कामों को करने के लिए मोटी रकम वसूल कर रहे हैं। उन्होंने प्रेस वार्ता में कहा कि एआरटीओ द्वारा खड़े वाहनों पर भी चालान कर रही है, और उनसे मोटी रकम वसूल कर रही है। जिस गाड़ी का चालान किया जाता है एआरटीओ का चालक उसको चलाकर एआरटीओ ऑफिस परिसर में ले जाया जाता है। चालक को डरा धमकाकर मोटी रकम वसूल किया जाता है जिससे आमजन एवं वाहन चालक परेशान है और भुखमरी की कगार पर पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि एआरटीओ को तत्काल प्रभाव से हटाया नहीं गया तो आगामी 24 फरवरी को एआरटीओ ऑफिस में भाकियू तोमर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष आकिल राणा, रीवा जिलाध्यक्ष अभिषेक चौधरी उर्फ सैखु, जिला महासचिव अमित चौधरी, जिला महामंत्री अबुल कलाम, जिला प्रवक्ता जमीर चौधरी, अमरपाल ग्रेवाल, कृष्ण कुमार, मोनू बटला, जसप्रीत सिंह ग्रेवाल, फैयाज खान आदि लोग शामिल रहे।

# जल संरक्षण के लिए किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के गांधी स्मारक देव नगरी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई बालिका वर्ग के शिविर के तीसरे दिन बालिकाओं को सड़क सुरक्षा से जुड़ी जानकारी प्रदान की गई। इस मौके पर कृषि विभाग के अब्दुल कादिर ने स्वयंसेविकाओं को बताया कि सड़क सुरक्षा अभियान के तहत निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए जिसमें कार मे सीट बेल्ट लगाकर चलें दो पहिया वाहन पर हमेशा हेलमेट पहन कर चलें आदि। इस मौके पर कार्यक्रम प्रभारी अनीता देवी ने भी बालिकाओं को जानकारी दी बालिकाओं ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक गीत सुनकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वयं सेविकाओं ने नगर में एक रैली निकाल कर भी लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर ममता राव, पिंकी चौधरी, सुमित चौधरी , प्रदीप चौधरी आदि मौजूद रहे। वहीं द्वितीय इकाई बालक वर्ग जल बचाओ अभियान के बारे में बताया गया स्वयंसेवकों ने श्लोगन लेकर नगर में एक रैली निक. ाली तथा लोगों को जल संरक्षण की जानकारी दी। इस मौके पर कृषि




संकाय के सुमित सिंह व डा. अनिल त्यागी ने स्वयंसेवकों को बताया कि यदि जल से तो हमारा कल सुरक्षित है इसलिए जल बचाओ और लोगों को भी इसके लिए प्रेरित किया करो। कार्यक्रम अधिकारी डा. ललित शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए शिविर के बारे में जानकारी दी। अब्दुल कादिर, अभय कुमार,अमन कुमार का भी सहयोग रहा। स्वयंसेवकों में रितेश, कुनाल,करन, अर्जुन, अरशद आदि का सहयोग रहा।

## प्रधानमंत्री के मेरठ आगमन पर भारतीय किसान यूनियन इंडिया ने मांगा समय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को भारतीय किसान यूनियन इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप तितौरिया के नेतृत्व में यूनियन के कार्यकर्ता जिलाधिकारी मेरठ से मिले और प्रधानमंत्री के 22 फरवरी को प्रस्तावित मेरठ आगमन पर प्रधानमंत्री से भेंट हेतु यूनियन के



प्रतिनिधि मण्डल हेतु समय देने की मांग की। प्रतिनिधि मण्डल प्रधानमंत्री का अभिनंदन करने के साथ ही क्षेत्र के किसान, मजदूरों की समस्या विषय पर प्रधानमंत्री को अवगत कराना चाहते हैं। जिलाधिक. ारी से मिलने वालों में संदीप तितौरिया (राष्ट्रीय अध्यक्ष), धर्मेन्द्र गुर्जर (राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव) सरदार अमनदीप सिंह (राष्ट्रीय सचिव), संजीव अग्रवाल(राष्ट्रीय प्रवक्ता) संजीव गुप्ता (सदस्य, राष्ट्रीय कार्यकारिणी) आदेश राठी (प्रदेश महासचिव) अंकुर चपराणा (जिलाध्यक्ष, मेरठ) आदि मुख्य रुप से शामिल रहे।

# शोभित विवि में अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय के विधि एवं संवैधानिक अध्ययन संकाय द्वारा 18 फरवरी 2026 को ''पीड़ितों के न्याय तक पहुंच की पुनर्कल्पना दो मार्ग, एक सिद्धांत: दक्षिण ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीएनएसएस में अपराध पीड़ितों के अधिकारों की तुलना'' विषय पर एक ज्ञानवर्धक ऑनलाइन विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किया गया।

सत्र के मुख्य वक्ता अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्यातिप्राप्त पीड़ित विज्ञान विशेषज्ञ माइकल ओश्कोनेल थे, जिन्हें दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के पहले पीड़ित अधिकार आयुक्त के रूप में व्यापक पहचान प्राप्त है। अपने संबोधन में उन्होंने दक्षिण ऑस्ट्रेलिया की व्यवस्था और भारत की भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के ढांचे का तुलनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत किया।

प्रो. ओश्कोनेल ने स्पष्ट किया कि भिन्न कानूनी परंपराओं के बावजूद दोनों न्यायक्षेत्र अपराध पीड़ितों को न्याय प्रक्रिया का केंद्रीय हितधारक मानने के साझा सिद्धांत पर आधारित हैं। उन्होंने गरिमा, भागीदारी, सूचना के अधिकार और क्षतिपूर्ति को न्याय प्रणाली के अनिवार्य स्तंभ बताते हुए अपराधी-केंद्रित मॉडल से आगे बढ़कर संतुलित एवं मानवीय न्याय व्यवस्था की आवश्यकता पर बल दिया। व्याख्यान में पीड़ित प्रभाव वक्तव्यों के विकास, राज्य-वित्त पोषित सहायता तंत्र तथा सहभागी अधिकारों की वैधानिक मान्यता पर भी विचार हुआ। छात्रों को यह सोचने के लिए प्रेरित किया गया कि विधायी सुधारों को जमीनी स्तर पर




वास्तविक न्याय तक पहुंच में कैसे रूपांतरित किया जाए। कार्यक्रम का अकादमिक नेतृत्व डॉ. मोहम्मद आमिर ने किया, जबकि सुश्री इकरा रशीद ने सत्र का कुशल संचालन सुनिश्चित किया। अंत में आयोजित प्रश्नोत्तर सत्र ने चर्चा को और अधिक समृद्ध बनाया। यह व्याख्यान आपराधिक न्याय और पीड़ित विज्ञान के समकालीन विमर्श को आगे बढ़ाने तथा वैश्विक अकादमिक संवाद को सशक्त करने की दिशा में विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता का प्रभावी उदाहरण रहा।

# धर्मेंद्र प्रधान व जयंत चौधरी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में एमएसडीई पवेलियन का किया दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा राज्य मंत्री जयन्त चौधरी ने भारत मंडपम में चल रहे इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के पवेलियन का दौरा किया। इससे भारत सरकार की यह प्रतिबद्धता उजागर हुई कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस को समावेशी विकास और मानव संसाधन विकास को उत्प्रेरक के रूप में स्थापित किया जाए। इस दौरे के दौरान, मंत्रियों ने पवेलियन में खुद इनोवेशन देखे, जिसमें प्रैक्टिकल, स्केलेबल और इंडिया-फर्स्ट एआई सॉल्यूशन दिखाए गए, जो पॉलिसी विजन को जमीनी असर में बदल रहे थे। पवेलियन ने दिखाया कि एआई कैसे हाई-एंड एप्लिकेशन से आगे बढ़कर अवसर बढ़ाने, प्रोडक्टिविटी सुधारने और अलग-अलग सेक्टर और सेगमेंट में आजीविका को मजबूत






करने का एक टूल बन सकता है। पैवेलियन ने यह दृष्टिकोण प्रदान किया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कैसे एलीट या हाई-एंड एप्लीकेशन से आगे बढ़कर युवाओं, वर्कर्स, एंटरप्रेन्योर्स और इनफॉर्मल सेक्टर के लिए वास्तविक, मापने लायक प्रभाव पैदा कर सकता है। इमर्सिव डेमोंस्ट्रेशन और इंटरैक्टिव अनुभवों के जरिए, पैवेलियन ने पॉलिसी के मकसद को प्रैक्टिकल सॉल्यूशन में बदल दिया, यह दिखाते हुए कि एआई कैसे स्किल्स तक पहुंच बढ़ा सकता है, प्रोडक्टिविटी बढ़ा सकता है और रोजमर्रा की आजीविका को मजबूत कर सकता है।

# निकाय चुनाव को लेकर बैठक का आयोजन

## उस्मान गनी ने नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ने का किया ऐलान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** अभी निकाय चुनाव होने में लगभग दो वर्ष का समय बचा है लेकिन निकाय चुनाव को लेकर बैठक का दौर शुरू हो चुका है। कस्बे में नगर पंचायत अध्यक्ष पद को लेकर उस्मान गनी द्वारा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कस्बे के सैकड़ों लोग शामिल हुए सभी लोगों के सामने भरे मंच पर उस्मान गनी ने अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ने की बात कहते हुए सभी से सहयोग की अपील की जिस पर वहां मौजूद सैकड़ों लोगों ने सहमति जताते हुए पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। इस दौरान उस्मान गनी ने कहा कि अभी भी कस्बे में बहुत सी मूलभूत सुविधाएं ऐसी हैं जो लोगों तक नहीं पहुंची हैं। उन्होंने कहा कि कस्बे में अनेकों समस्याएं हैं जिनका अभी तक कोई समाधान नहीं कराया गया है। उन्होंने कहा कि कस्बे के लोगों ने अगर मौका दिया तो वह यहां की हर समस्या का समाधान कराते हुए कस्बे के विकास में चार चांद



लगाएंगे। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन करते हुए शहजाद सिद्दीकी ने कहा कि उस्मान गनी के रूप में कस्बे को एक ईमानदार और मेहनती प्रत्याशी मिला है अगर उन्हें मौका दिया जाए तो वह कस्बे में विकास कार्यों को गति देते हुए हर समस्या का समाधान कराने में बेहतर साबित होंगे। इस अवसर पर डॉ. खुशनसीब, पूर्व सभासद कामिल आदि ने भी अपने विचार रखते हुए पूर्ण समर्थन का आश्वा. सन दिया। इस दौरान सभासद आरिफ फैजी, सभासद पति शाहिद इस्लाम, हाजी जावेद, अनस कुरैशी, मोबीन कुरैशी, नौशाद मैंबर, साजिद जैदी, फैसल, अयाज गुड्डू, आजाद अंसारी, हाजी रईस कुरैशी, यूसुफ अंसारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## एसआरएन शिक्षक समाज कल्याण समिति के 10 वर्ष पूर्ण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एसआरएन शिक्षक समाज कल्याण समिति के 10 वर्ष पूरे होने पर जिमखाना स्थित अपार चेंबर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें यूपी के कई संगठन के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। यह समिति गरीब बच्चों को मुफ्त शिक्षा कंप्यूटर, सिलाई व बुनाई आदि का कार्य देकर उन्हें आगे बढ़ने का काम करती है। कार्यक्रम में कई सिंगरों ने अपने अंदाज में गाने गाकर कार्यक्रम में समा बांध दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरेंद्र जाटव रहे। पदाधिका. रियों में श्रुति, अकरम, अनीता चौधरी, मंसूर इस्लाम, शालू चौधरी आदि मौजूद रहे।

# उपज ने की पत्रकार के खिलाफ शिकायत के मामले में निष्पक्ष जांच की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट (उपज) संगठन की ओर से क्षेत्राधिकारी मवाना को एक प्रार्थना पत्र देकर पत्रकार के खिलाफ दी गई शिकायत की निष्पक्ष जांच की मांग की गई। उपज संगठन ने तहरीर के माध्यम से पूरे घटनाक्रम की जानकारी देते हुए कार्रवाई की मांग की है। फलावदा थाना क्षेत्र के ग्राम अमरोली उर्फ बड़ा गांव स्थित एक जूनियर हाईस्कूल में प्रधानाध्यापक गोविंद द्वारा बच्चों को मुर्गा बनाकर मारपीट की करने की वीडियो 14 फरवरी 2026 को सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। इसी आधार पर विभिन्न समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित हुई। जिसमें प्रधानाध्यापक गोविंद को बीएसए ने निलंबित कर दिया है। आरोप है कि 15 फरवरी 2026 को करीब 1:30 बजे ताज मोहम्मद पुत्र अमीरुद्दीन निवासी कस्बा फलावदा पत्रकार के मोबाइल नंबर पर प्रधानाध्यापक गोविंद द्वारा फोन कर खबर प्रकाशित करने पर आपत्ति जताई गई और भविष्य में अंजाम भुगतने की धमकी दी गई। उपज संगठन का कहना है कि इसके बाद संबंधित व्यक्ति द्वारा थाने में शिकायत देकर पत्रकार को झूठे मुकदमे में फंसाने का प्रयास किया गया। उपज संगठन ने 17 फरवरी 2026 को पुन: प्रार्थना पत्र



देकर मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की मांग की है। उपज पत्रकार संगठन ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष व पारदर्शी जांच कराई जाए तथा पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। उपज संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि न्यायसंगत कार्रवाई नहीं हुई तो पत्रकार संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष संचित अरोड़ा, जिला उपाध्यक्ष ताज मोहम्मद, जिला उपाध्यक्ष जयवीर त्यागी, आशीष चौधरी जिला उपाध्यक्ष, इसरार अंसारी तहसील महामंत्री, सोनू भढ़ाना, कन्हैयालाल, गौरव सैनी जिला सूचना मंत्री, आसिम रिजवी, आशु सैफी, प्रखर शर्मा, रिजवान अहमद, अनिल शर्मा, साजिद फरीदी, कुलदीप भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

## जेईई मेन्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र हुए सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैंट स्थित ऋषभ एकेडमी में आयोजित जेईई मेन्स (सेशन-1, जनवरी 2026) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को विद्यालय प्रांगण में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्फल विद्यार्थियों को फूलों के गुलदस्ते भेंट कर एवं मिठाई खिलाकर उनकी उपलब्धि का उत्सव मनाया गया।

विद्यालय के जिन विद्यार्थियों ने विशेष उपलब्धि हासिल की, उनमें मणित भोला ने 99.87 पर्सेंटाइल, हिमानी सैनी ने 99.73 पर्सेंटाइल, भानु राजपूत ने 97.37 पर्सेंटाइल तथा नंदिनी शर्मा ने 94.61 पर्सेंटाइल प्राप्त किए। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य एस. त्यागी एवं उप-प्रधानाचार्य पवन कपूर ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह सफलता उनकी मेहनत, लगन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। उन्होंने सभी छात्रों को भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन एवं समस्त ऋषभ परिवार की ओर से सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

# किठौर पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़

## एक दबोचा, अवैध तमंचा और पशु काटने के उपकरण बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ में किठौर पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हुई है। इस दौरान एक गोकश बसरीफ घायल हो गया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से अवैध तमंचा और पशु काटने के उपकरण बरामद हुए हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में किठौर पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। पुलिस को सूचना मिली थी कि बहरोड गांव के जंगल में लाला अग्रवाल के ट्यूबवेल पर तीन बोरों में पशु मांस रखा हुआ है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने कोठरी की तलाशी ली, जहां पशु कटान के उपकरण और तीन बोरियों में मांस/खाल बरामद हुई। पुलिस जब अभियुक्तों की तलाश कर रही थी, तभी कोठरी के पीछे से बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई करते हुए बदमाशों पर गोली चलाई। इस दौरान 5-6 अभियुक्त मौके से जंगल की तरफ फरार हो गए। वहीं, एक अभियुक्त बसरीफ पुत्र ताज मोहम्मद (30 वर्ष), निवासी बहरोडा के दाहिने पैर में घुटने के नीचे गोली लगने से वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। बसरीफ के कब्जे से .315 बोर का एक अवैध तमंचा, एक खोका कारत.ूस और पशु काटने के 4-5 उपकरण बरामद हुए हैं। घायल बसरीफ को तत्काल सीएचसी किठौर भेजा गया है। पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

## मेरठ में दिखा रमजान का चांद, आज से शुरू होंगी तरावीह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ में मुकद्दस माह-ए-रमजान का चांद नजर आते ही शहर में खुशी की लहर दौड़ गई। गुजरी बाजार स्थित ऊंची मस्जिद में हुई बैठक में शहर काजी प्रो. जैनुस्सालिकीन सिद्दीकी ने एलान किया कि बुधवार को चांद दिख गया है और 19 फरवरी, जुमेरात को पहला रोजा रखा जाएगा। आज से शहर की मस्जिदों में तरावीह की नमाज अदा की जाएगी। हाजी सिराज रहमान ने रमजान को बरकत और रहमत का महीना बताते हुए लोगों से इबादत और भाईचारे की दुआ करने की अपील की। चांद दिखते ही बाजारों में रौनक बढ़ गई। सहरी की तैयारी के लिए दूध, ब्रेड और खाद्य सामग्री की दुकानों पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। पूरे शहर में रमजान को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

# समाजवादी साइकिल धावक कन्हैया निषाद का सपा कार्यालय पर स्वागत

■ जिलाध्यक्ष कर्मवीर सिंह गुमी ने की साहसिक साइकिल यात्रा अभियान की सराहना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय जेल रोड पर साइकिल यात्रा लेकर पहुंचे समाजवादी साइकिल धावक कन्हैया निषाद का जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष कर्मवीर सिंह गुमी ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कन्हैया निषाद के साहसिक साइकिल यात्रा अभियान की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं और समा. जवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के उनके प्रयासों की प्रशंसा की। स्वागत कार्यक्रम में रविंद्र प्रेमी, एहतेशाम इलाही, ई. संदीप यादव, अजय अधाना, गिरेन्द्र प्रधान गुमी, फैजल शाह, बॉबी कैलाशपुरी, अर्पित सिंह आदि सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बागपत बाईपास स्थित दुकानों और घरों में चोरी करने वाला दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** जानी क्षेत्र के बागपत बाईपास दुकानों व घरों में काफी दिनों से चोरी की सूचना मिल रही थी। कुछ दिन पहले एक महिला ने अपने घर में चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था जिसमें उसके घर से कीमती सामान चोरी हो गया था। उधर बागपत बाईपास स्थित दुकानदारों ने भी पुलिस को सूचना दी थी कि उनकी दुकान का ताला तोड़कर सामान चोरी हो गया था। व्यापारियों ने कहा था कि सुभारती पुलिस नाकाम साबित हो रही है। वहीं जानी थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्र ने सुभारती चौकी इंचार्ज वरुण उपाध्याय को निर्देश दिए कि रात्रि गश्त बढ़ाएं और इन घटनाओं का जल्द से जल्द खुलासा करें। लगातार जानी पुलिस आरोपी की तलाश में चेकिंग अभियान चलाकर पकड़ने में लगी थी। वहीं बुधवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चोरी करने वाले आरोपी को रामपुर पावटी के जंगल वाले रास्ते से दबोच लिया जहां आरोपी के पास से चोरी हुआ सामान भी बरामद हुआ। आरोपी की पहचान विक्रम पुत्र रमेश टीपी नगर के रूप में हुई। आरोपी मुख्य रूप से मुरादाबाद का रहने वाला है फिलहाल टीपी नगर रह रहा था। पुलिस ने आरा.ेपी को चालान कर जेल भेज दिया।

# आभार रैली में प्रधानमंत्री एक लाख व्यक्तियों को करेंगे संबोधित

■ मेरठ-हापुड़ के भाजपा कार्यकर्ताओं को दी गई जिम्मेदारियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी रविवार को दिल्ली मेरठ रैपिड रेल के साथ मेरठ मेट्रो के उद्घाटन के अवसर पर मेरठ साउथ स्टेशन के समीप एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे जिसे जिसे आभार रैली का नाम दिया गया है। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर बुधवार को मेरठ हापुड़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद अरुण गोविल ने अपने कैंप कार्यालय डिफेंस कॉलोनी में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दौरे की तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है जिन्हें आगामी दो दिन में पूरा कर लिया जाएगा। रविवार को प्रधानमंत्री के द्वारा दिल्ली मेरठ रैपिड रेल का एक भव्य आयोजन के साथ उद्घाटन किया जाएगा जहां प्रधानमंत्री एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे जिसके लिए मेरठ एवं हापुड़ के सभी भाजपा मंडल अध्यक्षों को प्रधानमंत्री की जनसभा में कार्यकर्ताओं को लाने की जिम्मेदारियां सौंपी गई है। सांसद अरुण गोविल ने बताया कि प्रधानमंत्री रैपिड ट्रेन में बच्चों के साथ यात्रा भी करेंगे। सांसद ने बताया कि आधिकारिक तौर पर प्रधानमंत्री जी का 45 मिनट का कार्यक्रम है।

इस दौरान प्रधानमंत्री उद्घाटन कर रैपिड ट्रेन में स्कूली बच्चों के साथ सफर भी करेंगे।

बताते चलें मेरठ देश का पहला जिला है जहां रैपिड के साथ मेट्रो का भी संचालन किया जाएगा। रैपिड ट्रेन नमो भारत के साथ मेरठ के मोदीपुरम से मेरठ साउथ तक मेट्रो भी एक ही ट्रैक पर दौड़ेगी। मेरठ मेट्रो मेरठ साउथ स्टेशन से चलकर परतापुर, रिठानी, शताब्दी नगर, ब्रह्मपुरी ,मेरठ सेंट्रल, भैंसाली, बेगमपुल, एमईएस कॉलोनी, डोरली, मेरठ नॉर्थ, मोदीपुरम तक जाएगी तो नमो भारत रैपिड ट्रेन का संचालन पल्लवपुरम से सराय काले खां तक किया जाएगा। दावा किया जा रहा है कि मेट्रो की रफ्तार 120 किलोमीटर प्रति घंटा रहेगी जो देश में सबसे तेज दौड़ने वाली मेट्रो होंगी। यदि बात मोदीपुरम से सराय खा ले तक के सफर के किराए की करी जाए तो यह संभावित 210 रुपए माना जा रहा है। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी, हापुड़ जिला अध्यक्ष कविता, भाजपा मीडिया प्रभारी अमित शर्मा सहित हापुड़ मेरठ के सभी मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


## कार्यालय वसूली अधिकारी-II, ऋण वसूली न्यायाधिकरण-II, दिल्ली।

चौथी मंजिल, जीवन तारा बिल्डिंग, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली-110001.

**बिक्री घोषणा सूचना**

टी.आर.सी. नंबर. 398/2023

इंडियन ओवरसीज बैंक बनाम मंगल इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड।

आयकर अधिनियम, 1961 की द्वितीय अनुसूची के नियम 52 (2) के तहत बिक्री की घोषणा, बैंक और वित्तीय संस्थानों को देय ऋणों की वसूली अधिनियम, 1993 के साथ पढ़ा जाए।

**सीडी # 1 मैसर्स मंगल इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड,** पंजीकृत कार्यालय 309, शकुंतला अपार्टमेंट्स, 50, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019.

**सीडी # 2 स्व0 गौरव जगोदिया (दिवंगत),** निदेशक और गारंटर, 309, शकुंतला अपार्टमेंट्स, 59, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019. **इसके अलावा:** मकान संख्या 1536, सेक्टर-17सी, गुड़गांव (हरियाणा) अपने कानूनी वारिसों के माध्यम से

2(i) श्रीमती मधु जगोदिया (माता) मकान संख्या 919, सेक्टर-17बी, गुड़गांव, हरियाणा।

2(ii) श्री आर.के. जगोदिया (पिता) (दिवंगत) मकान संख्या 919, सेक्टर-17बी, गुड़गांव, हरियाणा।

2(iii) श्री राजीव जगोदिया (बड़े भाई) मकान संख्या 919, सेक्टर-17बी, गुड़गांव, हरियाणा।

**सीडी # 3 श्रीमती रेशमा आरिफ,** बी-10, मेफेयर गार्डन, हौज खास, नई दिल्ली।

जबकि ऋण वसूली न्यायाभिकरण-द्वितीय के पीठासीन अधिकारी द्वारा OA संख्या 72/2006 में जारी किए गए हस्तांतरण वसूली प्रमाणपत्र संख्या 398/2023 के अनुसार, प्रतिवादी 1 से 3 के विरुद्ध **रू. 52,01,187.60/- रुपये (बावन लाख एक हजार एक सौ सत्तासी रुपये और साठ पैसे मात्र)** की वसूली के लिए, प्रमाणपत्र देनदारों से 13.75% प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित, और वसूली प्रमाणपत्र में उल्लिखित लागत और प्रभारों का भुगतान मुकदमे की तारीख से करने का आदेश दिया गया है।

2. और जबकि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त वसूली प्रमाणपत्र की पूर्ति के लिए नीचे दी गई अनुसूची में उल्लिखित संपत्ति की बिक्री का आदेश दिया है।

3. इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि स्थगन के किसी आदेश के अभाव में, उक्त संपत्ति की बिक्री ई-नीलामी द्वारा की जाएगी और बोली **"ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक बोली" के माध्यम से वेबसाइट https://bankeauctions.com पर17.04.2026 को दोपहर 3.00 बजे से शाम 4.00 बजे के बीच होगी,** यदि आवश्यक हो तो शाम 4:00 बजे के बाद 5 मिनट की अवधि का विस्तार दिया जाएगा।

4. यह बिक्री ऊपर उल्लिखित सीडी (सीडी) की संपत्ति की होगी, जैसा कि नीचे दी गई अनुसूची में उल्लिखित है, और उक्त संपत्ति से संबंधित देनदारियां और दावे, जहां तक पता लगाए गए हैं, प्रत्येक लॉट के सामने अनुसूची में निर्दिष्ट हैं।

5. संपत्ति को अनुसूची में निर्दिष्ट अनुसार बिक्री के लिए रखा जाएगा। यदि संपत्ति के एक हिस्से की बिक्री से बिक्री द्वारा प्राप्त राशि की पूर्ति हो जाती है, तो शेष संपत्ति के संबंध में बिक्री तुरंत रोक दी जाएगी। यदि नीलामी पूरी होने से पहले, उक्त प्रमाण पत्र में उल्लिखित बकाया राशि, ब्याज, लागत (बिक्री की लागत सहित) बिक्री करने वाले अधिकारी को प्रस्तुत कर दी जाती है या उनके संतोष के लिए यह प्रमाण दिया जाता है कि ऐसे प्रमाण पत्र, ब्याज और लागत की राशि अधोहस्ताक्षरी को भुगतान कर दी गई है, तो भी बिक्री रोक दी जाएगी।

6. बिक्री के संबंध में कोई भी कर्तव्य निभाने वाला कोई भी अधिकारी या अन्य व्यक्ति, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से बेची गई संपत्ति में किसी भी प्रकार का हित प्राप्त करने, प्राप्त करने या प्राप्त करने का प्रयास नहीं करेगा।

7. यह बिक्री आयकर अधिनियम, 1961 की द्वितीय अनुसूची और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों में निर्धारित शर्तों तथा निम्नलिखित अतिरिक्त शर्तों के अधीन होगी:-

संलग्न अनुसूची में निर्दिष्ट विवरण अधोहस्ताक्षरी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार दिए गए हैं, परन्तु अधोहस्ताक्षरी इस घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत कथन या चूक के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे। 7.1

7.2 **आरक्षित मूल्य,** जिससे नीचे संपत्ति नहीं बेची जाएगी, और बयाना राशि **(ईएमडी)** निम्नानुसार हैं:

| क्र.सं | सम्पत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य | ईएमडी |
|---|---|---|---|
| 1 | प्लॉट संख्या 19, लक्ष्मी नगर, बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश | रू. 1,11,00,000.00 | रू. 11,10,000.00 |

7.3 संभावित बोलीदाता 23-03-2026 और 24-03-2026 को सुबह 11:00 बजे से 16:00 बजे तक स्थल का निरीक्षण कर सकते हैं।

7.4 इच्छुक बोलीदाता, जिन्होंने आरक्षित मूल्य से कम न होने वाली अपनी बोलियाँ, पैन कार्ड, पहचान पत्र, पता प्रमाण पत्र आदि सहित दस्तावेजों के साथ, **15.04.2026 को शाम 4:00 बजे** से पहले वसूली अधिकारी-II, डीआरटी-II, दिल्ली के कार्यालय में जमा कर दी हैं, वे **17.04.2026** को दोपहर **3:00 बजे से शाम 4:00 बजे** तक आयोजित होने वाली ई-नीलामी में भाग लेने के पात्र होंगे। यदि नीलामी के समापन समय के अंतिम 5 मिनट में बोली लगाई जाती है, तो समापन समय स्वत: 5 मिनट के लिए बढ़ जाएगा।

7.5 बोलीदाता अपनी पेशकश को **1,00,000/- रुपये (केवल एक लाख रुपये)** के गुणकों में बढ़ा सकते हैं।

7.6 असफल बोलीदाता ई-नीलामी की कार्यवाही समाप्त होने के तुरंत बाद वसूली अधिकारी-II, डीआरटी-II, दिल्ली/सीएच के कार्यालय से सीधे ईएमडी प्राप्त करेगा।

7.7 सफल/उच्चतम बोलीदाता को ई-नीलामी समाप्त होने के 24 घंटे के भीतर और ईएमडी समायोजित करने के बाद, बोली/बिक्री राशि के 25% का मांग पत्र/भुगतान आदेश वसूली अधिकारी-II, डीआरटी-II, दिल्ली, **खाता टी.आर.सी. संख्या 398/2023** के पक्ष में तैयार करना होगा और उसे वसूली अधिकारी-II, डीआरटी-II, दिल्ली के कार्यालय में ई-नीलामी समाप्त होने के 3 दिनों के भीतर जमा करना होगा, अन्यथा ईएमडी जब्त कर लिया जाएगा।

7.8 सफल/उच्चतम बोलीदाता, वसूली अधिकारी-II, डीआरटी-II, दिल्ली, खाता टी.आर.सी. संख्या 398/2023 के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर के माध्यम से, नीलामी की शेष 75% राशि, संपत्ति की नीलामी की तारीख से 15वें दिन या उससे पहले इस दिन को छोड़कर वसूली अधिकारी-II, डीआरटी-II, दिल्ली के समक्ष जमा करेगा, या यदि 15वां दिन रविवार या कोई अन्य अवकाश हो, तो 15वें दिन के बाद पहले कार्यदिवस पर, 1,000 रुपये तक 2% की दर से और 1,000 रुपये से अधिक की कुल राशि पर 1% की दर से पाउंडेज शुल्क के साथ रजिस्ट्रार, डीआरटी-II दिल्ली के पक्ष में जमा करेगा। (यदि शेष 75% राशि डाक द्वारा जमा की जाती है, तो वह वसूली अधिकारी तक उपर्युक्त तरीके से पहुंच जानी चाहिए)।

7.9 निर्धारित अवधि के भीतर भुगतान न होने की स्थिति में, बिक्री की नई घोषणा जारी करने के बाद संपत्ति को पुन: बेचा जाएगा। बिक्री के खर्चों को पूरा करने के बाद, यदि हस्ताक्षरकर्ता उचित समझे तो जमा राशि सरकार द्वारा जब्त की जा सकती है और भुगतान न करने वाला क्रेता संपत्ति या उस राशि के किसी भी हिस्से पर अपने सभी दावों को खो देगा जिसके लिए इसे बाद में बेचा जा सकता है।

8. यह संपत्ति "जैसी है, जहाँ है और जैसी है" के आधार पर बेची जा रही है।

9. हस्ताक्षरकर्ता को किसी भी या सभी बोलियों को अनुचित पाए जाने पर स्वीकार या अस्वीकार करने या बिना कोई कारण बताए किसी भी समय नीलामी स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है।

**संपत्ति की अनुसूची**

| बेची जाने वाली संपत्ति का विवरण | संपत्ति या उसके किसी भाग पर निर्धारित राजस्व | संपत्ति पर लागू होने वाले किसी भी भार का विवरण | यदि संपत्ति के संबंध में कोई दावे किए गए हैं, तो वे और इसकी प्रकृति और मूल्य से संबंधित कोई अन्य ज्ञात विवरण। |
|---|---|---|---|
| प्लॉट संख्या 19, लक्ष्मी नगर, बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश | ज्ञात नहीं | ज्ञात नहीं | ज्ञात नहीं |

**दिनांक 05.02.2026** को मेरे हस्ताक्षर और मुहर सहित

(वात्सल्य कुमार)
वसूली अधिकारी-II,
डीआरटी-II, दिल्ली


# छात्रों को एडमिट कार्ड न मिलने की शिकायत पर पुलिस पहुंची स्कूल

**पुलिस के हस्तक्षेप पर प्रबंधन ने दिया परीक्षा में बैठने का आश्वासन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** प्रेम सिंह स्वतंत्रता सेनानी इंटर कॉलेज ग्राम भाटियाना खुशहालपुर में अध्ययनरत दो छात्रों को एडमिट कार्ड न दिए जाने की सूचना पर मंगलवार शाम थाना धामपुर पुलिस मौके पर पहुंची। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने विद्यालय प्रबंधन से वार्ता कर स्थिति की जानकारी ली। विद्यालय प्रबंधन की ओर से बताया गया कि दोनों छात्रों को इंटरमीडिएट परीक्षा में सम्मिलित होने से नहीं रोका जाएगा।

जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम करीब साढ़े सात बजे थाना धामपुर पर सूचना प्राप्त हुई थी कि इंटर कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र अर्स एलवी पुत्र इकरार अहमद एवं मौहम्मद राजा पुत्र अबरार निवासी ग्राम हरा को विद्यालय स्टाफ द्वारा एडमिट कार्ड नहीं दिया जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस टीम तत्काल विद्यालय पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस जांच के दौरान दोनों छात्र मौके पर उपस्थित नहीं मिले। विद्यालय के प्रबंधक दानवीर सिंह से बातचीत करने पर उन्होंने बताया कि संबंधित छात्रों द्वारा विद्यालय की फीस जमा नहीं की गई थी तथा उनके द्वारा पूर्व में विद्यालय स्टाफ के साथ अभद्र व्यवहार भी किया गया था। इसी कारण एडमिट कार्ड को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई।

विद्यालय प्रबंधन ने पुलिस को आश्वस्त किया कि दोनों छात्रों को इंटरमीडिएट परीक्षा की द्वितीय पाली परीक्षा में सम्मिलित होने दिया जाएगा। प्रबंधन के इस आश्वासन के बाद मौके पर स्थिति सामान्य रही।

धामपुर कोतवाली प्रभारी मृदुल कुमार ने विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिए कि छात्रों के भविष्य से जुड़ा मामला होने के कारण किसी भी प्रकार की अनावश्यक कठोरता न बरती जाए और शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्यवाही की जाए। फिलहाल धामपुर पुलिस के हस्तक्षेप के बाद दो छात्रों का साल खराब होने से बच गया।

## पतंजलि फूड एंड हर्बल प्लांट का भ्रमण

**नजीबाबाद।** डीएमआर फार्मेसी कॉलेज, भागूवाला के डी फार्मा प्रथम व द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने हरिद्वार स्थित पतंजलि फूड एंड हर्बल प्लांट का औद्योगिक भ्रमण किया। उन्होंने आयुर्वेदिक उत्पादों के उत्पादन की प्रक्रिया को देखा व जानकारी ली। पतंजलि के एचआर संदीप कुमार व टूर गाइड कुलदीप के नेतृत्व में पतंजलि के विभिन्न प्लांट जैसे की मसाला प्लांट, सैटर लैब, परीक्षण लैब, अचार प्लांट व पंचकर्म तेल उत्पादन की जानकारी प्राप्त की।

# कड़ी सुरक्षा व तकनीकी निगरानी के बीच बोर्ड की परीक्षाएं शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं बुधवार को कड़ी सुरक्षा और तकनीकी निगरानी के बीच शुरू हुई। प्रथम दिन हिंदी का प्रश्न पत्र हुआ, जिसमें नगर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर हाईस्कूल के 43 तथा इंटरमीडिएट के 34 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के दक्ष आदर्श वैदिक इंटर कॉलेज के केंद्र व्यवस्थापक राजेश कुमार के अनुसार प्रथम पाली में हाईस्कूल के 264 में से 12 तथा इंटर के 300 में से 3 परीक्षार्थी, आरयूएम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के केंद्र व्यवस्थापक शमशाद हुसैन के अनुसार प्रथम पाली में 358 में से 9 तथा इंटर के 367 में से 18 तथा पीजेएम इंटर कॉलेज के केंद्र व्यवस्थापक राजीव कुमार के अनुसार उनके केंद्र पर प्रथम पाली में हाईस्कूल के 547 में से 22 तथा इंटर के 597 में से 13 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा निशांत यादव के नेतृत्व में गठित सचल दल ने परीक्षा केंद्रों पर छापा मारा, लेकिन कोई अनुचित साधन का प्रयोग करते नही पकड़ा गया। सुरक्षा की दृष्टि से हर परीक्षा केन्द्र पर पुलिस की तैनाती के साथ-साथ थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार ने निरीक्षण कर केन्द्र व्यवस्थापकों से जानकारी ली।

# आरएसएम ने जीता कबड्डी टूर्नामेंट

**धामपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा 'खेलो भारत' आयाम के अंतर्गत नगर खेल कुम्भ के अवसर पर रामचन्द्र सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान युवाओं को खेलों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करने का संद.ेश दिया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें आरएसएम इंटर कॉलेज और सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। मुकाबले में आरएसएम इंटर कॉलेज की टीम ने 2-1 से विजय प्राप्त कर ट्रॉफी अपने नाम की। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने उत्साह और खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिससे दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अनुज श्रीवास्तव (प्रांत सह-संगठन मंत्री, एबीवीपी मेरठ प्रांत) ने कहा कि युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए खेलों का विशेष महत्व है। खेल न केवल शारीरिक विकास करते हैं बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना भी विकसित करते हैं।

उन्होंने युवाओं से पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। इस अवसर पर एबीवीपी के विभाग संगठन मंत्री सिद्धार्थ उपाध्याय, प्रांत सहमती हनी अहलावत, जिला प्रमुख सचिन चौहान, जिला संयोजक अनुज राजपूत, विद्यालय के प्रधानाचार्य हेमेन्द्र कुमार, नगर उपाध्यक्ष विकास विकल, नगर मंत्री धामपुर कार्तिकेय सहित संगठन के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और विजेता टीम को शुभकामनाएं दी।


## सार्वजनिक सूचना

जनता को सूचित करता है कि **महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (MMFSL)** की 1,583 गाड़ियों (पूरी लिस्ट वेबसाइट लिंक: कस्टमर डिस्क्लोजर महिंद्रा फाइनेंस पर उपलब्ध है) को MMFSL ने पोर्टल (eDIIG) और ऑफलाइन मोड के जरिए नीलाम किया था और अभी वे महिंद्रा फर्स्ट चॉइस व्हील्स लिमिटेड **(MFCWL)** ("गाड़ियां") के अलग-अलग यार्ड में पार्क हैं। इसलिए, MFCWL को देने वाले पार्किंग चार्ज, वापस ली गई/नीलाम की गई गाड़ियों की पार्किंग की तारीख से जमा हो रहे हैं। नीलामी के बावजूद, खरीदार MMFSL से गाड़ियों का कब्जा लेने में नाकाम रहे हैं, इन वजहों से, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं:

- नीलामी के हिसाब से पूरी रकम का पेमेंट न करना
- पार्किंग चार्ज का पेमेंट न करना
- पेमेंट के बाद भी डिलीवरी न लेना
- खरीदार की डेथ या अन्य आकस्मिकताएं

**इसलिए, गाड़ी या उसके किसी हिस्से के टाइटल (मालिक होने) का दावा करने वाले सभी संबंधित खरीदारों से कहा जाता है कि वे इस नोटिस की तारीख से 15 (पंद्रह) दिनों के अंदर अपनी गाड़ी का कब्जा ले लें। इसके लिए वे गाड़ी की नीलामी के लिए पूरी रकम (अगर लागू हो) और पार्किंग चार्ज और उधेस को देय कोई भी दूसरी रकम का पेमेंट नीचे दिए गए दस्तावेज जमा करके करें:**

- पेमेंट का प्रूफ और जरूरी डॉक्यूमेंट
- सेल्फ-आइडेंटिफिकेशन प्रूफ (आधार, पैन, वगैरह)
- MMFSL द्वारा मांगे गए गाड़ी के टाइटल से जुड़े डॉक्यूमेंट
- MFCWL को पार्किंग चार्ज के पेमेंट की रसीद

ऊपर बताए गए सभी क्लेम और डॉक्यूमेंट यहां बताई गई टाइमलाइन के अंदर उधेस को जमा करने होंगे।

अगर तय समय के अंदर ऊपर दिए गए निर्देशों का पालन नहीं किया जाता है, तो **MMFSL** बिना किसी और नोटिस के उन गाड़ियों या उनके किसी हिस्से को फिर से नीलाम करने के अपने अधिकार का इस्तेमाल करेगा और उसके बाद उन लोगों का किसी भी गाड़ी पर कोई अधिकार और/या मालिकाना हक नहीं होगा।

ऐसी दोबारा नीलामी से होने वाली कमाई को पहले यार्ड पार्किंग चार्ज और उधेस या किसी तीसरे पक्ष को देने वाले दूसरे बकाए के लिए इस्तेमाल किया जाएगा और उसके बाद गाड़ी के संबंध में MFCWL को देने वाले किसी भी बकाया रकम के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। कोई भी सरप्लस रकम डॉक्यूमेंट्री प्रूफ मिलने और उधेस या उसके प्रतिनिधियों द्वारा पूरी जांच-पड़ताल के बाद असली मालिक को वापस कर दी जाएगी। किसी भी कमी के मामले में, उसे संबंधित व्यक्ति/व्यक्तियों से वसूला जाएगा।

ऊपर बताए गए तय समय के बाद, किसी भी हालत में कोई भी क्लेम स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी पत्र-व्यवहार **Prafull.Ruke1@mahindrafinance.com** पर करें, विषय: लंबे समय से खड़ी गाड़ी

**महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड की ओर से**



## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, जानी खुर्द (मेरठ)

पत्रांक: 1878/लेखा/वि.नि.टेण्डर गुलाम मौ./2025-26 | दिनांक: 18.02.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मान्यता प्राप्त एवं पंजीकृत सप्लायरों/ठेकेदारों से विकास खण्ड जानीखुर्द (मेरठ) में विधायक निधि योजनान्तर्गत निम्नांकित निर्माण कार्यो हेतु सील बन्द निविदाएं दिनांक 25.02.2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक विकास खण्ड कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। सभी प्राप्त निविदाएं उसी दिन समय 3:00 बजे उपस्थित आपूर्तिकर्त्ताओं के समक्ष खोली जायेगी। कोई भी निविदा बिना कारण बताये अस्वीकृत की जा सकती है। निविदा जमा करने से पूर्व आपूर्तिकर्त्ता को 02 प्रतिशत धरोहर राशि एफ.डी.आर./राष्ट्रीय बचत प्रपत्र के रूप में जमा करनी होगी, जो खण्ड विकास अधिकारी जानीखुर्द के पदनाम से बन्धक होगी। शेष 08 प्रतिशत धनराशि एफ.डी.आर./राष्ट्रीय बचत प्रपत्र के रूप में अनुबन्ध के समय जमा करनी होगी। आयकर तथा जी.एस.टी./लेबर सैस नियमानुसार देय होगा। निविदा प्रपत्र के साथ फर्म का पंजीयन प्रमाण पत्र, श्रम कार्यालय का पंजीयन प्रमाण पत्र, पैन नं., जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन नं., हैसियत प्रमाण पत्र, शपथ पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। कार्य सम्बन्धी एवं अन्य जानकारी कार्यालय में श्री रविन्द्र कुमार, अवर अभियंता (आर.ई.डी.) से प्राप्त की जा सकती है। अवकाश/अपरिहार्य की स्थिति में निविदायें अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| क्र. सं. | मद का नाम | कार्यों का विवरण | कार्य की संख्या/लम्बाई (मी. में) | कार्य की अनुमानित धनराशि लाख रु. | धरोहर धनराशि (रु.) एफ.डी. | टेण्डर फार्म मूल्य + 18 प्रतिशत जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | विधायक निधि श्री गुलाम मौहम्मद जी की निधि अन्तर्गत | ग्राम मुजक्कीपुर में मीनदीन के घर के पास एक सेमी हाई मास्ट एल.ई.डी. लाईट स्थापना | 1 | 128000 | 3000 | 500+90=590 | 03 माह |
| 2 | | ग्राम सिसौला बुजुर्ग में इस्तकार के घर के पास एक सेमी हाई मास्ट एल.ई.डी. लाईट स्थापना | 1 | 128000 | 3000 | 500+90=590 | 03 माह |
| 3 | | ग्राम काजमाबाद गून में हनुमान मन्दिर पर एक सेमी हाई मास्ट एल.ई.डी. लाईट स्थापना | 1 | 128000 | 3000 | 500+90=590 | 03 माह |
| 4 | | ग्राम महपा में तेजपाल सिंह के घेर के पास एक सेमी हाई मास्ट एल.ई.डी. लाईट स्थापना | 1 | 128000 | 3000 | 500+90=590 | 03 माह |
| 5 | | ग्राम सिवालखास में पस्तरा रोड पर राशिद के घेर के पास एक सेमी हाई मास्ट एल.ई.डी. लाईट स्थापना | 1 | 128000 | 3000 | 500+90=590 | 03 माह |

(मुकेश कुमार)
खण्ड विकास अधिकारी
जानीखुर्द (मेरठ)

# कृष्णी नदी को पुनरोद्धार के लिए किया चयनित:जिलाधिकारी

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला गंगा, वृक्षारोपण एवं पर्यावरण समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में जिला गंगा, वृक्षारोपण एवं पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सहभागिता की।

बैठक के दौरान प्रभागीय वनाधिकारी विनोद कुमार ने अवगत कराया कि शासन के निर्देशानुसार वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में कराए गए वृक्षारोपण की सत्यापन रिपोर्ट शासन को प्रेषित की जानी है। किन्तु अभी तक पंचायती राज, पशुपालन, माध्यमिक शिक्षा, राजस्व, लोक निर्माण, उद्योग एवं औद्योगिक विभाग द्वारा अपेक्षित सूचनाएं उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि वे अपनी सत्यापन रिपोर्ट कल तक अनिवार्य रूप से वन विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।



बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि जनपद बागपत से कृष्णी नदी को पुनरोद्धार हेतु चयनित किया गया है। इसके लिए शासनादेश के अनुरूप कार्ययोजना तैयार कर राज्य स्वच्छ गंगा मिशन उत्तर प्रदेश को प्रेषित की जानी है। इस संबंध में जिलाधिकारी ने नमामि गंगे के नोडल अधिकारी, जलापूर्ति विभाग बागपत को निर्देशित किया कि सभी संबंधित विभागों के समन्वय से एक सप्ताह के भीतर विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर राज्य स्वच्छ गंगा मिशन, लखनऊ को प्रेषित करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी निकायों एवं विभागों को निर्देशित किया कि पर्यावरण संरक्षण एवं गंगा पुनरोद्धार से संबंधित सूचनाएं समयबद्ध रूप से वन प्रभाग बागपत को प्रेषित करें, जिससे शासन को निर्धारित समय सीमा में आख्या भेजी जा सके। बैठक में पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण की गुणवत्ता, सत्यापन प्रक्रिया तथा जनपद में नदियों के पुनरोद्धार को प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वित करने पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर डीएफओ विनोद कुमार, एडीएम विनीत कुमार उपाध्याय, सीएमओ तीरथ लाल संबंधित विभागों के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## तीन साल में चौथी बार हुई मकान में चोरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** काठा गांव में मंगलवार की रात मकान का ताला तोड़कर सोने के आभूषण, नकदी, एलईडी और कपड़े चोरी कर ले गए। पीड़ित ने बताया कि उसके मकान में तीन साल में चौथी बार चोरी हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

काठा गांव के ओमबीर शर्मा ने बताया कि मंगलवार की रात चोर उनके मकान का ताला तोड़कर दो जोडी सोने के कुंडल, एक सोने की चौन, एक एलईडी, तीन डबल बेड के कंबल, 12 हजार रूपये की नकदी और अन्य कपड़े चोरी कर ले गए। उन्होंने बताया कि उनके मकान में तीन साल में चौथी बार चोरी हुई है। उन्हें बुधवार की सुबह घटना की जानकारी हुई। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। उन्होंने कोतवाली में तहरीर देकर घटना का खुलासा का चोरी किया गया। सामान दिलाने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

## नव दम्पति को चिडियाँ का घोंसला किया भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर के राधा-गोविन्द फार्म हाउस में वैदिक पद्धति से सम्पन हुए शादी समारोह में शादी के पवित्र बन्धन में बंधे नव दम्पति साक्षी सुपुत्री संजीव कुमार आर्य मुख्य संरक्षक गुरूकुल कुरुक्षेत्र, निवासी-शबगा, बागपत एवं अनुज कुमार सुपुत्र सुशील कुमार उपाध्याय निवासी-गुराना, बागपत को सामाजिक संस्था आँखें मिडिया सोशल नेटवर्क द्वारा संचालित गौरैया बचाओं-पौधें लगाओं अभियान के तहत आँखें के पर्यावरण रक्षक युवराज सूर्या उपाध्याय व समाजसेवी आरआरडी उपाध्याय ने चिड़ियाँ का घोंसला भेंट कर पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए पेड़ पौधों के रोपण व गौरेय्या को संरक्षण देने का संकल्प दिलाया।



समाजसेवी आरआरडी उपाध्याय ने कहा पर्यावरण के प्रति सतर्कता हमें भविष्य में होने आपदाओं से सुरक्षित करती है। गौरैय्या का चहचहाना एक सकारात्मक ऊर्जा को उत्पन करता है। जो मेडिटेशन के साथ खतरनाक वायरसों को नष्ट करता है। गौरैया व पेड़ पौधों को संरक्षण पर्यावरण व मानव जीवन के लिए हितकारी है।

## ट्रेन की चपेट में आने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** गौठड़ा रेलवे स्टेशन के पास एक ट्रेन की चपेट में आने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, मोर अचानक रेलवे ट्रैक पर आ गया था, जिसके कारण तेज रफ्तार ट्रेन से टकराकर उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।



घटना की सूचना मिलते ही गौ रक्षा दल की टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने तत्काल वन विभाग को इसकी जानकारी दी। वन विभाग की टीम, जिसे (दम मैडम) के निर्देश पर भेजा गया था, मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी कीं। गौ रक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष किशन गुप्ता, उपाध्यक्ष सुजल वर्मा और वालंटियर निखिल धाम की उपस्थिति में राष्ट्रीय पक्षी का अंतिम संस्कार किया गया। स्थानीय लोगों ने इस घटना पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने रेलवे ट्रैक के आसपास वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

## एक नजर

### बोर्ड परीक्षा के बीच बूंद-बूंद को तरसा खानूपुर

**खतौली।** खतौली तहसील क्षेत्र के गांव खानूपुर में पिछले डेढ़ माह से पेयजल आपूर्ति पूरी तरह ठप पड़ी है। करीब सात हजार की आबादी वाला यह गांव पानी की एक-एक बूंद को मोहताज है। लेकिन सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इसी बीच बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं और विद्यार्थियों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में नलों में पानी नहीं आ रहा है। ऐसे में छात्रों को सुबह जल्दी उठकर पानी की व्यवस्था के लिए दूसरे गांवों में जाना पड़ रहा है। कई परिवार अपने बच्चों के लिए पीने और नहाने का पानी लाने को मजबूर हैं, जिससे विद्यार्थियों की दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो गई है। अभिभावकों का कहना है कि परीक्षा के तनाव के बीच पानी की किल्लत ने बच्चों की परेशानी दोगुनी कर दी है। समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने की चिंता भी उन्हें सता रही है। गांव में पेयजल संकट के कारण रसोई, दैनिक कार्य और पशुओं के लिए पानी की समस्या भी गहराती जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि हाईवे के पास जल विभाग की पाइपलाइन करीब डेढ़ माह से फूटी पड़ी है, लेकिन संबंधित विभाग ने उसे ठीक कराने की जहमत नहीं उठाई। कई बार तहसील प्रशासन और उच्चाधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद समाधान नहीं हो सका है। ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि बोर्ड परीक्षाओं के दौरान भी यदि विभाग नहीं चेता तो यह छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ होगा। गांववासियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र जलापूर्ति बहाल नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## जब तक हमारा समाज एकजुट होकर मेहनत नहीं करेगा तब तक हमें सफलता नहीं मिलेगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर में समाज सेवी समाज सुधारक स्व.सुरेशचंद की पावन स्मृति में अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा उत्तर प्रदेश द्वारा सामाजिक सुधार सेवा एकता एवं संगठन स्वाभिमान विशाल भव्य शानदार सम्मेलन अमर बैकट हाल दिल्ली रोड बडौत में आयोजित किया गया।

कार्याक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम के सम्मान मे माल्यार्पण करते हुए शाश्त्र ग्यात को सभी ने शत नमन किया। विशेष रूप से कार्यक्रम मे वेदो का थ्यान मनमोहक भजन कीर्तन का शानदार गायन किया अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं समाज सेवियो ने दूरदराज से पधारे मुख्य विशिष्ट अतिथियों विद्वानो का माला पहनाकर हार्दिक अभिनन्दन स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी पूर्व विधायक राजेंद्र शर्मा ने कहा कि जब तक हमारा समाज एकजुट होकर मेहनत नहीं करेगा तब तक हमें सफलता नहीं मिलेगी। समाज के सम्मानित लोगों को दिन-रात मेहनत करके समाज को जागरूक करना होगा तभी जाकर ब्राह्मण समाज की एकता कामयाब होगी। सभा की अध्यक्षता अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने की। राष्ट्रीय अध्यक्ष बीडी शर्मा ने गद गद होकर ब्राह्मण स्वाभिमान सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा आज वर्तमान समय मे अनेक बिन्दुओं पर समाज के सुधार विकास उन्नति के लिए हमे मजबूती से खड़े रहना होगा। आज समाज मे भिन्न रूप से हमले हो रहे है जिनके प्रति हमे सचेत रहना होगा। प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक डा.महेश शर्मा पूर्व विधायक राजेन्द्र शर्मा ने कहा हमे समाज मे चरित्र निर्माण समाज सुधार की और ध्यान देकर चरित्रवान युवाओं का निर्माण करना होगा। प्रदेश अध्यक्ष त्रिभुवन शर्मा ने कहा ब्राह्मणों के खोते हुए गोरव को पुन स्थापित करना होगा। सचिव लोकेश वत्स ने कहा समाज मे व्यापत कुरीतियों को समाप्त करने के साथ समाज को आगे बढ़ाने के लिए जागरूक करते रहना होगा। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता बोली शर्मा ने कहा मै समाज की हर समस्या समाधान सेवा सुरक्षा की लड़ाई मे सहयोग करूंगी। कहा ब्राह्मण समाज एक ऐसा समाज है जो अपने लिए नहीं बल्कि दुसरे समाज के उत्थान की बात करती है हम जन कल्याण की बात करते है। शिक्षा व संस्कार पर विशेष बल दिया। पूर्व विधायक लोकेश दिक्षित ने कहा मै समाज की सेवा मे हमेशा तैयार रहूँगा। सभा की अध्यक्षता कर रहे अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा ब्राह्मणों को शिक्षक की भूमिका निभाने होगी हमे समाज की सेवा सुरक्षा सहयोग में खडे रहना चाहिए। ब्राह्मण कल्याण आयोग के गठन यूजीसी जैसे गम्भीर कानून वापिस लेने की मांग उठी। खास बात रही सभा मे बडी संख्या मे समाज के लोग उपस्थित रहे। इस पावन अवसर पर जयभगवान पुजारी परशुराम खेडा डा.घनश्याम शर्मा अमित भारद्वाज दिपक चिरजी लोकेश वत्स राजपाल शर्मा नीरज शर्मा डा.नीरज कोशिक प्रधान सचिन शर्मा प्रधान योगेश शर्मा रमेश शर्मा सभासद सोनू पंडित सुशील शर्मा मऊ देवेन्द्र शर्मा दीपक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## मरकजी फूंस मस्जिद में अहम बैठक का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर की मरकज़ी फूंस मस्जिद में एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता शहर इमाम मुफ्ती खालिद कासमी ने की, जिसमें शहर की लगभग 48 मस्जिदों के इमामों ने शिरकत की। बैठक का मुख्य उद्देश्य पवित्र महीने रमजान के दौरान तरावीह, रोज़ा, इफ्तार और सेहरी के टाइम टेबल को लेकर एकरूपता और बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करना रहा।

बैठक में शहर इमाम ने कहा कि रमजान का महीना रहमत, बरकत और मग़फ़िरत का महीना है। इस दौरान इबादत का सवाब कई गुना बढ़ा दिया जाता है। उन्होंने सभी इमामों से अपील की कि मस्जिदों में नमाज़, तरावीह और इफ्तार के इंतज़ामात अनुशासन और एकता के साथ किए जाएं, ताकि किसी भी प्रकार की भ्रम की स्थिति न बने। तरावीह के संबंध में चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि यह नमाज़ रमजान की खास पहचान है, जिसमें कुरआन पाक की तिलावत सुनने और समझने का अवसर मिलता है। उन्होंने हाफ़िज़-ए-कुरआन से गुज़ारिश की कि तिलावत में तरतीब और स्पष्टता का ध्यान रखें, ताकि नमाज़ी पूरे ध्यान और खशू-ख़ुज़ू के साथ तरावीह अदा कर सकें। मुफ्ती खालिद कासमी ने रोज़ा रखने के फ़ायदे भी विस्तार से बताए। उन्होंने कहा कि रोज़ा इंसान को सब्र, परहेज़गारी और ख़ुद पर काबू रखने की ताकत देता है। यह अमीरी-गरीबी के फर्क को मिटाकर इंसान में हमदर्दी और भाईचारे की भावना पैदा करता है।

## एसडी इंजीनियर के शिक्षकों व विद्यार्थियों ने सत्रों, संवाद कार्यक्रमों में लिया भाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर** जानसठ रोड स्थित एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मुजफ्फरनगर द्वारा संस्थान के शिक्षकों व 52 विद्यार्थियों India AI Impact Summit 2026 का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। यह अंतर्राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। जहाँ विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के नवीनतम अनुप्रयोगों, उद्योग नवाचारों एवं वैश्विक सहयोग से संबंधित जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिला।

समिट के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न तकनीकी सत्रों, प्रदर्शनों तथा संवाद कार्यक्रमों में भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत गतिविधियाँ भारत मंडपम के प्रदर्शनी हॉलों के साथ-साथ सुषमा स्वराज भवन, विज्ञान भवन तथा डॉ. अम्बेडकर भवन में आयोजित की गईं, जहाँ विद्यार्थियों ने विशेषज्ञ व्याख्यान, पैनल चर्चाएँ, शोध संगोष्ठियाँ एवं लाइव डेमो का अवलोकन किया। कॉर्पोरेट प्रदर्शनी क्षेत्र में विद्यार्थियों ने प्रमुख वैश्विक एवं भारतीय तकनीकी संगठनों द्वारा प्रस्तुत नवाचारों का अध्ययन किया।

वहीं भारतीय आईटी कंपनियों ने उद्योग, स्वास्थ्य एवं वित्तीय क्षेत्रों में एआई आधारित डिजिटल समाधान प्रस्तुत किए। स्टार्टअप पवेलियन में नवोन्मेषी उद्यमों द्वारा एआई आधारित हेल्थ-टेक मॉनिटरिंग, स्मार्ट कृषि विश्लेषण, शिक्षा-सहायक प्लेटफॉर्म, चौटबॉट समाधान तथा कंप्यूटर विजन आधारित सुरक्षा प्रणालियों के प्रदर्शन किए गए।

इन इंटरैक्टिव प्रस्तुतियों ने विद्यार्थियों को उद्यमिता एवं नवाचार के व्यावहारिक आयामों से अवगत कराया।

## बच्चों के आधार में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट हेतु राज्यव्यापी अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ द्वारा बच्चों के आधार में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट हेतु राज्यव्यापी अभियान चलाया जा रहा है, जिसके क्रम में जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय आधार अनु श्रवण समिति की बैठक कर संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए उन्होंने यह भी निर्देश दिए की आधार में होने वाले संशोधन के बारे में साफ स्पष्ट गाइड लाइन है उसका अनुपालन करें, अभियान के अंतर्गत उन बच्चों के लिए अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) पूरा करने पर बल दिया है जो 05 वर्ष और 15 वर्ष के हो चुके हैं लेकिन अभी तक अपने आधार में बायोमेट्रिक् अपडेट नहीं कराया हैं। यह अपडेट आधार के अंतर्गत आवश्यक है। बच्चों के आधार में अनिवार्य अपडेट हेतु स्कूलों में विशेष आधार कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, इसके अतिरिक्त माता-पिता या अभिभावक किसी भी आधार सेवा केंद्र या निर्दिष्ट आधार केंद्र पर जाकर अपने बच्चे का अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट करवा सकते हैं।

वर्त्तमान नियमों के अनुसार बच्चे के आधार में 05 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर पहला और 15 वर्ष की आयु प्राप्त होने पर दुसरा बायोमेट्रिक् अपडेट (फिंगरप्रिंट, आईरिस और फोटोग्राफ) अनिवार्य रूप से अपडेट किया जाना चाहिए। बच्चों के बायोमेट्रिक डेटा की सटीकता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए एमबीयू का समय पर पूरा होना जरूरी है। यदि अनिवार्य बायोमेट्रिक् अपडेट (एमबीयू) समय पर पूरा नहीं किया जाता है, तो वर्त्तमान नियमों के अनुसार आधार संख्या को निष्क्रिय किया जा सकता है। यह अपडेट स्कूल में प्रवेश, प्रवेश परीक्षाओं के लिए पंजीकरण, छात्रवृत्ति का लाभ उठाने, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) योजनाओं और सेवाओं का लाभ उठाने में आधार के निर्बाध उपयोग को सुनिश्चित करता है। माता-पिता/अभिभावकों को सलाह दी जाती है कि वे अपने बच्चों/आश्रितों के बायोमेट्रिक्स को आधार में प्राथमिकता के आधार पर अपडेट कराए। जनपद में 54110 पेंडिंग है एम यू वन में 26018 और एम यू 2 में 28092 कल बायोमेट्रिक संबंधित लंबित है सभी अपनी समय से बायोमैट्रिक अपडेट अवश्य कराये।

## सड़क निर्माण की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट में अनोखा प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** किरठल गांव निवासी फुरकान ने सड़क निर्माण की मांग को लेकर बागपत कलेक्ट्रेट में अनोखा प्रदर्शन किया। उन्होंने अभिनेता सलमान खान और शाहरुख खान की तस्वीरें हाथ में लेकर उनसे गांव में 500 मीटर सड़क बनवाने की अपील की। फुरकान का कहना है कि जनप्रतिनिधियों से शिकायत के बाद भी उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

फुरकान के अनुसार, गांव में 500 मीटर सड़क नहीं होने के कारण स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस सड़क के अभाव में आवागमन मुश्किल हो जाता है, जिससे दैनिक जीवन प्रभावित होता है। फुरकान अपने बच्चों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि उनके बेटे अनीश (कक्षा 11 के छात्र) ने कई मेडल जीते हैं, लेकिन जब गांव में रास्ता ही नहीं है तो इन मेडलों का क्या फायदा। उन्होंने अधिकारियों को मेडल लौटाने की बात भी कही।



इसी निराशा के चलते उन्होंने अभिनेताओं की तस्वीरें लेकर यह अपील की। फुरकान अली ने बताया कि उन्होंने कई बार वर्तमान विधायक और सांसद से सड़क निर्माण के लिए शिकायत की है। हर बार उन्हें बजट न होने की बात कहकर टाल दिया जाता है। इसके बावजूद, वह लगातार सड़क बनवाने के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं। जनप्रतिनिधियों से समाधान न मिलने के बाद अब फुरकान को उम्मीद है कि सलमान खान और शाहरुख खान उनकी इस मांग पर ध्यान देंगे और गांव की सड़क का निर्माण कराएंगे। उनका यह अनोखा प्रदर्शन फिलहाल चर्चा का विषय बना हुआ है।

## घरों की छतों पर चढ़कर मोमीनों ने देखा चांद

**बुढाना।** बुधवार की देर शाम सात बजे के आसपास मगरिब की नमाज के कुछ देर बाद आसमान में घटाओं के बीच चांद देखा गया। जिसके बाद आतिशबाजी और घंटी बजने का क्रम ईशा की अजान से पहले तक चलता रहा। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने अपने अपने घरों की छतों पर चढ़कर घटाओं के बीच चांद की जियारत की और एक दूसरे को सलाम कर माहे रमजान की मुबारकबाद दी।

मस्जिदों में पोने आठ बजे से ही तराबीह शुरु हुई। मिली जानकारी के अनुसार चांद दिखने के साथ ही रमजान भी शुरू हो गया। रमजान के पाक महीने में रोजा रखना और नमाज पढ़ना मुस्लिम समुदाय के लोगों के लिए बहुत खास होता है। रमजान का महीना इबादत और नेकी करने का होता है। बुधवार को चांद दिखा और आज से यानि बृहस्पतिवार से रमजान का महीना शुरू हो गया। 30 दिनों तक अनवरत चलने वाले इस रमजान का महीना बहुत ही खास होता है।

## तमंचे के बल पर दलित युवती से जेवरात लूटे, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** लहचौड़ा गांव में एक युवती ने गांव के ही दो युवकों के खिलाफ आभूषण लूटने का आरोप लगाया है। पुलिस नें दोनो आरोपीयों के खिलाफ मुकदमा कायम कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

चांदीनगर क्षेत्र में तमंचे के बल पर दलित युवती से सोने के आभूषण लूटने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों आशिफ पुत्र हनीफ व साहिल पुत्र अनीश, निवासी लहचौड़ा, बागपत के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि 14 फरवरी 2026 की शाम करीब 7 बजे आरोपी उसके घर पहुंचे और तमंचा दिखाकर उसे डरा-धमकाकर सोने की कुंडल व अंगूठी जबरन ले गए। आरोपियों ने घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी भी दी। डर के कारण पीड़िता ने तत्काल किसी को सूचना नहीं दी, बाद में हिम्मत जुटाकर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी अतर सिंह ने बताया आरोपी दोनों आरोपी युवकों के खिलाफ मुकदमा कायम कर कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

## परीक्षार्थियों ने उड़ाई नियमों की धज्जियां, अभिभावक बच्चों के हाथों में दे रहे वाहन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** प्रशासन के निर्देशों के बावजूद अभिभावक जागरूक नहीं हो रहे है। अभिभावक बच्चों के हाथों में वाहन दे रहे हैं। बुधवार को परीक्षा केंद्रों पर बोर्ड परीक्षा देने के लिए परीक्षार्थी यातायात के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए नजर आए। परीक्षार्थी बिना हेलमेट और बिना हाईसिक्योरिटी की बाइक दौड़ाते हुए नजर आए। अधिकांश बाइक पर तीन-तीन तो किसी बाइक पर चार और पांच परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए केंद्रों पर पहुंचे। पुलिस ने छात्रों को हिदायत देकर छोड़ा जबकि वाहनों का चालान कर दिया। एसपी सूरज कुमार राय ने मंगलवार को बोर्ड परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को वाहन न देने की अपील की थी। उन्होंने परीक्षा के दौरान सड़क दुर्घटना और कार्रवाई से बचने के लिए बच्चों को वाहन न देने की सलाह दी थी। मगर इसके बावजूद भी अभिभावक जागरुक नहीं हो रहे है। इसका नजारा बुधवार को बोर्ड परीक्षा के दौरान देखने को मिला। परीक्षार्थी बुधवार को परीक्षा केंद्रों पर यातायात के नियमों को ताक पर रखकर परीक्षा देने के लिए पहुंचे। एक-एक बाइक पर तीन, चार और पांच-पांच परीक्षार्थी बाइक दौड़ाते हुए नजर आए। परीक्षार्थियों न तो हेलमेट लगाया हुआ था, उनके पास ड्राईविंग लाईसेंस और ना ही उनके वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगी हुई थी। परीक्षार्थी दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर यातायात के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए नजर आए। पुलिस ने वाहनों का चालान कर परीक्षार्थियों को हिदायत देकर छोड़ा।


**NOTICE**

I, PUSHPA mother of No. 16124572X, Rank HAV, Name Nitin Sharma, presently residing at House No- 373, V&P Dhanaura Tikri, District Baghpat, Uttar Pradesh- 250622, have changed my name from PUSHPA DEVI (Old Name) to PUSHPA (New Name) for all purposes vide affidavit dated 16-02-2026 sworn before notary Rajender Sharma, Meerut.

**सूचना**

मेरी पुत्रियों का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपनी दोनों पुत्री अंशिका व वंशिका से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगी। ओमबीर पुत्र फेरू निवासी ग्राम रमाला थाना रमाला तहसील बडौत जनपद बागपत।

**NOTICE**

I, SHRIPAL father of No. 16124572X, Rank HAV, Name Nitin Sharma, presently residing at House No- 373, V&P Dhanaura Tikri, District Baghpat, Uttar Pradesh-250622, have changed my name and date of birth from SHRIPAL SHARMA (Old Name)&15-10-1957 (Old DOB) to SHRIPAL (New Name) & 01-01-1964 (New DOB) for all purposes vide affidavit dated 16-02-2026 sworn before notary Rajender Sharma, Meerut.

**सूचना**

मेरी पत्नि व पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपनी पत्नि पूनम व पुत्र मोहित से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। रामसिंह पुत्र मवासी निवासी बागेश्वर मन्दिर के पास मौहल्ला देशराज पुराना कस्बा बागपत थाना व जनपद बागपत।

# हाई रिस्क सर्जरी में शानदार सफलता, हापुड़ में उन्नत चिकित्सा का प्रमाण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ के ईएनटी विभाग ने चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए गर्दन के अग्र भाग में स्थित अत्यंत विशाल एवं जटिल लिपोमा (वसा की गांठ) का सफल ऑपरेशन कर मरीज को नया जीवन दिया है। यह सर्जरी चिकित्सकीय दृष्टि से बेहद चुनौतीपूर्ण मानी जा रही थी, क्योंकि गांठ महत्वपूर्ण नसों और प्रमुख रक्त वाहिकाओं के अत्यंत समीप स्थित थी।अनवरपुर स्थित संस्थान में उपचार के लिए पहुंचे मरीज को पिछले लगभग चार वर्षों से इस समस्या के कारण गंभीर शारीरिक असहजता और मानसिक तनाव का सामना करना पड़ रहा था। गर्दन के सामने बढ़ती सूजन के चलते उसे दैनिक जीवन में कठिनाई और सामाजिक संकोच झेलना पड़ रहा था। मरीज कई अस्पतालों में परामर्श ले चुका था, लेकिन सर्जरी के जोखिम को देखते हुए अधिकांश स्थानों पर ऑपरेशन टाल दिया गया। विशेषज्ञ उपचार की उम्मीद में मरीज ने अंततः संस्थान के ईएनटी विभाग से संपर्क किया। चिकित्सकों की टीम ने विस्तृत जांच, आवश्यक रेडियोलॉजिकल परीक्षण और समग्र मूल्यांकन के बाद सर्जरी का निर्णय लिया। सुनियोजित शल्य प्रक्रिया के तहत अत्यधिक सावधानी बरतते हुए गांठ को पूरी तरह सफलतापूर्वक निकाल दिया गया। यह जटिल ऑपरेशन विभागाध्यक्ष डॉ. अविनाश कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर डा. शुभम मित्तल, सीनियर रेजिडेंट डा. प्रीति और रेजिडेंट डा. चंदन की टीम ने उच्च तकनीकी दक्षता और समन्वय के साथ संपन्न किया। ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति स्थिर बताई गई है और शीघ्र ही उसके सामान्य जीवन में लौटने की संभावना जताई गई है। संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक ने ईएनटी विभाग की टीम को इस सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि गंभीर और जटिल मामलों के उपचार के लिए संस्थान पूरी तरह सक्षम और प्रतिबद्ध है। प्रबंधन टीम ने भी इस उपलब्धि को संस्थान की उन्नत चिकित्सा सुविधाओं और विशेषज्ञता का प्रमाण बताया। हापुड़ जनपद के लिए यह उपलब्धि आधुनिक चिकित्सा सेवाओं की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।



# मुख्यमंत्री से अधिकारियों तक की फरियाद नहीं मिल न्याय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद के पिलखुवा क्षेत्र की एक महिला ने अपने संविदाकर्मी पति के साथ ड्यूटी के दौरान हुए गंभीर हादसे के बाद शासन से आर्थिक सहायता, पेंशन और परिवार के एक सदस्य को नौकरी दिलाने की मांग की है। पीड़िता रीता सोम, निवासी ग्राम रमपुरा पिलखुवा, ने बताया कि उनके पति मनोज सोम पिछले करीब 20 वर्षों से डासना मसूरी बिजली घर में संविदा लाइनमैन के रूप में कार्यरत थे।

पीड़ित के अनुसार 4 मार्च 2025 की शाम लगभग सात बजे बिजली घर में कार्य के दौरान लाइन पर चढ़ने से पहले सिटडाउन देने की बात कही गई, लेकिन लाइन बंद होने का आश्वासन मिलने पर जैसे ही मनोज सोम खंभे पर चढ़े, करंट लगने से वे नीचे गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज से मना कर दिया गया। बाद में उन्हें दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए दाहिना हाथ कंधे से और दाहिना पैर जांघ से काटना पड़ा। पीड़िता ने आरोप लगाया कि हादसे के बाद परिवार पर आर्थिक संकट गहरा गया है और अब तक विभाग या प्रशासन की ओर से कोई ठोस मदद नहीं मिली। परिवार ने संबंधित अधिकारियों के खिलाफ थाने में शिकायत भी दर्ज कराई है। उनका कहना है कि पति पूर्ण रूप से अपंग हो चुके हैं, बच्चों के भरण-पोषण का कोई साधन नहीं बचा है और इलाज में भारी कर्ज हो गया है। रीता सोम ने शासन से मांग की है कि उनके पति की पेंशन शुरू कराई जाए और परिवार के किसी सदस्य को रोजगार दिया जाए, ताकि परिवार को सहारा मिल सके। उन्होंने बताया कि 16 जनवरी 2026 को माननीय मुख्यमंत्री को भी प्रार्थना पत्र सौंपा गया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।



# खाद्य सुरक्षा नियमों से व्यापारियों में रोष, संशोधन की मांग तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद के व्यापारियों ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत की जा रही कार्यवाही को लेकर प्रशासन से विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग उठाई है। व्यापारियों का कहना है कि वर्तमान नियमों के कारण छोटे और मध्यम स्तर के व्यापारियों को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है तथा कई प्रावधान व्यावहारिक परिस्थितियों के अनुरूप नहीं हैं। व्यापारियों ने मांग की है कि खाद्य सुरक्षा पंजीकरण के लिए निर्धारित 12 लाख रुपये वार्षिक टर्नओवर की सीमा को बढ़ाकर 40 लाख रुपये किया जाए, ताकि महंगाई के दौर में छोटे व्यापारियों को राहत मिल सके। उन्होंने बिना लाइसेंस पाए जाने पर दंडात्मक प्रावधानों को भी समाप्त करने की मांग की है। साथ ही ऑनलाइन फूड सप्लाई करने वाले डिलीवरी कर्मियों और राष्ट्रीय स्तर की कंपनियों पर भी समान रूप से लाइसेंस और पंजीकरण नियम लागू करने की आवश्यकता बताई है।

व्यापारियों का कहना है कि पैक्ड खाद्य पदार्थों में किसी भी प्रकार की मिलावट या कमी के लिए खुदरा और थोक विक्रेताओं को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है, क्योंकि उत्पाद का निर्माण और पैकेजिंग कंपनियों द्वारा की जाती है। ऐसे मामलों में केवल निर्माता कंपनी को ही दोषी माना जाए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सैंपलिंग के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं किया जाता, कई बार सैंपल लिए गए सामान का भुगतान नहीं किया जाता और मौके पर आवश्यक प्रपत्र भी उपलब्ध नहीं कराए जाते, जिससे व्यापारियों में असंतोष बढ़ रहा है। व्यापारियों ने कृषि क्षेत्र में कीटनाशकों और रासायनिक खादों के अनियंत्रित उपयोग पर चिंता जताते हुए कहा कि दूषित उत्पादन के लिए केवल व्यापारियों को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है। उन्होंने खाद्य पदार्थों के मानकों की वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार पुनर्समीक्षा करने की मांग की है। इसके अतिरिक्त ऑनलाइन रिटर्न जमा न करने पर लगाई जा रही लेट फीस और जुर्माने को समाप्त करने तथा छोटे और मध्यम उद्योगों को राहत देने की भी मांग की गई है। व्यापारियों का कहना है कि नियमों में व्यावहारिक संशोधन कर ही व्यापार और उपभोक्ता हितों के बीच संतुलन स्थापित किया जा सकता है।



# एग्जाम देकर लौट रहे हाईस्कूल छात्रों को ट्रक की टक्कर, एक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना-पिलखुवा रोड पर बुधवार को उस समय दर्दनाक हादसा हो गया जब हाईस्कूल की परीक्षा देकर लौट रहे तीन छात्रों की बाइक को कंदौला प्रताप गेट के पास एक तेज रफ्तार छोटा हाथी वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में एक छात्र की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार जुबैर पुत्र इकबाल, अय्यान पुत्र फईम और रियान पुत्र वकील धौलाना बस स्टैंड स्थित पटेल स्मारक इंटर कॉलेज के छात्र हैं। तीनों मित्र हाईस्कूल का पेपर देने पिलखुवा के राजपूताना इंटर कॉलेज गए थे। परीक्षा समाप्त होने के बाद वे बाइक से वापस घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में तेज रफ्तार छोटा हाथी वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल धौलाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने जुबैर को मृत घोषित कर दिया, जबकि अय्यान और रियान की हालत गंभीर होने पर 108 एंबुलेंस से मेरठ हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। हादसे में छोटा हाथी चालक भी घायल हुआ है, जिसका उपचार सरकारी अस्पताल में चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। बेटे का शव देखते ही परिवार में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी अवनीश शर्मा ने बताया कि शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है और दुर्घटना के कारणों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



# पति पर लगाया हत्या के प्रयास का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव कल्याणपुर निवासी एक महिला ने अपने ही पति पर हत्या के प्रयास का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर लेकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जान शुरू कर दी है।

गांव निवासी सीमा ने बताया कि उसका पति शराब पीने का आदी है, प्रतिदिन शराब पीकर वह घर में क्लेश करता है। समय-समय पर पति उसके साथ मारपीट भी करता है। पति के उत्पीड़न वह पिछले काफी समय से सहन करती आ रही है। पीड़िता ने बताया कि 2 दिन पूर्व उसका पति शराब के नशे में होकर घर आया, उसने पति को शराब पीने से मना किया तो उसके पति ने चाकू से हमला करते हुए उसकी हत्या का प्रयास किया। पीड़िता ने जैसे तैसे कर अपने आप को बचाया। इस दौरान उसकी बेटी बीच बचाव में आई तो आरोपी ने बेटी के साथ भी मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## घर में घुसकर हमला करने का आरोप, मामले की जांच जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव नयागांव इन्यातपुर निवासी व्यक्ति ने गांव निवासी चार लोगों पर घर में घुसकर हमला करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी तारा चंद ने बताया कि उनके गांव में चार दिन पूर्व एसडीएम द्वारा मिट्टी खनन के मामले में कुछ ट्रैक्टर सीज किए थे। इसको लेकर ट्रैक्टर स्वामी ने उन पर शक जाहिर किया। इसको लेकर वह उसके परिवार से रंजिश रखने लगा। पीड़ित ने बताया कि सोमवार को आरोपी चार लोग उसके घर पर आए और गाली गलौज करने लगे। उसने ऐसा करने से मना किया तो आरोपियों ने उसके और उसके परिवार पर हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# डंपर से टकराया मिनी ट्रक चालक हुआ घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सरूरपुर के निकट कपड़ों की कतरन से भरा मिनी ट्रक आगे जा रहे डंपर से टकरा गया। हादसे में मिनी ट्रक का चालक घायल हो गया, जबकि ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के दौरान हाइवे पर भीषण जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जाम को खुलवाते हुए मिनी ट्रक को हाईवे से हटाकर सर्विस रोड पर खड़ी कराई।

जनपद अमरोहा निवासी शबाब अली मिनी ट्रक चलाते हैं। बुधवार की सुबह वह दिल्ली से कपड़ों की कतरन लेकर अमरोहा जा रहे थे। जैसे ही वह गढ़ कोतवाली के गांव सरूरपुर स्थित दिल्ली लखनऊ हाईवे पर पहुंचे तो वह अपना संतुलन खो बेटे पर गाड़ी आगे जा रही डंपर से टकरा गई। गाड़ी टकराने से वह घायल हो गए और गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। वही डंपर चालक अपनी गाड़ी लेकर फरार हो गया। हादसे के बाद हापुड़ की ओर से गढ़ की ओर जा रहे वाहनों की लंबी कतार लगने से जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भेज क्षतिग्रस्त गाड़ी को सर्विस रोड पर खड़ी करते हुए जाम को खुलवाने के काम किया।

## शराब पिलाकर नगदी और बाइक की चाबी निकालने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के मोहल्ला अंबेडकर नगर निवासी युवती ने बताया कि मंगलवार की रात को नगर निवासी एक व्यक्ति ने उसके पिता सुंदर सिंह को घर से बुला लिया। काफी देर तक जब उसके पिता घर वापस नहीं आए तो परिवार के लोगों को उनकी चिंता होने लगी। परिवार के लोगों ने उनको तलाश किया तो देखा कि उनके पिता नगर के जंगल में शराब के नशे में पड़े हुए थे। जानकारी करने पर पिता ने बताया कि उनको घर से बुलाने वाले युवक ने शराब पिलाने के बाद उनकी जेब से 5000 की नकदी और बाइक की चाबी निकाल ली । बेटी ने आरोपी युवक से शिकायत की तो आरोपी युवक ने उसके साथ गाली गलौज की। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है

## एक नजर

### दुष्कर्म का आरोपी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने महिला को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को चितौली कट, बुलंदशहर रोड क्षेत्र से पकड़कर न्यायिक प्रक्रिया शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी के अनुसार दर्ज मुकदमे में नामजद अभियुक्त वसीम पुत्र लियाकत, निवासी गली नंबर 2, मोहल्ला मजीदपुरा, थाना हापुड़ नगर, को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पर महिला को विवाह का विश्वास दिलाकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप है। मामले में पीड़िता की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था और आरोपी की तलाश की जा रही थी।बपुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को चितौली कट क्षेत्र से दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी से पूछताछ की गई और उसके विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### किसान नेता का आत्मदाह प्रयास नाकाम, पुलिस की मुस्तैदी से टला बड़ा हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** हापुड़ जनपद के गढ़मुक्तेश्वर थाना क्षेत्र में विभिन्न मांगों को लेकर चल रहे प्रदर्शन के दौरान एक किसान नेता द्वारा आत्मदाह का प्रयास किए जाने से हड़कंप मच गया। हालांकि मौके पर मौजूद पुलिस और किसान नेताओं की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया।

जानकारी के अनुसार भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के पदाधिकारी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान एक पदाधिकारी अचानक अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास करने लगा। घटना से मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिसकर्मियों ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए संबंधित व्यक्ति को पकड़कर अलग किया और उसके हाथ से पेट्रोल की केन छीन ली। मौके पर मौजूद अन्य किसान नेताओं ने भी समझाकर स्थिति को शांत कराया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से संभावित बड़ी घटना टल गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रदर्शन स्थल पर पहले से सुरक्षा व्यवस्था तैनात थी और जैसे ही आत्मदाह का प्रयास हुआ, पुलिस टीम ने संयम और सूझबूझ के साथ हस्तक्षेप कर व्यक्ति को सुरक्षित कर लिया। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय तक तनावपूर्ण स्थिति रही, जिसे पुलिस ने समझाइश और संवाद के माध्यम से नियंत्रित कर लिया।

# भारतीय किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भारतीय किसान संघ ब्लॉक अल्हैपुर के पदाधिकारियों ने बिजनौर जिले में मेरठ-पौड़ी हाईवे पर हेमराज कॉलोनी चौराहे के पास अंडरपास की मांग को लेकर लंबे समय से चल रहे धरना-प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों पर मुकदमे दर्ज किए जाने का विरोध जताया है। संगठन की ओर से मुख्यमंत्री एवं सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी अल्हैपुर के माध्यम से प्रेषित किया गया।

ज्ञापन में बताया गया कि हेमराज कॉलोनी चौराहे पर अंडरपास की मांग को लेकर ग्रामीण बीते लगभग नौ माह से शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन कर रहे थे। यह मांग क्षेत्रवासियों की सुरक्षा और आवागमन की सुविधा को देखते हुए पूरी तरह जायज है। इसके बावजूद अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिए जाने के बाद भी मांग पूरी नहीं की गई। संगठन का आरोप है कि एनएचएआई के अधिकारियों एवं जिला प्रशासन द्वारा कुछ राजनीतिक स्वार्थों एवं भूमाफियाओं के दबाव में आकर शांतिपूर्ण आंदोलन को बलपूर्वक हटाया गया।

किसान संघ ने आरोप लगाया कि आंदोलन कर रहे ग्रामीणों पर कई थानों की पुलिस फोर्स लगाकर कार्रवाई की गई और उन्हें जबरन नजरबंद किया गया। इसके साथ ही हेमराज कॉलोनी के निवासियों के खिलाफ मुकदमे दर्ज कराए गए, जिसे संगठन ने अन्यायपूर्ण और निंदनीय बताया है।

भारतीय किसान संघ मेरठ प्रांत एवं जनपद बिजनौर इकाई ने मांग की है कि इस पूरे प्रकरण में दोषी जिला प्रशासन एवं एनएचएआई अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए तथा ग्रामीणों पर दर्ज किए गए मुकदमे तत्काल वापस लिए जाएं। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि शासन-प्रशासन ने ग्रामीणों की मांगों को गंभीरता से नहीं लिया और दमनात्मक रवैया जारी रखा, तो भारतीय किसान संघ जनपद बिजनौर मेरठ प्रांत स्तर पर बड़ा आंदोलन करेगा, जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

ज्ञापन सौंपते समय ब्लॉक अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं कई किसान नेता मौजूद रहे। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि किसानों और ग्रामीणों की आवाज को दबाने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जरूरत पड़ी तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।




ग्रामीणों पर मुकदमे दर्ज होने का विरोध

# मोबाइल लूट का खुलासा



**नहटौर।** पुलिस ने दो दिन पहले हुई मोबाइल लूट की घटना का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। 16 फरवरी को ग्राम समसपुर निवासी परमवीर पुत्र करन सिंह ने नहटौर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि नहटौर-नूरपुर मार्ग पर अनवार के भट्टे के पास दो अज्ञात बाइक सवारों ने उसका मोबाइल छीन लिया था। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। बुधवार को उप-निरीक्षक राकेश मोहन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की। टीम ने माहू नंगली जाने वाले मार्ग पर घेराबंदी कर दो संदिग्धों को स्प्लेंडर प्लस बाइक के साथ पकड़ा। उनके पास से लूटा हुआ मोबाइल फोन बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान पिन्टू पुत्र सतपाल निवासी बम्बूगढ़, थाना अमरोहा देहात, जनपद अमरोहा और विशाल उर्फ गोलू पुत्र चन्द्रपाल सिंह निवासी खुशहालपुर, थाना मझौला, जनपद मुरादाबाद के रूप में हुई है। पुलिस टीम में उप-निरीक्षक राकेश मोहन, उप-निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, कांस्टेबल विक्रांत राणा और कांस्टेबल भजनलाल शामिल थे।

# रसैल वाइपर सांप मिलने से हड़कंप

## सर्प मित्र ने किया रेस्क्यू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** सलेमपुर रोड पर स्थित एक राइस मिल के पीछे उपलों के ढेर में एक जहरीला रसैल वाइपर सांप मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर सर्प मित्र बी भास्कर ने सांप का सुरक्षित रेस्क्यू किया।

जानकारी के अनुसार राइस मिल के पीछे काम कर रहे कुछ लोगो ने उपलों के बीच हलचल देखी। उन्होंने एक सांप को कुंडली मारे बैठे पाया, जिसकी पहचान बाद में रसैल वाइपर के रूप में हुई। सांप के दिखने से इलाके में चिंता फैल गई।

स्थानीय सर्प मित्र बी भास्कर को इसकी सूचना दी। बी भास्कर बिना देरी किए मौके पर पहुंचे और सांप की पहचान दुनिया के सबसे खतरनाक सांपों में से एक रसैल वाइपर के रूप में की। रसैल वाइपर अपनी फुर्ती और घातक जहर के लिए जाना जाता है। बी भास्कर ने अत्यधिक सावधानी और सूझबूझ का परिचय देते हुए लगभग आधे घंटे की मशक्कत के बाद सांप को सुरक्षित पकड़ लिया। सांप के पकड़े जाने के बाद पास के लोगों ने राहत की सांस ली। सर्प मित्र बी भास्कर ने बताया कि रसैल वाइपर का जहर इंसान के लिए जानलेवा होता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि सांप दिखने पर उसे मारने के बजाय विशेषज्ञ को सूचित करें।

# घर में घुसकर छात्र पर हमला

**हल्दौर।** गांव हरदासपुर गढ़ी में बीती शाम एक छात्र के घर के अंदर घुसकर हमला कर घायल कर दिया।

गांव हरदासपुर गढ़ी निवासी मनीष कुमार पुत्र वीर सिंह हल्दौर के एक विद्यालय में कक्षा दस का छात्र है। बताया जा रहा है कि घटना के समय वह घर पर अकेला मौजूद था, जबकि परिवार के अन्य सदस्य पशुओं के लिए चारा लेने बाहर गए हुए थे। इसी दौरान कुछ लोग घर में घुस आए और उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में छात्र घायल हो गया। परिजनों को घटना की सूचना मिलने पर वे तत्काल मौके पर पहुंचे और घायल को उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया।

# कृष्णा में विधिक साक्षरता शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिजनौर।** कृष्णा कालेज ऑफ लॉ, बिजनौर में आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिजनौर के तत्वावधान में एक विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ अंशुमन धुन्ना, सिविल जज, (सीनियर डिविजन) प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिजनौर, महाविद्यालय संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, लॉ प्राचार्य डा. परवेज अहमद खां ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। जिसमें विधि विद्यार्थियो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। श्री धुन्ना ने विद्यार्थियो को विधिक सेवा दिवस की बधाई देते हुए यह बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिजनौर द्वारा गत वर्ष अनगिनत लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराता है और उन्होंने विद्यार्थियो को 'नालसा एक्ट' के बारे में बताया तथा निःशुल्क विधिक सहायता के सम्बन्ध में सरकार द्वारा किये गये प्रयासों के बारे में जानकारी दी और उन्होंने बताया कि 22 फरवरी को प्रातः 10.00 बजे से आर.जे.पी. इण्टर कॉलेज, बिजनौर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिजनौर के द्वारा मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जायेगा। विभागाध्यक्ष प्रदीप राठौर ने यह बताया कि महाविद्यालय में प्रत्येक शनिवार को निःशुल्क विधि स्थायी रूप से लीगल एड क्लीनिक की स्थापना की गई है, जिसमें कोई भी व्यक्ति प्रत्येक शनिवार उपस्थित होकर निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकता है। प्रवक्ता डा. एम. ए. खान ने विद्यार्थियों को यह अवगत कराया कि विधिक सेवा प्रदान करने के पीछे मुख्य आधार विधि शास्त्र में पाया जाता है।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# संदिग्ध हालत में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

■ पत्नी ने हत्या का आरोप का आरोप लगाते हुए पुलिस को दी तहरीर





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नजदीकी गांव ईंधजागीर की बस्ती शक्तिमान के रहने वाले मजदूर बबलू ने वुधवार को फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने स्थल पर जाकर जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया।

रुद्रपुर में अपनी पत्नी फूला के साथ रहकर मजदूरी कर रहे बबलू 17 फरवरी को रुद्रपुर से राशन लेने अपने घर आया था। वह दो भाई है, छोटा भाई गुजरात में रहकर मजदूरी करता है, पिता वसन्त कावे से निकले हाईवे पर चौकीदारी का काम करता है। बुधवार की सुबह को बबलू कमरा बन्द कुंडे में चुन्नी डालकर फंदे पर लटक गया, और अपनी जिन्दगी खत्म कर ली। सूचना पर पहुंची फॉरेंसिक टीम के साथ ही पुलिस ने घटना की जांच की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

दूसरी ओर रुद्रपुर से अपने घर पहुंची पत्नी फूला ने घटना को आत्म हत्या न बताए हुए इसे हत्या बताया। कहा उसकी शादी को 6 साल हो गए हैं, लेकिन वह अभी भी निसंतान है। वर्तमान में वह 4 माह की गर्भवती है, जब से उसके ससुराल के लोगों को इसका पता चला है तब से वह उनकी और पति की हत्या करने की साजिश करने में लगे हैं। पत्नी फूला ने पुलिस को दी तहरीर में पति की हत्या कर शव फांसी पर लटकाए जाने का आरोप लगाया है। कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है, रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही की जाएगी।

# प्रताड़ना से तंग विवाहिता ने पिया कीटनाशक, मौत

■ दहेज उत्पीड़न और मारपीट का आरोप, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद होगी कार्रवाई





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** ससुराल पक्ष की कथित प्रताड़ना से परेशान होकर एक विवाहिता ने कीटनाशक पी लिया। हालत बिगड़ने पर उसे पहले जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, और बाद में गंभीर स्थिति में दिल्ली रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दिल्ली पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मामले में विवाहिता की मां ने पति समेत ससुराल पक्ष के कई लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

शाही थाना क्षेत्र के गांव बिहारीपुर निवासी सलता देवी ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री रिंकी की शादी करीब दो वर्ष पूर्व ऐंठपुरा गांव में की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज को लेकर उनकी बेटी को ताने देते थे।

कुछ समय से उसके साथ अभद्रता करने के साथ-साथ मारपीट भी की जा रही थी, जिससे वह मानसिक रूप से काफी परेशान रहने लगी थी। बताया गया कि लगातार हो रही मारपीट और मान. सिक प्रताड़ना से तंग आकर रिंकी ने करीब 15 दिन पहले कीटनाशक पी लिया था। परिजन उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे दिल्ली रेफर कर दिया। दिल्ली के एक सरकारी अस्पताल में इलाज के दौरान 15 फरवरी को उसकी मौत हो गई।

मृतका की मां ने पुलिस को तहरीर देकर पति, सास, ससुर, जेठानी और देवरानी पर दहेज उत्पीड़न और मारपीट के आरोप लगाए हैं। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है, और रिपोर्ट के अनुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

> विवाहिता का पोस्टमार्टम दिल्ली में कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> **पवन कुमार सिंह**
> **कोतवाल बहेड़ी**

## एक नजर

# बहोर नगला में किसानों को किया गया बीज वितरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव बहोर नगला में फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के तत्वाधान में कंपनी के कार्यालय पर किसानों के हित में बीज वितरण कैंप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व ब्लॉक प्रमुख विनोद कुमार दिवाकर के सहयोग से जिला उद्यान विभाग द्वारा खीरा, मिर्च, टमाटर एवं प्याज के उन्नत किस्म के बीज किसानों को वितरित किए गए।

कैंप में उपस्थित अधिकारियों ने किसानों को सब्जी फसलों की उन्नत खेती, समय पर बुवाई, सिंचाई प्रबंधन एवं रोग नियंत्रण के संबंध में आवश्यक जानकारी भी दी। किसानों को बताया गया कि उन्नत बीजों के उपयोग से उत्पादन में वृद्धि होगी और आय में सुधार संभव है।

बीज प्राप्त करने वाले लाभार्थी किसानों में नत्थू लाल, गंगाराम, पूरन लाल, शमीम, गौरी शंकर, भीम सेन, कपिल कुमार, रामपाल, कैलाश गंग. वार, अतुल गंगवार, नीतीश माथुर, वीरेंद्र दिवाकर जतिन कुमार प्रमुख रूप से शामिल रहे।

किसानों ने इस पहल के लिए बहोर नगला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के पूर्व ब्लॉक प्रमुख विनोद कुमार दिवाकर तथा जिला उद्यान विभाग का आभार व्यक्त किया। ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार के आयोजनों से किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जुड़ने और बेहतर उत्पादन प्राप्त करने में सहायता मिल रही है।

# छात्र के साथ बेरहमी से की मारपीट, आरोपी पर जान से मारने की धमकी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** क्षेत्र के एक प्राथमिक विद्यालय में मामूली बात पर बच्चों के विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। एक छात्र के साथ कथित रूप से बेरहमी से मारपीट कर उसे बेहोश कर देने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम जटपुरा उर्फ मुगलपुर निवासी हरीश कुमार पुत्र गिरधारी लाल ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका 9 वर्षीय भतीजा दिपांशु गांव के प्राथमिक विद्यालय में पढ़ता है। बुधवार की सुबह विद्यालय में पढ़ाई के दौरान दिपांशु का एक छात्रा से मामूली विवाद हो गया। आरोप है कि छात्रा अपने परिजन को बुला लाई, जिन्होंने विद्यालय पहुंचकर दिपांशु के साथ बेरहमी से मारपीट की, जिससे वह बेहोश हो गया। प्रधानाध्यापक धनश्याम शर्मा ने बच्चे को बेहोशी की हालत में देखा तो उन्होंने तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना दी और स्वयं घायल छात्र को उपचार के लिए मीरगंज अस्पताल ले गए।

पीड़ित के चाचा हरीश कुमार का आरोप है कि जब वह अस्पताल पहुंचे तो आरोपी ने उनके साथ गाली-गलौच की और कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# चोरी की बाइक के साथ युवक दबोचा, रुद्रपुर से हुई थी चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना मीरगंज पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद की है, जो उत्तराखंड के रुद्रपुर जनपद उधम सिंह नगर से चोरी हुई थी।प्रभारी निरीक्षक संजय तोमर के नेतृत्व में पुलिस टीम मंगलवार की रात नथपुरा रोड पर संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक युवक को रोककर जांच की गई। पूछताछ और वाहन की जांच में उसके पास से चोरी की स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद हुई।पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम संतोष कुमार पुत्र रामचरन लाल, निवासी ग्राम असदनगर थाना मीरगंज बताया। पुलिस जांच में पुष्टि हुई कि उक्त मोटरसाइकिल रुद्रपुर क्षेत्र से चोरी हुई थी, जहां इस संबंध में पहले से मुकदमा दर्ज है।

आरोपी ने बताया कि उसने यह बाइक करीब तीन महीने पहले सूरज पुत्र घनश्याम निवासी मोहल्ला राजेंद्र नगर, कस्बा मीरगंज से खरीदी थी। पुलिस ने संबंधित व्यक्ति की तलाश शुरू कर दी है।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक संजय तोमर, चौकी इंचार्ज पंकज कुमार, उपनिरीक्षक महेश कुमार तथा कांस्टेबल विवेक शर्मा शामिल रहे।

# विधानसभा में अताउर्रहमान ने उठाई बहेड़ी क्षेत्र की अहम समस्याएं

■ मेडिकल कॉलेज, ओव. रब्रिज, गन्ना भुगतान, हाउस टैक्स में कमी समेत कई मुद्दों पर सरकार का ध्यान खींचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में बहेड़ी से विधायक एवं पूर्व मंत्री अताउर्रहमान ने अपने क्षेत्र की जनसमस्याओं को मजबूती से उठाते हुए किसानों, युवाओं और आम जनता से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया।

समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव अताउर्रहमान ने सदन में किसानों के गन्ने के बकाया भुगतान का मुद्दा प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि किसानों को समय पर भुगतान न मिलने से उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कताई मिल की खाली पड़ी जमीन पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना की मांग की। उन्होंने रिछा रेलवे क्रॉसिंग और केसर मिल रेलवे क्रॉसिंग पर ओव. रब्रिज निर्माण की आवश्यकता बताते हुए कहा कि इन स्थानों पर आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है, जिससे लोगों को भारी असुविधा होती है। इसके साथ ही बहेड़ी रेलवे स्टेशन पर एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म तक सुरक्षित आवागमन के लिए फुट ओवर ब्रिज बनाने की मांग भी रखी।

विधायक ने प्रदेश की आपातक. ालीन सेवा 112 नंबर की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि समाजवादी सरकार के समय 100 नंबर सेवा गरीबों के लिए बेहद प्रभावी थी और पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचती थी, लेकिन वर्तमान में 112 नंबर सेवा की कार्यशैली और भ्रष्टाचार को लेकर शिकायतें सामने आ रही हैं। उन्होंने बहेड़ी नगर पालिका द्वारा लगाए गए अधिक हाउस टैक्स का मुद्दा भी सदन में उठाया और इसकी जांच कराकर टैक्स कम करने की मांग की। साथ ही क्षेत्र के छात्रों और युवाओं के लिए स्टेडियम निर्माण की आवश्यकता बताते हुए कहा कि इससे युवाओं को खेल के बेहतर अवसर मिल सकेंगे।

इसके अलावा विधायक ने बहेड़ी क्षेत्र में संचालित 100 से अधिक राइस मिलों के लिए एक्सपोर्ट प्वाइंट स्थापित करने की मांग करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र के व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। उन्होंने महंगाई, बेरोजगारी और आम जनता की मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर भी सरकार से ठोस कदम उठाने की अपील की।

अपने संबोधन के अंत में अताउर्रहमान ने एक शेर पढ़ते हुए कहा ष्उसने पढ़ा करोड़ों का एवान में बजट, लेकिन उदास लोगों के चेहरे नहीं पढ़े। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान ही सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए, और वे क्षेत्र की जनता की आवाज सदन में उठाते रहेंगे।

# सड़क सुरक्षा माह के तहत भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** बुधवार को राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज में भारत सरकार द्वारा संचालित यातायात सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा क्लब की ओर से भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एस. के. सिंह के निर्देशन में संपन्न हुआ।कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी डॉ. मोहम्मद आतिफ खान ने किया। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के पालन, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा आपात स्थिति में घायलों की सहायता के प्रति जागरूक किया गया। वक्ताओं ने सुरक्षित ड्राइविंग, हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग तथा ट्रैफिक नियमों के महत्व पर अपने विचार रखे।इस अवसर पर प्रोफेसर विजय बहादुर बिष्ट, डॉ. मनोज कुमार शर्मा, डॉ. आलोक त्रिपाठी, डॉ. शिव प्रताप सिंह प्रभारी, रोवर एवं रेंजर्स, बी.के. पद्मान, वीरेंद्र शर्मा सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे।

# विकास भवन सभागार में किसान दिवस सम्पन्न



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** विकास भवन सभागार में उप कृषि निदेशक, बरेली की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप कृषि निदेशक द्वारा संबोधन के साथ किया गया। इसके पश्चात अधोहस्ताक्षरी द्वारा विगत माह आयोजित किसान दिवसों में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की बिंदुवार जानकारी प्रस्तुत की गई।

बैठक के दौरान किसानों की समस्याओं को विस्तार से सुना गया। सर्वप्रथम कृषक प्रताप सिंह, भारतीय किसान यूनियन (शंकर) ने ग्राम रहटुईया, तहसील आंवला में मनरेगा, विद्युत विभाग, ग्राम प्रधान एवं पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा कराए जा रहे सड़क निर्माण कार्य के संबंध में अवगत कराया। उन्होंने मांग की कि सड़क निर्माण ग्रामीण क्षेत्र से होकर जा रहा है, जिस पर राजस्व विभाग द्वारा पैमाइश कराकर अतिक्रमण हटवाया जाए। कृषक एमपी सिंह ने विद्युत विभाग की समस्या उठाते हुए बताया कि ग्राम खनगवां श्याम में बिना मीटर के 600 रुपये का बिल जारी कर दिया गया है। इस पर संबंधित विभाग से आवश्यक कार्रवाई की अपेक्षा जताई गई। कार्यक्रम के अंत में जिला कृषि अधिकारी के संबोधन के उपरांत धन्यवाद ज्ञापित करते हुए किसान दिवस के समापन की घोषणा की गई। इस अवसर पर जनपद के प्रगतिशील कृषकों के साथ कृषि विभाग, विद्युत विभाग, सिंचाई विभाग, उद्यान विभाग, नलकूप विभाग, गन्ना विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## ईओ बहेड़ी के खिलाफ शिकायत, अध्यक्ष को ज्ञापन

बैठक के दौरान बहेड़ी के समा. जसेवी शिवकुमार शर्मा ने नगर पालिका परिषद बहेड़ी की अधिशासी अधिकारी के संबंध में कथित गैर-जिम्मेदारी एवं शोषण के मुद्दे को उठाते हुए अध्यक्ष को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने नगर क्षेत्र से जुड़े मामलों में उचित कार्रवाई एवं जांच कराए जाने की मांग की।

# आधी रात गोलियों की तड़तड़ाहट से कांपा इलाका, युवा मोर्चा नेता के घर बदमाशों की फायरिंग

■ कार और गेट पर लगी गोली, मां बाल-बाल बचीं, पहले भी कई बार घेरने का लगाया आरोप, पुलिस जांच में जुटी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री के घर आधी रात को कार सवार बदमाशों ने फायरिंग कर इलाके में सनसनी फैला दी। बदमाशों ने ताबड़तोड़ दो फायर किए, जिनमें एक गोली उनकी कार में और दूसरी घर के मुख्य गेट पर जा लगी। घटना के वक्त घर में मौजूद उनकी मां बाल-बाल बच गईं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे।

मिली जानकारी के अनुसार, जाजूनागर निवासी अक्षय मंगलम, जो भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा में जिला महामंत्री हैं, देर रात जरूरी काम से लौटकर अपने घर पहुंचे थे। उन्होंने अपनी कार घर के बाहर खड़ी की और जैसे ही अंदर गए, तभी अचानक बाहर से पिस्टल से फायर कर दिया गया। पहली गोली उनकी कार में लगी। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाते, बदमाशों ने दूसरा फायर कर दिया, जो सीधे उनके घर के गेट पर जा लगा।

फायरिंग की आवाज से पूरे मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। परिवार के लोग दहशत में आ गए। अक्षय मंगलम ने बताया कि बदमाश एक स्विफ्ट कार में सवार थे और उन्हें रास्ते से ही पीछा करते हुए आए थे। जैसे ही वह घर के अंदर गए, बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गए।

पीड़ित नेता ने मोहल्ले के ही एक युवक पर फायरिंग कराने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि आरोपी पहले भी तीन बार उन्हें घेर चुका है और जान से मारने की धमकी दे चुका है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पहले भी पुलिस से शिकायत की गई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि बदमाशों की पहचान की जा सके। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

इस सनसनीखेज वारदात के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है, जबकि राजनीतिक गलियारों में भी घटना को लेकर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है।

> मामला संदिग्ध लग रहा है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे चेक कर रही है, अभी मामले की जांच की जा रही है, जांच होने के बाद आगे की कारवाही की जाएगी।
>
> **पवन कुमार**
> **कोतवाल बहेड़ी**

# पुलिस चौकी से चन्द कदम दूरी पर शराब की दुकान में हुई चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के ग्राम कुंडरा कोठी स्थित अंग्रेजी शराब व बीयर की दुकान में बीती रात अज्ञात चोरों ने धावा बोलते हुए नकदी सहित शराब चोरी कर ली। पीड़ित दुकानदार की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रिछा-जहानाबाद मार्ग पर कुंडरा कोठी पुलिस चौकी से चन्द कदम दूरी पर स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान से चोर नकदी और शराब की बोतलें चुराकर ले गए। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम कचनारी गौंटिया के रहने वाले विकास कुमार पुत्र रमेश चंद्र ने बताया कि वह कुंडरा कोठी में अंग्रेजी शराब व बीयर की दुकान पर सेल्समैन है। हर रोज की तरह वह दुकान बन्द कर अपने घर चला गया था। 16-17 फरवरी की रात अज्ञात चोर दुकान का आधा शटर खोलकर अंदर घुस गए, और गल्ले में रखी करीब 33,600 रुपये की बिक्री की रकम, सेल्समैन द्वारा दी गई लगभग 71,200 रुपये की नकदी तथा दुकान में रखी विभिन्न ब्रांड की शराब चोरी कर ले गए। सुबह जब वह दुकान पर पहुंचे तो शटर खुला मिला और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। चोरी गए सामान में बीयर व अंग्रेजी शराब की कई बोतलें शामिल हैं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच की। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# डीएम ने जनता दर्शन में सुनीं समस्याएं

■ संबंधित अधिकारियों को ससमय व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के सख्त निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह ने बुधवार को प्रात: 10 बजे से 12 बजे के मध्य कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में जनसामान्य की समस्याओं को गंभीरता के साथ सुना। प्रत्येक दिवस की भांति आयोजित इस जनसुनवाई में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी विभिन्न समस्याओं और शिकायतों को लेकर पहुंचे।

जनता दर्शन के दौरान डीएम ने एक-एक शिकायतकर्ता को बुलाकर उसकी समस्या को विस्तार से सुना, तथा संबंधित प्रार्थना पत्रों को मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को मार्क करते हुए ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शासन की मंशा है कि आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाए और उनका शत-प्रतिशत समाधान सुनिश्चित किया जाए।

डीएम ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता न हो, बल्कि उसका वास्तविक और स्थायी समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रकरण में यह सुनिश्चित किया जाए कि शिकायतकर्ता समाधान से संतुष्ट हो। यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी।

डीएम ने भूमि से संबंधित मामलों पर विशेष ध्यान देते हुए निर्देश दिए कि ऐसे विवादों का निस्तारण पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा तत्काल मौके पर जाकर कराया जाए, ताकि विवाद लंबित न रहें और कानून-व्यवस्था प्रभावित न हो।

## बच्चे को दुलार कर दी चॉकलेट



जनसुनवाई के दौरान एक शिकायतकर्ता अपने छोटे बच्चे के साथ उपस्थित हुआ। डीएम ने बच्चे को स्नेहपूर्वक दुलार किया और उसे चॉकलेट भेंट की। इस मानवीय पहल से उपस्थित लोगों में सकारात्मक संदेश गया, और प्रशासन की संवेदनशील कार्यशैली की झलक देखने को मिली।

डीएम ने दोहराया कि जनसुनवाई शासन की महत्वपूर्ण व्यवस्था है, जिसके माध्यम से आमजन को सीधे प्रशासन तक अपनी बात रखने का अवसर मिलता है। अत: सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो तथा अनावश्यक विलंब न होने पाए।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षार्थियों की एंट्री, सीसीटीवी निगरानी में नकलविहीन परीक्षा संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं बुधवार से शुरू हो गईं।

क्षेत्र के राजेंद्र प्रसाद इंटर कॉलेज, कमला देवी मेमो. रियल इंटर कॉलेज, स्वामी दयानंद सरस्वती विद्या मंदिर तथा ब्रह्मा देवी बालिका इंटर कॉलेज में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। पहले दिन प्रथम पाली में हाईस्कूल के विद्यार्थियों की हिन्दी विषय की परीक्षा आयोजित की गई।सुबह से ही परीक्षा केंद्रों पर चहल-पहल रही और परीक्षार्थियों में उत्साह देखने को मिला। छात्र-छात्राएं सुबह 6:30 बजे से ही केंद्रों पर पहुंचने लगे थे। प्रवेश से पूर्व सभी की सघन चेकिंग की गई तथा प्रश्नपत्रों की जांच के बाद ही कक्षों में भेजा गया। नकलविहीन एवं सुचितापूर्ण परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी केंद्रों पर वॉयस रिकॉर्डर युक्त सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है।

विद्यालयों की दीवारों पर चस्पा सूची में छात्र-छात्राएं अपना नाम और कक्ष संख्या तलाशते नजर आए।राजेंद्र प्रसाद इंटर कॉलेज से परीक्षा देकर निकली आस्था गुप्ता ने बताया कि पेपर बहुत बढ़िया रहा। शुरुआत में थोड़ी घबराहट थी, लेकिन पढ़ा हुआ ही प्रश्नपत्र में आया। नैना ने कहा कि पेपर आसान था और उन्होंने सभी प्रश्न हल किए। पल्लवी सिंह ने बताया कि प्रश्नपत्र में 20 प्रश्न थे, जिन्हें उन्होंने पूरा कर लिया। दीक्षा ने भी पेपर को अच्छा बताते हुए कहा कि प्रश्न ज्यादा कठिन नहीं थे।पहले दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई और अधिकांश विद्यार्थियों ने हिन्दी के पेपर को संतोषजनक बताया।



# वृद्धाश्रम में किया गया जागरुकता शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार तथा कार्यपालक अध्यक्ष/वरिष्ठ न्यायामूर्ति, उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुमोदनोपरान्त आम जनता के विधिक सशक्तीकरण हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली द्वारा आगामी 22 फरवरी को मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन जीआईसी ऑडिटोरियम, बरेली में किया जा रहा है। जनपद न्यायाधीश, बरेली प्रदीप कुमार सिंह, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली के निर्देशानुसार उक्त मेगा/ वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के सफल आयोजन के सम्बन्ध में पुन: प्री-शिविर का आयोजन वृध्दाश्रम, लाल फाटक, बरेली में किया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली द्वारा बताया गया कि आगामी 22 फरवरी को आयोजित मेगा शिविर में समस्त विभागों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा, जो अपने-अपने विभागों से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण करेंगे, एवं जरुरतमन्द व्यक्तियों का पंजीकरण करेंगे। उक्त शिविर जागरुकता शिविर में जिला चिकित्सालय से चिकित्सकों की एक टीम द्वारा प्रतिभाग कर वृध्दाश्रम, बरेली में निवासरत वृध्दों की स्वास्थ्य सम्बन्धी जांच की गयी, तथा दवाओं का निशुल्क वितरण किया गया।

# शांतिपूर्ण माहौल में शुरू हुई बोर्ड परीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** बोर्ड परीक्षा दे रहे छात्र-छात्राओं में बोर्ड फोबिया एवं मानसिक तनाव को दूर करने के उद्देश्य से यूनिक मॉडल इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर सराहनीय पहल की गई। परीक्षा केंद्र पर पहुंचने वाले विद्यार्थियों का फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया, जिससे बच्चों में उत्साह और आत्मविश्वास देखने को मिला। बोर्ड परीक्षाओं की विधिवत शुरुआत आज से हो गई। पहले दिन पहली पाली में प्रात: 8:30 बजे से 11:45 बजे तक हाईस्कूल हिंदी विषय की परीक्षा संपन्न हुई। वहीं दूसरी पाली में अपराह्न 2:00 बजे से 5:00 बजे तक इंटरमीडिएट हिंदी एवं हिंदी सामान्य वर्ग की परीक्षा कराई गई।

# मसवासी बाईपास निर्माण की मांग सदन में गूंजी

## विधायक शफीक अंसारी ने उठाया मुद्दा कहा जल्दी निर्माण जरूरी

शाह टाइम्स

**रामपुर।** स्वार विधानसभा क्षेत्र से विधायक शफीक अंसारी ने विधानसभा सत्र के दौरान मसवासी बाईपास निर्माण का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि मसवासी कस्बे में भारी वाहनों के बढ़ते दबाव के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनती है और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। विधायक ने सरकार से मांग की कि मसवासी बाईपास परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर



स्वीकृति प्रदान की जाए और इसके लिए शीघ्र बजट जारी किया जाए। उनका कहना था कि बाईपास बनने से कस्बे के भीतर ट्रैफिक का दबाव कम होगा, व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और आम जनता को राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के लोग लंबे समय से बाईपास निर्माण की मांग कर रहे हैं। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और दुकानदारों को रोजाना जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। विधायक ने उम्मीद जताई कि सरकार जनहित को ध्यान में रखते हुए जल्द सकारात्मक निर्णय लेगी।

# फारुख हत्याकांड: नीरज रस्तोगी ने ली हाईकोर्ट की शरण

शाह टाइम्स

**रामपुर।** अधिवक्ता फारुख अहमद की दिनदहाड़े हत्या के मामले में नामजद जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी नीरज रस्तोगी ने हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है। गिरफ्तारी पर रोक की मांग के साथ दायर इस याचिका का स्टेटस सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद स्थानीय अधिवक्ताओं में आक्रोश बढ़ गया है। 11 फरवरी को जिला पंचायत कार्यालय में फारुख अहमद की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में लिपिक असगर अली के साथ नीरज रस्तोगी को भी नामजद किया गया है। घटना के बाद से वकील लगातार आंदोलन कर रहे हैं और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि याचिका पर जल्द सुनवाई हो सकती है। वहीं, केस से जुड़ा स्टेटस वायरल होने के बाद अधिवक्ताओं ने कड़ी नाराजगी जताई है।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 152 लोगों की जांच, हेपेटाइटिस-बी के 3 मामले मिले प्रतिक्रियाशील

शाह टाइम्स

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी के निर्देश पर बुधवार को चेतना सेवा संस्थान, रामपुर द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आमजन को सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना तथा एचआईवी, क्षय रोग और हेपेटाइटिस जैसी बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। शिविर में कुल 152 लोगों की जांच की गई, जिनमें 56 पुरुष, 96 महिलाएं तथा 13 गर्भवती महिलाएं शामिल रहीं। इस दौरान एचआईवी, उपदंश (सिफलिस), हेपेटाइटिस-बी, हेपेटाइटिस-सी और रक्त शर्करा (शुगर) की निःशुल्क जांच की



गई। जांच के दौरान हेपेटाइटिस-बी के 3 मामले प्रतिक्रियाशील पाए गए, जिनमें 1 महिला और 2 पुरुष शामिल हैं। सभी प्रभावित व्यक्तियों को आवश्यक परामर्श देकर आगे की जांच एवं उपचार के लिए संबंधित स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा गया। कार्यक्रम में जिला क्षय रोग अधिकारी, जिला क्षय केंद्र का स्टाफ तथा दिशा क्लस्टर मुरादाबाद की परियोजना प्रबंधक विनीता पांडेय मौजूद रहीं। चेतना सेवा संस्थान के परियोजना प्रबंधक अंकित गुलाटी एवं समस्त स्टाफ ने शिविर के सफल संचालन में सहयोग प्रदान किया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया और स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना।

# दहेज हत्या का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

## पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में किया पेश

शाह टाइम्स

**स्वार।** कोतवाली पुलिस ने दहेज हत्या के एक मामले में वांछित अभियुक्त जुनैद को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे अपराध विरोधी अभियान के तहत की गई। यह मामला बीती 16 फरवरी 2026 को थाना अजीम नगर क्षेत्र के कुचेटा निवासी जलील अहमद द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर दर्ज किया गया था। तहरीर में बताया गया था कि जुनैद पुत्र जाकिर अली और उसके परिवार के तीन अन्य सदस्यों आजम, इल्मा, मुरसलीन ने पीड़ित की बेटी मुमताज को दहेज में एक स्कॉर्पियो कार और 20 लाख रुपये की मांग



को लेकर प्रताड़ित किया। आरोप है कि उन्होंने गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी और शव को पंखे से लटका दिया। इस संबंध में थाना स्वार पर धारा 85/80(2)/351(3) बीएनएस व 3/4 दहेज अधिनियम के तहत जुनैद सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया था। अपर पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र के कुशल पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी स्वार के निर्देशन में बुधवार को थाना स्वार पुलिस ने विवेचना के दौरान जुनैद पुत्र जाकिर अली निवासी ग्राम इमरताराय भूकापुर, थाना स्वार, जनपद रामपुर को झाड़ू फैक्ट्री से आगे कब्रिस्तान के पास, मोहल्ला चक स्वार से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अभिनव देशवाल, महिला उपनिरीक्षक नेहा सहरावत, कांस्टेबल नितेश कुमार और कांस्टेबल पवन कुमार शामिल रहे।

# पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित



शाह टाइम्स

**रामपुर।** पुलिस कार्यालय में बुधवार को क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा प्रतिदिन की भांति जनसुनवाई की गई। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें अधिकारी के समक्ष रखीं। क्षेत्राधिकारी नगर ने सभी प्रकरणों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। जनसुनवाई में भूमि विवाद, पारिवारिक मामले, मारपीट एवं अन्य शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# जिला अस्पताल में ईएनटी डॉक्टर की मांग, टेक्नीशियन पर रिश्वत के आरोप

शाह टाइम्स

**रामपुर।** आल इंडिया विकलांग सेवा संगठन के राष्ट्रीय महासचिव सिफात अली खान ने जिलाधिकारी रामपुर को पत्र भेजकर जिला चिकित्सालय रामपुर में ईएनटी चिकित्सक/सर्जन की नियुक्ति की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में ईएनटी डॉक्टर न होने के कारण मूक-बधिर दिव्यांगों के प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे हैं और उन्हें मुरादाबाद रेफर किया जाता है, जहां जांच के नाम पर उन्हें परेशान किया जाता है। पत्र में मांग की गई है कि या तो संविदा/निविदा पर ईएनटी चिकित्सक नियुक्त किया जाए या फिर प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय सोमवार को मुरादाबाद के ईएनटी डॉक्टर को रामपुर दिव्यांग बोर्ड में बैठाया जाए, ताकि मूक-बधिर दिव्यांगों के प्रमाण पत्र आसानी से बन सकें। वहीं संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जयसिंह सैनी ने मुरादाबाद मंडल के कमिश्नर को पत्र लिखकर जिला चिकित्सालय मुरादाबाद के ईएनटी डॉक्टर के कार्यालय में कार्यरत एक महिला टेक्नीशियन पर मूक-बधिर दिव्यांगों के उत्पीड़न और रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। पत्र में कहा गया है कि रामपुर से रेफर किए गए दिव्यांगों को कई-कई मंगलवार बुलाया जाता है और अनावश्यक रूप से परेशान किया जाता है। आरोप है कि जो व्यक्ति रिश्वत दे देता है, उसकी जांच एक ही बार में कर प्रतिशत्ता दर्ज कर दी जाती है। श्री सैनी ने एक माह के भीतर संबंधित महिला टेक्नीशियन के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। कार्रवाई न होने की स्थिति में जिला चिकित्सालय मुरादाबाद पर धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी गई है।

# शाहबाद में दिखा रमजान का चांद मुस्लिम समुदाय ने दी मुबारकबाद, आज से पहला रोजा



शाह टाइम्स
जहीर खान

**शाहबाद।** बुधवार शाम को रमजान उल मुबारक का चांद देखा गया। इसके साथ ही मुस्लिम समुदाय ने एक-दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दी और गुरुवार से पहला रोजा शुरू हो गया।चांद दिखने के बाद ईशा की नमाज के बाद मस्जिदों में तरावीह का विशेष आयोजन किया गया। गुरुवार सुबह लोगों ने सहरी खाकर अपना पहला रोजा रखा उल्लेखनीय है कि सऊदी अरब और खाड़ी देशों में रमजान का चांद मंगलवार को ही दिख गया था, जिसके बाद वहां बुधवार को पहला रोजा रखा गया था। हालांकि, भारत में चांद का दीदार बुधवार को हुआ, इसलिए देश के अधिकांश हिस्सों में पहला रोजा गुरुवार को रखा गया।इस अवसर पर ईदगाह कमेटी के सदर साजिद मियां, कोषाध्यक्ष इंतखाब अली, उप कोषाध्यक्ष सैयद सरफराज अली, सदस्य अनफाल मियां, नाहिद मियां और सिफत मियां ने नगरवासियों को रमजान उल मुबारक की मुबारकबाद दी।शहरी इमाम मोहम्मद सलमान ने भी नगर के लोगों को रमजान की मुबारकबाद देते हुए कहा कि यह महीना रहमतों और बरकतों का है। उन्होंने सभी मुसलमानों से इस महीने में खूब इबादत करने और रोजा रखने का आह्वान किया।

# जामा मस्जिद रामपुर में चांद देखने का हुआ एहतमाम

## रमजान उल मुबारक का चांद आया नजर रोजे और तरावीह शुरू

शाह टाइम्स

**रामपुर।** बरोज बुध को जामा मस्जिद रामपुर में हजरत किब्ला काजी-ए-शहर सैयद अहमद अली उर्फ खुश्नूद मियां साहब की कियादत में माह-ए-रमजान उल मुबारक का चांद देखने का एहतमाम किया गया। शहर के उलेमा-ए-किराम, मुस्लिम समाज के गणमान्य लोग और बड़ी तादाद में अकीदतमंद इस मौके पर मौजूद रहे। अलहम्दुलिल्लाह, चांद नजर आ गया है। ऐलान किया गया कि कल बरोज जुमेरात रमजान शरीफ की पहली तारीख होगी। इसके साथ ही आज रात से ही मस्जिदों में इशा की नमाज के बाद तरावीह का सिलसिला शुरू हो जाएगा और कल से मुसलमान रोजा रखेंगे। चांद की तस्दीक होते ही शहर भर की मस्जिदों में रौनक बढ़



गई। घरों और बाजारों में भी खास तैयारियां देखी गईं। लोगों ने एक-दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दी। मस्जिदों में साफ-सफाई, इबादत की व्यवस्था और तरावीह के लिए खास इंतजाम किए गए हैं। उलेमा ने अपने पैगाम में कहा कि रमजान रहमत, बरकत और मगफिरत का महीना है। इस मुकद्दस महीने में रोजा, नमाज, तरावीह, तिलावत-ए-कुरआन और जकात-खैरात के जरिए अल्लाह की रजा हासिल करने की कोशिश की जाए। उन्होंने युवाओं से भी अपील की कि वे ज्यादा से ज्यादा मस्जिदों का रुख करें और इबादत में हिस्सा लें। रमजान उल मुबारक के आगमन से पूरे शहर में रूहानी फिजा कायम हो गई है। लोग सब्र, परहेजगारी और आपसी भाईचारे के साथ इस पाक महीने का इस्तकबाल कर रहे हैं।

# पूर्व विधायक संजय कपूर के कैंप कार्यालय पर समीक्षा बैठक संपन्न

शाह टाइम्स

**रामपुर।** पूर्व विधायक संजय कपूर के कैंप कार्यालय पर जिला अनुसूचित जाति विभाग की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पश्चिम उत्तर प्रदेश के प्रभारी व राष्ट्रीय सचिव प्रदीप सौराहा, प्रदेश उपाध्यक्ष व मंडल प्रभारी गंगाराम कटारिया, जिला अध्यक्ष निक्कू पंडित, शहर अध्यक्ष बाकर अली खान सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक का संचालन जिला अध्यक्ष अजीव सिंह ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदीप सौराहा ने कहा कि अनुसूचित जाति समाज के अधिकारों की रक्षा और उनके सर्वांगीण विकास के लिए संगठन पूरी मजबूती से कार्य कर रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जमीनी स्तर पर समस्याओं को समझें और समाधान की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएं। प्रदेश उपाध्यक्ष गंगाराम कटारिया ने




कहा कि प्रदेश नेतृत्व का स्पष्ट निर्देश है कि संगठनात्मक मजबूती के साथ-साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की समीक्षा बैठकों से कार्यों की दिशा और गति दोनों स्पष्ट होती हैं। जिला अध्यक्ष निक्कू पंडित ने कहा कि जिले में संगठन को और अधिक मजबूत किया जाएगा तथा समाज की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति समाज के उत्थान के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा, तभी वास्तविक परिवर्तन संभव है। शहर अध्यक्ष बाकर अली खान ने कहा कि शहर स्तर पर संगठन को सक्रिय करते हुए युवाओं को अधिक से अधिक जोड़ा जाएगा, ताकि समाज की आवाज को और मजबूती मिल सके। बैठक में नोमान मुमताज खान, शकील मंसूरी, मोहम्मद जकी, सरताज राजेश कुमार, जानकी प्रसाद, आकाश सागर, विपिन कुमार, अनूप सिंह सागर, अकील अहमद, पूरनलाल, शिशुपाल, अंकित सागर एवं विकास सागर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# फाइलेरिया रोगियों हेतु रूग्णता प्रबंधन कार्यशाला आयोजित, एमएमडीपी किट वितरित

## मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने की कार्यक्रम की अध्यक्षता

शाह टाइम्स

**रामपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय रामपुर के सभागार में फाइलेरिया रोगियों को रूग्णता प्रबंधन एवं विकलांगता की रोकथाम (MMDP) संबंधी स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने की। कार्यशाला में चिकित्सा अधिकारी, बीपीएम, बीसीपीएम, एआरओ, एलटी सहित विभिन्न स्वास्थ्य इकाइयों के कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण सत्र में विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के जोनल





कोऑर्डिनेटर डॉ. राहुल ने विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया। डॉ. राहुल ने बताया कि फाइलेरिया रोग मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है। यह रोग मुख्य रूप से पैर, हाथ, वृषण एवं स्तन जैसे अंगों को प्रभावित करता है, जिससे उनमें असामान्य सूजन उत्पन्न हो जाती है। उन्होंने मच्छरों से बचाव के लिए नियमित रूप से मच्छरदानी के उपयोग, स्वच्छता बनाए रखने तथा जल जमाव रोकने जैसे उपायों पर विशेष जोर दिया। उन्होंने फाइलेरिया से ग्रसित रोगियों के लिए रूग्णता प्रबंधन एवं विकलांगता की रोकथाम (MMDP) के प्रभावी उपायों को विस्तार से समझाया। प्रशिक्षण के दौरान रोगियों को सूजन नियंत्रण, प्रभावित अंगों की नियमित सफाई, उचित व्यायाम, त्वचा की देखभाल तथा संक्रमण से बचाव के व्यावहारिक तरीके बताए गए। साथ ही एमएमडीपी किट के सही उपयोग का प्रायोगिक प्रदर्शन भी कराया गया, ताकि रोगी घर पर नियमित देखभाल कर सकें। कार्यक्रम के अंत में मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा उपस्थित रोगियों को एमएमडीपी किट वितरित की गईं और नियमित उपचार व सावधानियों का पालन करने की अपील की गई। इस अवसर पर जिला मलेरिया अधिकारी संजय सिंह चौहान, एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. ताहिर हाशमी, सहायक मलेरिया अधिकारी राजेश कुमार राय, मलेरिया निरीक्षक रिंकु वर्मा, विनय कुमार वर्मा, अखिलेश कुमार, फाइलेरिया निरीक्षक ललित कुमार, देवराज सिंह, शालिनी गुप्ता, कु. राहिना कौसर, इतरत अली खान, कार्तिक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग ने अपील की है कि फाइलेरिया के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत निकटतम स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें और निर्धारित उपचार के साथ नियमित देखभाल अवश्य अपनाएं।

# चाँद का हुआ दीदार लोगो ने की रमजान मुबारक की तैयारी

शाह टाइम्स

**सैफनी/रामपुर ।** बुधवार ।रमजान का चांद दिखने की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। चांद दिखाई देने के साथ ही यहां गुरुवार से रमजान उल मुबारक का पहला रोजा रखा जाएगा। चांद की पुष्टि के बाद मस्जिदों में इबादत की तैयारियां तेज हो गई हैं। आज रात से तरावीह की नमाज अदा की जाएगी, जिसके लिए बड़ी संख्या में रोजेदार मस्जिदों का रुख करेंगे।रमजान को बरकत, रहमत और मगफिरत का महीना माना जाता है। इस दौरान मुस्लिम समुदाय रोजा रखकर विशेष इबादत करता है।वहीं, भारत में चांद दिखाई देने की स्थिति के अनुसार, पहला रोजा गुरुवार को रखा जाएगा। भारत में भी आज रात से मस्जिदों में तरावीह की नमाज शुरू हो जाएगी।रमजान के पाक महीने को लेकर मुस्लिम समाज में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बाजारों में रौनक बढ़ गई है और लोग इफ्तार व सेहरी की तैयारियों में जुट गए हैं। मस्जिदों में साफ-सफाई और रोशनी की विशेष व्यवस्था की गई है, ताकि इबादत करने आने वाले लोगों को कोई असुविधा न हो।

# परीक्षा केंद्रों पर अचानक पहुंचीं डीएम

## कक्ष निरीक्षक के बिना आईडी के मिलने पर जताई नाराजगी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित परीक्षाओं को नकल विहीन एवं शांतिपूर्वक संपन्न कराने के दृष्टिगत परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने सर्वप्रथम राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बिजनौर का निरीक्षण किया, जहां सीसीटीवी कैमरे, प्रकाश व्यवस्था सहित सभी व्यवस्थाएं सही पाई गई। सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण करने पर पाया गया कि सभी कैमरे संचालित हैं और सुचारू रूप से कार्यरत हैं। उसके बाद उन्होंने आरजेपी इंटर कॉलेज में संचालित परीक्षा कक्षों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एग्जामिनर द्वारा पहचान पत्र न लगाए जाने तथा महिला एग्जामिनर द्वारा अपना पर्स परीक्षा कक्षा में पाए जाने पर आपत्ति व्यक्त करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि तत्काल व्यवस्था दुरुस्त कराएं और किसी भी अवस्था में परीक्षा केंद्रों में बिना पहचान पत्र के कोई भी कार्मिक ना पाया जाए। इसी के साथ उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि परीक्षा कक्षों में एग्जामिनर सहित कोई भी व्यक्ति कोई वस्तु, बैग आदि लेकर प्रवेश न कर सके। आरजीपी इंटर कॉलेज में निरीक्षण के दौरान सभी कैमरे संचालित पाए गए। परंतु रिमोट उपलब्ध न होने पर प्रधानाचार्य द्वारा मोबाइल पर सभी परीक्षा कक्षाओं की सजीव स्थिति का अवलोकन कराया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि तत्काल रिमोट की व्यवस्था सुनिश्चित करें और यदि कोई उपकरण खराब हो जाए तो तत्काल इसकी व्यवस्था कराएं ताकि व्यवस्था में किसी भी प्रकार का व्यवधान पैदा न हो सके।

इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव, बोर्ड पर्यवेक्षक मनोज आर्य, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज एवं आरजीपी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# कब्रिस्तान के रास्ते के विवाद का पटाक्षेप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** मौहल्ला किला स्थित हजरत दरगाह मोहिउद्दीन परिसर के बाहर कमकर बिरादरी के कब्रिस्तान में जनाजा ले जाने के रास्ते को लेकर जो विवाद पैदा हो गया था, उसका पटाक्षेप हो गया है।

गौरतलब है कि कमकर बिरादरी के लोगों का कहना था कि लगभग 150 वर्षों से हम अपने अजीजो के जनाजे को दरगाह परिसर में मस्जिद के सामने से पास में ही स्थित कब्रिस्तान ले जाकर दफनाते चले आ रहे हैं। दरगाह के जिम्मेदार लोगों द्वारा रास्ते को बंद कर दिया है और वहां दीवार व कमरे का निर्माण शुरू कर दिया गया। कमकर बिरादरी के लोगों ने इसका विरोध करते हुए दीवार को गिरा दिया था। वहीं दूसरी ओर दरगाह के जिम्मेदार लोगों का कहना था कि यह रास्ता नहीं बल्कि हमारी निजी संपत्ति है। कब्रिस्तान जाने के लिए दो रास्ते और है, उन्हें इस्तेमाल किया जा सकता है। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद की स्थिति पैदा हो गई थी। दोनों ओर से थाने में एक दूसरे के खिलाफ तहरीर भी दे दी गई थी। इसी विवाद को निपटाने के लिए बुधवार की दोपहर रईस अहमद भट्‌टे वालों के मौहल्ला किला स्थित आवास पर नगर के जिम्मेदार व दोनों पक्षों के लोगों की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें बताया गया कि जिस दीवार को तोड़ा गया था। उसका निर्माण पुन: कराया जाएगा और जनाजे का रास्ता हॉल कमरे से दिया जाएगा। जिम्मेदारों ने बताया कि इस बात से दोनों पक्षों में रजामंदी हो गई। इस फैसले को दोनों पक्षों ने मान लिया। बैठक में चेयरमैन अब्दुल मन्नान, रईस अहमद भट्‌टे वाले, पूर्व सभासद इरशाद अहमद, सभासद मौहम्मद आबिद, शब्बन जुनैदी, अयाज अहमद मावे वाले, पप्पू कश्मीरी, पूर्व सभासद अरशद चौधरी, अब्दुल वहाब, राशिद होटल वाले, मौहम्मद साजिद, अफजाल, हिफजान, फरमान, नायाब, सलीम, सरफराज, निसार अहमद, वकार कादरी, वसीम अत्तरी, अहमद नबी, मौहम्मद इकबाल, गुलाम साबिर, शब्बु चौधरी, मंजूर अहमद, मौहम्मद शोएब सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## परीक्षा केंद्रों पर रहा पुलिस बल मौजूद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं आज 18 फरवरी से शुरू हो गई हैं। यह परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च तक चलेंगी। जिले के 119 परीक्षा केंद्रों पर कुल 86,521 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। नजीबा. बाद में परीक्षाओं को शांतिपूर्ण और नकल विहीन संपन्न कराने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

परीक्षा केंद्रों में प्रवेश से पहले परीक्षार्थियों की सघन चैकिंग की जा रही है। सभी केंद्रों पर पुलिस बल भी तैनात किया हुआ है। ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो सके । जिला विद्यालय निरीक्षक डीआईओएस जयकरण यादव ने बताया कि इस वर्ष हाईस्कूल के 45,429 और इंटरमीडिएट के 40,976 छात्र-छात्राएं बोर्ड परीक्षा दे रहे हैं।

परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित की जा रही हैं। पहली पाली सुबह 8:30 बजे से 11:45 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:15 बजे तक चलेगी। परीक्षा केंद्रों पर निगरानी के लिए 19 स्टैटिक मजिस्ट्रेट और पांच जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। डीआईओएस जयकरण यादव ने केंद्रीय व्यवस्थापक, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक और कक्ष निरीक्षकों की नियुक्ति की भी जानकारी दी गई है।

# रमजान पर सजी खजला-फेनी की दुकानें

## इबादत और रहमतों का दौर शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** मुकद्दस माह-ए-रमजान का आगाज होते ही पूरे नगर में रौनक और रूहानियत का माहौल बन गया है। चांद नजर आते ही लोगों ने एक-दूसरे को रमजान की मुबारक. बाद दी और मस्जिदों में नमाज व तरावीह की तैयारियां शुरू हो गई।

रोजेदार सहरी और इफ्तार की तैयारी में जुट गए हैं। वहीं बाजारों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। रमजान के इस पवित्र महीने में जहां एक ओर रोजेदार अल्लाह की इबादत में मशगूल हैं। वहीं मस्जिदों में नमाज-ए-तरावीह और कुरआन पाक की तिलावत का सिलसिला शुरू हो चुका है। बच्चे, नौजवान और बुजुर्ग सभी इबादत के इस मुकद्दस महीने का स्वागत पूरे जोश और अकीदत के साथ कर रहे हैं।

उधर बाजारों में भी रौनक लौट आई है। खजला, फेनी, बिस्कुट, खजूर और तरह-तरह के फलों की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है।

इफ्तार के लिए जरूरी सामान की खरीदारी तेज हो गई है और दुकानदारों ने भी खास तैयारियां कर रखी हैं। रमजान सिर्फ रोजा रखने का नाम नहीं बल्कि सब्र, रहमत, बरकत और गरीबों की मदद का पैगाम देता है। इस मुकद्दस मौके पर सभी रोज. ेदारों को चाहिए कि वे अपने मुल्क की अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली के साथ-साथ अपने परिवार और समाज की बेहतरी के लिए भी खास दुआएं करें। यह महीना हमें आपसी भाईचारा, मोहब्बत और इंसानियत का सबक देता है। आइए इस रमजान हम सब मिलकर अपने दिलों को साफ करें और नेक राह पर चलने का अहद करें।

# सीएम युवा उद्यमी की समीक्षा बैठक

## यूको बैंक, यस बैंक एवं इंडियन ओवरसीज बैंक मीटिंग में अनुपस्थित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम युवा उद्यमी की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने यूको बैंक, यस बैंक एवं इंडियन ओवरसीज बैंक द्वारा किसी भी मीटिंग में प्रतिभाग न करने और शासकीय रोजगारपरक योजनाओं में अपना सहयोग उपलब्ध न करने के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि उनकी ओर से उनके उच्च अधिकारियों को पत्र लिखवाएं ताकि उनके स्तर से उनके विरुद्ध कार्यवाही अमल में लाई जा सके।

उन्होंने कहा कि सीएम युवा उद्यमी योजना का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना एवं स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करना है। उन्होंने सभी बैंकर्स को निर्देशित किया कि प्रति ब्रांच प्रति माह दो लाभार्थियों को सीएम युवा उद्यमी योजना से लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यह कम से कम लक्ष्य है जो बैंक उक्त योजना में ज्यादा योगदान करेगा, उसको जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा।

उन्होंने निर्देश दिए कि 20 फरवरी को जिला उद्योग परिसर में लगने वाले मेले में सभी बैंकर्स अपने स्टाल लगाएं और सीएम युवा उद्यमी योजना सहित अन्य रोजगार परक योजनाओं के इच्छुक लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन करते हुए उनका आवेदन पत्र भरवाएं। उन्होंने योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों, स्वीकृत प्रकरणों तथा वितरण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि पात्र युवाओं के आवेदन समयबद्ध ढंग से निस्तारित किए जाएं तथा बैंक स्तर पर लंबित प्रकरणों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए गए कि अधिक से अधिक युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया जाए तथा उन्हें योजना से संबंधित समुचित मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने उद्योग विभाग को निर्देशित किया कि उक्त योजना का प्रचार-प्रसार के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के युवाओं तक योजना की जानकारी पहुंचाई जाए। उन्होंने संबंधित को निर्देशित किया कि सभी बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर स्वीकृत ऋणों के वितरण में आ रही बाधाओं को दूर करना सुनिश्चित करें तथा पारदर्शिता बनाए रखने के लिए पूरी प्रक्रिया की डिजिटल मॉनिटरिंग भी करें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया गया कि आवेदनों को अनावश्यक रूप से रोकने या देरी करने वाले अधिकारियों और बैंक शाखाओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। युवाओं को विभाग के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए सिंगल विंडो सिस्टम को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर उपयुक्त उद्योग अमित कुमार, एलडीएम सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण एवं बैंक प्रतिनिधि मौजूद थे।

# आवारा कुत्तों ने हमला कर बंदर को किया घायल

## सूचना के बाद भी वन विभाग ने नहीं ली सुध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** आवारा कुत्तों ने हमला कर बंदर को गंभीर रूप से घायल कर दिया।

ग्राम मानियावाला स्थित कासमपुर गढ़ी बस स्टैंड पर एक दर्दनाक हादसा सामने आया। चलते वाहन से टकराकर घायल बंदर पर आवारा कुत्तों ने हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बुधवार की शाम बस स्टैंड सड़क पार कर रहा एक बंदर वाहन की चपेट में आकर सड़क पर गिरकर घायल हो गया। घायल अवस्था में खुद को संभालने से पहले ही आवारा कुत्तों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। स्थानीय राहगीरों व दुकानदारों ने कड़ी मशक्कत के बाद बंदर को कुत्तों से बचाया, लेकिन बंदर की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद वन विभाग का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी या कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। बंदर के घायल होने की घटना ने वन विभाग की लापरवाही की पोल खोल दी। स्थानीय लोगों ने वन विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वन विभाग की कथित मिलीभगत से जंगल से मूल्यवान लकड़ियों की तस्करी धड़ल्ले से जारी है। परंतु वन जानवरों के प्रति वन विभाग कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है। वन विभाग की बेजुबान जानवरों की जान की परवाह नहीं है। यदि किसी आम जन से बंदर या किसी जंगली जानवर से अपनी जान की सुरक्षा करते हुए मौत हो जाती है तो विभाग उसे पर कार्यवाही करने के लिए तुरंत पहुंच जाते है। घायल वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए रेस्क्यू टीम समय पर क्यों नहीं पहुंचती। समाचार लिखे जाने तक घायल बंदर रोड के किनारे बैठा हुआ था।

## एक नजर

### रमजान शुरू होने के चलते बाजारों में रौनक

**नजीबाबाद।** मुकद्दस रमजान माह का महीना शुरू होने के चलते आज बाजारों में सुबह से ही काफी भीड़ व रौनक रही। रमजान माह का महीना गुरुवार से शुरू हो रहा है, आज रात ईशा की नमाज से पहली तराबीह शुरू होगी कल पहला रोजा है। इसके लिए लोगों ने रमजान के सामान खासकर सेहरी के सामान की आज बाजारों में पहुंचकर जमकर खरीदारी की। साथ ही लोगों ने रोजों के दौरान इफ्तार में इस्तेमाल होने वाले सामान खासकर चिप्स, पापड़ व अन्य जरूरी सामान की खरीदारी की। इस वजह से बाजारों में काफी भीड़ देखने को मिली। मस्जिदों में रमजान माह में होने वाली तराबीह के लिए साफ-सफाई के साथ नमाजियों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

### नमाजों व रोजों की पाबंदी रखे : ज़फ़र हुसैन

**नजीबाबाद।** जमात इ इस्लामी हिंद के अमीर ए मुकामी (नगर अध्यक्ष) जफर हुसैन ने मुकद्दस रमजान माह की आमद पर खुशी का इजहार करते हुए सभी को इसकी मुबारकबाद पेश की। उन्होंने कहा कि रमजान में मुस्लिम समाज के लोग इसका पूरा एहेतराम करते हुए नमाज रोजों की पाबंदी रखे। रमजान माह में प्रत्येक मुसलमान रोजे रखने के साथ अपने बच्चों व घर वालों सबको रोजा रखने की ताकीद करें। पांचों टाइम की नमाज पढ़ने की ताकीद करें। रमजान माह में हर उस चीज से बचे जो बुराई की तरफ को ले जाती है। रमजान के पाक मुकद्दस महीने में किसी को भी किसी भी तरह किसी से कोई परेशानी न पहुंचनी चाहिए। यही रमजान का असल पैगाम है।

### शायर सरफराज साबरी सम्मानित

**नजीबाबाद।** आजाद चौक स्थित सैयद हाउस में एक शेरी महफिल का आयोजन किया गया। जिसमें शायरों ने अपना बेहतरीन कलाम पेश कर खूब वाहवाही बटोरीं। इस मौके पर जलालाबाद के मशहूर शायर सरफराज साबरी को उर्दू अदब की खिदमत के लिए सम्मानित किया गया। शेरी महफिल के अध्यक्ष मोसूफ वासिफ ने कहा कि उर्दू की तरक्की व बढ़ावा देने के लिए उर्दू गोष्ठियों का आयोजन समय की अहम जरूरत है। शेरी महफिल के मुख्य अतिथि डॉ. आफताब नोमानी ने मशहूर शायर सरफराज साबरी की उर्दू साहित्य में की गई सेवाओं पर रोशनी डालते हुए कहा कि सरफराज साबरी लंबे समय से उर्दू साहित्य की सेवा कर रहे हैं। इस मौके पर हुसैन अहमद, अब्दुल अजीज मुल्तानी, अबरार सलमानी, नदीम सलमानी, अमजद सिद्दीकी, असलम सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

### शराबी पति ने पत्नी व साली को पीटा

**हल्दौर।** मौहल्ला तोल्लावाला निवासी एक शराबी युवक बुधवार को घर पहुंचा, जहां उसकी पत्नी वैशाली तथा उसकी बहन प्रवेश (निवासी फड़ियापुर) मौजूद थीं। आरोप है कि किसी बात को लेकर कहासुनी होने पर युवक ने अपनी पत्नी के साथ लाठी-डंडे से मारपीट कर दी। शोर-शराबा सुनकर बीच-बचाव करने पहुंची बहन को भी कथित रूप से पीट दिया गया, जिससे दोनों को चोटें आईं। मारपीट के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल महिलाएं थाने पहुंची और लिखित शिकायत दी। थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

### गांजे की लत से बिगड़ती सेहत



**कालागढ़।** जनपद में गांजे के बढ़ते सेवन से स्वास्थ्य और सामाजिक ताने-बाने पर गंभीर असर पड़ रहा है। चिकित्सकों के अनुसार गांजे का लगातार सेवन मानसिक विकार, स्मरण शक्ति में कमी, अवसाद, चिंता, फेफड़ों से जुड़ी बीमारियां और हृदय संबंधी समस्याओं को जन्म दे सकता है। युवाओं में इसकी लत पढ़ाई, रोजगार और पारिवारिक जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है। वहीं विशेषज्ञों का कहना है कि नशे से बचाव के लिए जनजागरूकता, परिवार की निगरानी, परामर्श केंद्रों की मदद और समय पर चिकित्सकीय सलाह बेहद जरूरी है। स्कूल कॉलेज स्तर पर जागरूकता अभियान, खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देना भी प्रभावी कदम माना जा रहा है। इसी बीच सूत्रों के हवाले से बड़ी खबर सामने आई है कि जनपद के कई थाना क्षेत्रों में भांग के लाइसेंसी ठेकों की आड़ में कथित रूप से गांजे की खुलेआम बिक्री हो रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह अवैध कारोबार लंबे समय से जारी है और कई बार इसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बावजूद पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। सूत्रों का कहना है कि अवैध बिक्री से जुड़े वीडियो सामने आने पर उन्हें हटाने के लिए दबाव बनाया जाता है और मामलों को दबाने की कोशिश की जाती है। इससे नशा कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं और जिले में नशे का जाल फैलता जा रहा है। नागरिकों का कहना है कि गांजा और अवैध कच्ची शराब अन्य नशे की लत ने कई परिवारों को प्रभावित किया है, जिससे सामाजिक और आर्थिक संकट गहराया है। यह भी आरोप है कि अवैध कारोबार के खिलाफ आवाज उठाने वाले कुछ पत्रकारों के साथ अभद्रता और दबाव की घटनाएं हुई हैं। ऐसे आरोपों ने प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोगों की मांग है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव से बचाया जा सके और कानून-व्यवस्था मजबूत रहे। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर मुद्दे पर क्या कदम उठाते हैं या नहीं और जनपद में फैल रहे अवैध कच्ची शराब, गांजे नशे के नेटवर्क पर कब तक प्रभावी अंकुश लगा पाते है।

# मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी गोकश गिरफ्तार, पैर में गोली लगने से घायल

**खतौली।** थाना रतनपुरी पुलिस ने मंगलवार देर रात वाहन चेकिंग के दौरान एक इनामी गो. कश बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस ने उसके कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस और एक बाइक बरामद की है।

थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार के अनुसार, पुलिस टीम चौकी कल्याणपुर के पास टोडा मार्ग पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम टोडा से कल्याणपुर रोड के बीच ईख के खेत में कुछ बदमाश किसी आपराधिक वारदात की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस सतर्क हो गई और क्षेत्र में सघन चेकिंग शुरू कर दी।

कुछ देर बाद एक संदिग्ध युवक बाइक से आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन उसने रुकने के बजाय पुलिस टीम पर तमंचे से फायर कर दिया और ईख के खेत में भाग गया। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए उसे आत्मसमर्पण की चेतावनी दी, परंतु आरोपी नहीं माना। जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान रहीस पुत्र सीनू निवासी रटोल थाना खेकड़ा, हाल निवासी मिर्जापुर सेक्टर थाना विजय नगर, जनपद गाजियाबाद के रूप में हुई है। उसके खिलाफ गोकशी समेत आधा दर्जन से अधिक आपरा. धिक मुकदमे दर्ज हैं। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस ने घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। साथ ही उसके गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

## रमजान, नवरात्रि और कांवड़ यात्रा में दिखती है एकता की मिसाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा ने पवित्र माह रमजान के अवसर पर नगरवासियों को मुबारकबाद देते हुए स्योहारा की सामाजिक एकता और भाईचारे की परंपरा को देश के लिए उदाहरण बताया।

श्री वर्मा ने कहा कि स्योहारा वह नगर है, जहां रमजान का पवित्र महीना हो, नवरात्रि का शुभ पर्व हो या सावन मास में निकलने वाली कांवड़ यात्रा हर त्योहार को सभी समुदायों के लोग मिल-जुलकर, प्रेम और सौहार्द के साथ मनाते हैं। उन्होंने कहा कि रमजान के दौरान जहां मुस्लिम समाज इबादत रोजा और सेवा के कार्यों में जुटा रहता है। वहीं अन्य समुदायों के लोग भी पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ सहयोग करते हैं। इसी तरह नवरात्रि और सावन में कांवड़ यात्रा के दौरान मुस्लिम समाज भी व्यवस्था और स्वागत में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाता है। यह आपसी सहयोग ही स्योहारा की असली ताकत है। अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि नगर में वर्षों से चली आ रही गंगा-जमुनी तहजीब ने यहां की पहचान को और मजबूत किया है। त्योहारों के अवसर पर प्रशासन व्यापारी वर्ग सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों का समन्वय देखने लायक होता है। सभी मिलकर यह सुनिश्चित करते हैं कि हर पर्व शांतिपूर्वक, अनुशासन और आपसी सम्मान के साथ संपन्न हो।

# मगरिब की नमाज के बाद चांद का दीदार

## बाजार में जम कर खरीदारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** बुधवार शाम रमजानुल मुबारक का चांद नजर आया। चांद दिखने के बाद मुस्लिम समुदाय में खुशी का माहौल है। लोगों ने मगरिब की नमाज के बाद चांद के दीदार किए और दुआएं मांगीं।

रमजान शुरू होते ही बाजारों में खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। सहरी के वक्त खाए जाने वाली चीजें जैसे फेनी, खजला, खारी बिस्कुट और पापे की दुकानें व फड़ सज गए। इसी तरह इफ्तार के लिए खजूर और अन्य फलों की दुकानों पर भी काफी खरीदारी हुई। रमजान की शुरुआत के साथ ही विशेष नमाज तरावीह भी पढ़ी गई। कई स्थानों पर छह रोजा, दस रोजा शबीन आदि का आयोजन किया गया, जहां नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी। रमजान के आगमन पर अनेक मस्जिदों को सजाया गया है। आज गुरुवार को रमजान का पहला रोजा रखा गया। रमजान का महीना इस्लाम में सबसे पवित्र माना जाता है और इसी पवित्र महीने में पैगंबर मौहम्मद साहब को पहली बार अल्लाह की ओर से पवित्र पुस्तक कुरान नाजिल हुआ। इस महीने में आत्मशुद्धि, संयम, उपासना, इबादत और गरीबों के प्रति हमदर्दी दर्शाने के लिए पूरे एक महीने तक रोजे रखे जाते हैं। रोजा रखने का उद्देश्य संयम बरतना, बुरी आदतों को छोड़ना और अल्लाह के प्रति श्रद्धा (तकवा) को बढ़ावा देना है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### भारतीय महिला फुटबॉल टीम का सामना ऑस्ट्रेलियाई क्लबों से होगा

**पर्थ, वार्ता।** भारतीय महिला नेशनल फुटबॉल टीम एएफसी महिला एशियन कप ऑस्ट्रेलिया 2026 की अपनी तैयारियों के तहत 19 और 23 फरवरी को ऑस्ट्रेलियाई क्लब टीमों पर्थ रेडस्टार एफसी और पर्थ अजुरी के खिलाफ दो फ्रेंडली मैच खेलेगी। ब्लू टाइग्रेसेस 11 फरवरी को तुर्किए में अपना ट्रेनिंग कैंप खत्म करने के बाद वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया पहुंचीं, जहां उन्होंने यूक्रेन, रूस, स्विट्जरलैंड, जर्मनी और रोमानिया की क्लब टीमों के खिलाफ छह फ्रेंडली मैच खेले। भारत ने तुर्किए में एक्सपोजर टूर के दौरान तीन जीत, एक ड्रॉ और दो हार दर्ज कीं। पर्थ रेडस्टार एफसी के खिलाफ पहला मैच डालमटिनैक पार्क में भारतीय समयानुसार 14:30 पर खेला जाएगा, जबकि पर्थ अजुरी के खिलाफ दूसरा मैच मैसेडोनिया पार्क में 16:00 पर खेला जाएगा।

### टॉप सीड सेरुंडोलो रियो ओपन के आखिरी 16 में पहुंचे

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** अर्जेंटीना के टॉप सीड फ्रांसिस्को सेरुंडोलो अपने ही देश के मारियानो नवोन को 6-3, 6-4 से हराकर रियो ओपन के आखिरी 16 में पहुंच गए।

वर्ल्ड नंबर 19 सेरुंडोलो ने पहले सर्व पर 72 परसेंट पॉइंट जीते और जॉकी क्लब ब्रासीलीरो के आउटडोर क्ले कोर्ट पर पांच में से चार ब्रेक पॉइंट बदलकर जीत हासिल की। नवोन ने पहले सर्व पर 67 परसेंट पॉइंट जीते लेकिन 12 ब्रेक पॉइंट मौकों में से सिर्फ दो को ही बदल पाए। सेरुंडोलो एटीपी 500 इवेंट के अगले राउंड में एक और अर्जेंटीना के थियागो टिरांटे से भिड़ेंगे। सेरुंडोलो के भाई, जुआन मैनुअल सेरुंडोलो ने भी इटली के दूसरे सीड लुसियानो डार्डेरी पर 6-1, 3-6, 6-4 से जीत हासिल की।

# टी-20 में अभिषेक नंबर-वन

**● आईसीसी रैंकिंग में ईशान किशन आठवें स्थान पर**




**दुबई, वार्ता।** भारत के ओपनर अभिषेक शर्मा ने हाल में मामूली प्रदर्शन के बावजूद आईसीसी पुरुष टी-20 रैंकिंग में टॉप पर अपनी जगह बनाए रखी, जबकि टीम के साथी ईशान किशन पाकिस्तान के खिलाफ प्लेयर ऑफ द मैच प्रदर्शन के बाद 17 स्थान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गए। पाकिस्तान के सैम अयूब ने ऑलराउंडर रैंकिंग में फिर से नंबर 1 पर जगह बना ली है। उन्होंने मौजूदा टी-20 वर्ल्ड कप में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा को पीछे छोड़ दिया है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की वेबसाइट के मुताबिक, कोलंबो में भारत के खिलाफ तीन विकेट लेने के बाद अयूब ऑलराउंडर्स की लिस्ट में टॉप पर वापस आ गए हैं, जिससे हाल के हफ्तों में उनके और रजा के बीच टॉप पर रहने की कड़ी टक्कर जारी है। रजा दूसरे स्थान पर खिसक गए, जबकि नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी दो स्थान ऊपर और अफगानिस्तान के अजमतुल्लाह उमरजई चार स्थान ऊपर चढ़े, दोनों ने शानदार प्रदर्शन के बाद चौथा स्थान शेयर किया। बल्लेबाजी रैंकिंग में, श्रीलंका के पथुम निसंका कैंडी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी शानदार सेंचुरी के बाद तीन स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर आ गए। दक्षिण अफ्रीका के रयान रिकेल्टन 22 स्थान ऊपर चढ़कर 11वें स्थान पर और एडेन मार्करम छह स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त 15वें स्थान पर पहुंच गए, जिन्होंने अहम रन बनाए, जबकि अमेरिका के बैटर सैतेजा मुक्कामल्ला 16 स्थान ऊपर चढ़कर 21वें स्थान पर और इंग्लैंड के युवा जैकब बेथेल 22 स्थान ऊपर चढ़कर लिस्ट में 32वें स्थान पर पहुंच गए। बॉलिंग रैंकिंग में, अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान एक स्थान ऊपर चढ़कर दूसरे स्थान पर आ गए, जिससे भारत के वरुण चक्रवर्ती से उनका अंतर कम हो गया, जो चार्ट में टॉप पर बने हैं।

# पहली बार रणजी के फाइनल में जे-के

**● आकिब नबी और सुनील के बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन से बंगाल को छह विकेट से हराया**




**कल्याणी, वार्ता।** आकिब नबी और सुनील कुमार के बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन के बाद वंशराज शर्मा (नाबाद 43) और अब्दुल समद (नाबाद 30) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत जम्मू-कश्मीर ने बुधवार को रणजी ट्राफी के दूसरे सेमीफाइनल के चौथे दिन बंगाल के खिलाफ छह विकेट से जीत दर्ज टूर्नामेंट के फाइनल में पहली बार जगह बना ली है। यहां जम्मू-कश्मीर ने दो विकेट पर 43 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में जम्मू-कश्मीर का तीसरा विकेट शुभम सिंह पुंडीर (27) के रूप में गिरा। उन्हें मोहम्मद शमी ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद 28वें ओवर में आकाश दीप ने कप्ताप परास डोगरा (नौ) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। जम्मू-कश्मीर ने 34-2 ओवर में चार विकेट पर 126 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। वंशराज शर्मा ने जम्मू-कश्मीर के लिए विजई छक्का लगाया। वंशराज शर्मा ने 83 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 43 रनों की पारी खेली। अब्दुल समद 27 गेंदों में 30 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने तीन छक्के और एक चौका लगाया। बंगाल के लिए आकाश दीप ने तीन विकेट लिए। मोहम्मद शमी ने एक बल्लेबाज को आउट किया। बंगाल ने पहली पारी में 328 और दूसरी पारी में 99 रन का स्कोर किया। जम्मू-कश्मीर ने पहली पारी में 302 रन बनाए।

### उमर अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर टीम को बधाई दी

**जम्मू, वार्ता।** मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर टीम को रणजी ट्रॉफी फाइनल में पहुंचने पर बधाई दी और उम्मीद जताई कि इस इलाके के और खिलाड़ी इंडिया में खेलेंगे। जम्मू में रिपोर्टर्स से बात करते हुए उन्होंने कहा कि कोई भी अकेले रणजी ट्रॉफी नहीं जीतता। यह पूरी टीम और सपोर्ट स्टाफ की भी सफलता है। मैं अपनी तरफ से और जम्मू-कश्मीर के सभी लोगों की तरफ से उन सभी को बधाई देता हूं। उन्होंने आगे कहा कि मुझे उम्मीद है कि वह दिन दूर नहीं जब हम जम्मू-कश्मीर के खिलाड़ियों को नेशनल टीम में बहुत अहम भूमिका निभाई।

# अभिषेक, गिल व अर्शदीप पीपीएल में खेलेंगे




**● पीपीएल में सभी 6 टीमें फ्रेंचाइजी-बेस्ड होंगी और खिलाड़ियों को ऑक्शन के जरिये खरीदा जाएगा**

**चंडीगढ़, वार्ता।** पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) जून 2026 में पंजाब प्रीमियर लीग (पीपीएल) कराएगा। पंजाब की घरेलू टी-20 क्रिकेट लीग अब नए नाम और नए फॉर्मेट में खेली जाएगी।

पीपीएल में सभी 6 टीमें फ्रेंचाइजी-बेस्ड होंगी और खिलाड़ियों को ऑक्शन के जरिए खरीदा जाएगा और इसमें सिर्फ पंजाब के रजिस्टर्ड खिलाड़ी ही हिस्सा लेंगे। पंजाब का हर बड़ा खिलाड़ी पंजाब प्रीमियर लीग का हिस्सा होगा। भारतीय टेस्ट और लिमिटेड ओवर के ओपनर शुभमन गिल, भारत के नंबर एक टी-20 बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और गेंदबाज अर्शदीप सिंह को मार्की खिलाड़ियों के तौर पर शामिल किया जाएगा। इनके अलावा, पंजाब के दूसरे अनुभवी खिलाड़ी भी मार्की नामों के तौर पर शामिल हो सकते हैं, जैसे रमनदीप सिंह, नेहाल वढेरा, नमन धीर, अनमोलप्रीत सिंह, प्रभसिमरन सिंह, वगैरह। युवा खिलाड़ी विहान मल्होत्रा, जो मौजूदा इंडिया अंडर 19 टीम का हिस्सा हैं, भी इसमें शामिल होंगे। युवाओं के साथ सीनियर्स सीनियर खिलाड़ियों के साथ, पंजाब के अंडर-23 खिलाड़ियों को भी खेलने का मौका मिलेगा। मार्की नामों के अलावा, पंजाब प्रीमियर लीग में पंजाब के कई दूसरे उभरते हुए क्रिकेटर भी हिस्सा लेंगे, जिन्होंने घरेलू और आईपीएल लेवल पर अपनी पहचान बनाई है। मयंक मारकंडे, अश्विनी कुमार, गुरनूर बराड़, हरनूर सिंह, रमन धीर और हरप्रीत बराड़ जैसे खिलाड़ी टूर्नामेंट में शामिल होंगे, जिससे लीग में गहराई और मुकाबला बढ़ेगा।

इसके अलावा, सलिल अरोड़ा, रघु शर्मा जैसे टैलेंटेड खिलाड़ी और कई दूसरे होनहार खिलाड़ी भी पीपीएल का हिस्सा होंगे। सभी खिलाड़ियों का ड्राफ्ट होगा। कई खिलाड़ियों को अलग-अलग प्राइस स्लैब में रखा जाएगा, और टीमों को अपने पसंदीदा खिलाड़ियों के लिए बोली लगाने का मौका मिलेगा। पंजाब प्रीमियर लीग 2026 में छह फ्रेंचाइजी हिस्सा लेंगी, जिसमें पंजाब के कई बड़े बिजनेस घराने और कॉर्पोरेट ग्रुप मालिकाना हक हासिल करने और राज्य की सबसे बड़ी घरेलू टी-20 लीग के साथ जुड़ने के लिए उत्सुक हैं।

# 802 रन की विशाल बढ़त के साथ कर्नाटक का रणजी फाइनल पक्का

**● स्मरण की 127 रनों की शतकीय पारी की बदौलत उत्तराखंड के खिलाफ बढ़त बनाकर रणजी के फाइनल जमह पक्की कर ली**

**लखनऊ, वार्ता।** स्मरण रविचंद्रन (127) की शानदार शतकीय पारी की बदौलत कर्नाटक ने उत्तराखंड के खिलाफ दूसरी पारी में बुधवार को चौथे दिन छह विकेट पर 299 रन बनाकर अपनी बढ़त 802 रन पहुंचाते हुए रणजी फाइनल में जगह पक्की कर ली। कर्नाटक का घइनल में जम्मू-कश्मीर से मुकाबला होगा जिसने इससे पहले बंगाल को दूसरे सेमीफाइनल में छह विकेट से हराया। कर्नाटक ने पहली पारी में 736 रन बनाए थे और उत्तराखंड को 233 रन पर समेट कर 503 रन की विशाल बढ़त हासिल कर ली। कर्नाटक ने उत्तराखंड से फॉलोआन न कराकर दूसरी पारी में खेलने का फैसला किया। कर्नाटक ने स्टंप्स तक छह विकेट पर 299 रन बनाकर कुल बढ़त को 800 रन के पार पहुंचा दिया। उत्तराखंड ने पांच विकेट पर 149 रन से अपनी पारी को आगे बघया। आदित्य रावत ने नाबाद 45 रन बनाए। विद्याधर पाटिल और विजयकुमार व्याशक ने तीन-तीन विकेट लिए। कर्नाटक ने दूसरी पारी में चार विकेट 122 रन तक गंवा दिए थे।

### रणजी सेमीफाइनल में चोटिल हुए पडिक्कल



**लखनऊ, वार्ता।** कर्नाटक के बैट्समैन देवदत्त पडिक्कल उत्तराखंड के खिलाफ रणजी ट्रॉफी 2025-26 सेमीफाइनल के चौथे दिन चोटिल हो गए, जिससे उनके करियर की बेस्ट इनिंग फीकी पड़ गई। उनको उत्तराखंड की पहली इनिग के दौरान गली में डाइविग कैच लेने की कोशिश में उंगली में चोट लग गई और वह मैदान से बाहर चले गए। पडिक्कल ने नंबर 3 पर बैटिंग करते हुए इससे पहले इकाना स्टेडियम में 330 गेंदों पर 29 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 232 रन बनाए थे, जिससे कर्नाटक ने 194-4 ओवर में 736 रन का बड़ा स्कोर बनाया था। जवाब में उत्तराखंड को मुश्किल हुई और वे 233 रन पर आउट हो गए, विद्याधर पाटिल और व्यशाक विजयकुमार ने तीन-तीन विकेट लिए। यह चोट 75वें ओवर की 5वीं गेंद पर लगी जब अभय नेगी ने प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर ड्राइव किया।

# भारत आर्मी टी-20 विश्व कप एंथम में दिखाई देगी

**● आर्मी के फाउंडर राकेश पटेल ने कहा कि क्रिकेट ग्रुप के लिए पैशन और विश्वास को दिखाता है, और एंथम का हिस्सा होना उसी एकता को दिखाता है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत आर्मी प्राइम वीडियो के प्रमोशनल ट्रैक द लल्ला एंथम - ए वॉर्निंग फ्रॉम सूबेदार में शामिल है, जिसे चल रहे टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान रिलीज किया गया था, जब भारत सुपर 8 स्टेज की तैयारी कर रहा था। एक मीडिया रिलीज के मुताबिक, एंथम में भारत आर्मी के सदस्य एक्टर अनिल कपूर, एक्टर राधिका मदान, भारत के पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह और स्पोर्ट्स प्रेजेंटर शेफाली बग्गा के साथ मिलकर नारे लगाते, ढोल बजाते और फैंस के सपोर्ट में सीन करते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह कोलेबोरेशन बड़े क्रिकेट इवेंट्स के दौरान माहौल बनाने में ऑर्गनाइज्ड सपोर्टर्स के योगदान को हाईलाइट करता है। भारत आर्मी के फाउंडर राकेश पटेल ने कहा कि क्रिकेट ग्रुप के लिए पैशन और विश्वास को दिखाता है, और एंथम का हिस्सा होना उसी एकता और गर्व की भावना को दिखाता है जो वे टीम इंडिया को सपोर्ट करते हुए स्टेडियम में लाते हैं। सपोर्टर्स ग्रुप के 22 फरवरी को अहमदाबाद में साउथ अफ्रीका के खिलाफ इंडिया के सुपर 8 मैच में शामिल होने की उम्मीद है, जो उनके ट्रैवल प्रोग्राम का हिस्सा है, और टूर्नामेंट के दौरान वे अलग-अलग जगहों पर अपनी मौजूदगी बनाए रखेंगे। इस एंथम को म्यूजिक जोड़ी रोहन-विनायक ने कंपोज किया है, ऋषि उपाध्याय ने लिखा है और विशाल ददलानी ने गाया है। यह ट्रैक आने वाली एक्शन-ड्रामा फिल्म सूबेदार के प्रमोशन का हिस्सा है, जिसमें अनिल कपूर, राधिका मदान, सौरभ शुक्ला, आदित्य रावल, मोना सिंह भी हैं।

# द. अफ्रीका ने यूएई को छह विकेट से हराया

**● इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका ने टूर्नामेंट में एक भी मुकाबना हारे बिना सुपर-8 में जगह बना ली**




**नई दिल्ली, वार्ता।** कॉर्बिन बॉश (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद डेवाल्ड ब्रेविस (36), रायन रिकलटन (30) और कप्तान एडन मारक्रम (28) की विस्फोटक बल्लेबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने टी-20 विश्वकप के 34वें मुकाबले में बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 40 गेंदे शेष रहते छह विकेट से शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही दक्षिण अफ्रीका ने टूर्नामेंट में एक भी मुकाबला हारे बिना सुपर आठ में जगह बना ली है।कॉर्बिन बॉश को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। 123 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका को कप्तान एडन मारक्रम और क्विंटन डी कॉक की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 32 रन जोड़े। तीसरे ओवर की आखिरी गेंद पर हैदरअली ने एडन मारक्रम को बोल्ड कर इस साझेदारी का अंत किया। मारक्रम ने 11 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए 28 रन बनाए। छठे ओवर में मुहम्मद जवादुल्लाह ने क्विंटन डी कॉक (14) को अपना शिकार बना लिया। इसके बाद रायन रिकलटन ने डेवाल्ड ब्रेविस ने तीसरे विकेट के लिए 49 रनों की साझेदारी कर दक्षिण अफ्रीका की जीत पक्की कर दी। 11वें ओवर में मोहम्मद फारूक ने रायन रिकलटन को आउटकर यूएई को तीसरी सफलता दिलाई। रिकलटन ने 16 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए 30 रनों की पारी खेली। अगले ही ओवर में दक्षिण अफ्रीका का चौथा विकेट डेवाल्ड ब्रेविस के रूप में गिरा। डेवाल्ड ब्रेविस ने 25 गेंदों में तीन छक्के और एक चौका लगाते हुए 36 रनों की पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका ने 13-2 ओवर में चार विकेट पर 123 रन बनाकर मुकबला छह विकेट से अपने नाम किया। यूएई के लिए हैदर अली, मुहम्मद जवादुल्लाह, मुहम्मद इरफान और मोहम्मद फारूक ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां आलीशान शराफु (45) और कप्तान मुहम्मद वसीम (22) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने वर्षा प्रभावित मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 122 रनों का स्कोर बनाया। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। आलीशान शराफु ने 38 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 45 रनों की पारी खेली। कप्तान मुहम्मद वसीम ने 12 गेंदों में चार चौके लगाए।

# साहिबजादा फरहान के शतक से पाक सुपर-8 में

**● फरहान की 100 रन की नाबाद शतकीय पारी की बदौलत पाक ने नामीबिया को एकतरफा अंदाज में 102 रन से रौंदा**

**कोलबों, वार्ता।** सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान (नाबाद 100) के शानदार शतक की बदौलत पाकिस्तान ने नामीबिया को बुधवार को एकतरफा अंदाज में 102 रन से रौंद कर टी 20 विश्व कप के सुपर आठ दौर में प्रवेश कर लिया।

पाकिस्तान ने तीन विकेट पर 199 रन का मजबूत स्कोर बनाने के बाद नामीबिया को 17.3 ओवर में 97 रन पर ढेर कर दिया। उस्मान तारिक ने 16 रन पर चार और शादाब खान ने 19 रन पर तीन विकेट लेकर नामीबिया का पुलिंदा बांध दिया। साहिबजादा को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। लक्ष्य का पीछा करते हुए नामीबिया के लिए पाकिस्तान का स्कोर बहुत बड़ा साबित हुआ। लॉरेन स्टीनकैंप ने 23 और अलेक्जेंडर ब्युसिंग वॉल्सचैंक ने 20 रन बनाये। अन्य बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक नहीं पहुंच सके। पाकिस्तान के स्तरीय स्पिनरों के सामने नामीबिया के बल्लेबाज विकेट पर टिक नहीं सके।

इससे पहले साहिबजादा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने के पाकिस्तान के फैसले को सही ठहराते हुए 58 गेंदों पर नाबाद 100 रन में 11 चौके और चार छक्के लगाए। साहिबजादा ने सैम अयूब के साथ पहले विकेट के लिए 40 रन ,सलमान आगा के साथ दूसरे विकेट के लिए 67 रन और शादाब खान के साथ चौथे विकेट की अविजित साझेदारी में 40 गेंदों में 81 रन जोड़े। पाकिस्तान के चरसड्डा के रहने वाले साहिबज़ादा फरहान ने बड़े दिन अपनी टीम की मदद की।

# कार्लोस अल्काराज ने दर्ज की 150वीं हार्ड-कोर्ट जीत



**● अल्काराज ने तनावपूर्ण दूसरे सेट में सर्व पर दो सेट पॉइंट बचाए, फिर टाई-ब्रेक में जीतकर अपनी 150 वीं टूर-लेवल हार्ड-कोर्ट जीत पक्की की**

**दोहा, वार्ता।** कार्लोस अल्काराज ने कतर एक्सॉनमोबिल ओपन में अपने विरोधी जैनिक सिनर की तेज शुरुआत के साथ तालमेल बनाए रखा, हालांकि टॉप सीड को दोहा में अपने शुरुआती टेस्ट में और मेहनत करनी पड़ी। ऑस्ट्रेलियन ओपन में करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने के बाद पहली बार खेलते हुए, 22 साल के अल्काराज ने आर्थर रिडरकनेच को 6-4, 7-6(5) से हराया। अल्काराज ने तनावपूर्ण दूसरे सेट में सर्व पर दो सेट पॉइंट बचाए, फिर टाई-ब्रेक में जीतकर अपनी 150वीं टूर-लेवल हार्ड-कोर्ट जीत पक्की की और 2026 सीजन में अपनी शानदार शुरुआत को 8-0 तक बढ़ाया। अल्काराज ने अपनी एक घंटे, 47 मिनट की जीत के बाद कहा कि यह सच में मुश्किल था।आर्थर सच में एक खतरनाक खिलाड़ी है। कोई भी उसके खिलाफ पहले राउंड में नहीं खेलना चाहता। मैं लेवल से खुश हूं। मुझे खुशी है कि मैं मैच में मुश्किल पलों से निकल गया। मुझे खुशी है कि मैं शांत और पॉजिटिव रहा, और बढ़िया टेनिस खेला। अल्काराज ने अपने शॉटमेकिंग का पूरा स्पेक्ट्रम दिखाया, लेकिन यह उनकी सिग्नेचर ड्रॉप वॉली थी जिसने सबका ध्यान खींचा। उन्होंने अकेले शुरुआती सेट में ही नाजुक टच से तीन शानदार विनर्स मारे और अपने कुल नेट पॉइंट्स का 76 परसेंट (16/21) शानदार जीता। दूसरे सेट में, रिडरकनेच ने अपनी तेजी बढ़ाई और सटीक सर्व करके मैच को टाई-ब्रेक में पहुंचा दिया। हालांकि, 6'5" का यह फ्रेंचमैन उस मोमेंटम को और आगे नहीं ले जा सका।

## ईला ने टॉप-10 में तीसरी जीत हासिल की

**दुबई, वार्ता।** एलेक्जेंड्रा ईला का सितारा चमकता जा रहा है। मंगलवार रात दुबई में, उन्होंने अपने करियर की सबसे बड़ी जीत में से एक हासिल की, जिसमें उन्होंने वर्ल्ड नंबर 8 और पूर्व चैंपियन जैस्मीन पाओलिनी को 1 घंटे 40 मिनट में 6-1, 7-6 (5) से हराया। उन्होंने दूसरे सेट के तनावपूर्ण टाईब्रेक में अपना पांचवां मैच पॉइंट बदलकर जीत हासिल की।

ईला ने सेंटर कोर्ट पर एक बड़ी, मुखर फिलिपिनो भीड़ को खींचा, और उन्होंने उन्हें एक शानदार परफॉर्मेंस से इनाम दिया। 20 साल की इस खिलाड़ी ने डब्ल्यूटीए टूर पर अपनी तीसरी टॉप 10 जीत हासिल की, और पिछले साल मियामी सेमीफाइनल में शानदार जीत के बाद यह उनकी पहली जीत थी, जिसने उन्हें दुनिया के सामने ला खड़ा किया। इस जीत से वह मियामी के बाद पहली बार डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट के राउंड ऑफ 16 में भी पहुंच गई हैं। एला ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में कहा कि सारे इमोशन इसलिए आ रहे हैं क्योंकि टेंशन बहुत ज्यादा था, खासकर उस दूसरे सेट के दौरान।इसलिए मैं सच में बहुत खुश हूं कि मैं जीत गई। (पाओलिनी) एक बेहतरीन अपोनेंट हैं, जाहिर है, टॉप 10 में होने और यहां की पूर्व चैंपियन होने के नाते, इसलिए इस लेवल पर उनके साथ मुकाबला कर पाना मेरे लिए एक बड़ी कामयाबी है। अपनी सर्विंग के लिए मशहूर नहीं, ईला शुरुआती सेट में सर्व पर हावी रहीं। उन्होंने अपनी पहली सर्व में 67: पॉइंट्स लगाए और उनमें से 86प्रतिशत पॉइंट्स जीते। उन्होंने दूसरी सर्व पॉइंट्स में 57प्रतिशत पॉइंट्स जोड़े और सेट में एक भी ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं किया। दूसरे सेट में एक पल के लिए ऐसा लगा कि ईला 2-1 की बढ़त बनाने के बाद जीत सकती हैं।

# ऑस्ट्रेलिया के टी-20 विश्व कप में 'खराब' प्रदर्शन पर भड़के रिकी पोंटिंग



**● कहा: जिम्बाब्वे से उनकी हार टूर्नामेंट से उनके जल्दी बाहर होने का अहम कारण बनी**

**दुबई, वार्ता।** रिकी पोंटिंग ने पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया के कैंपेन को ष्बहुत खराब बताया है, और कहा कि जिम्बाब्वे से उनकी हार टूर्नामेंट से उनके जल्दी बाहर होने का अहम कारण बनी। ऑस्ट्रेलिया तीन मैचों में से सिर्फ एक जीत हासिल कर पाया और सुपर आठ स्टेज की दौड़ से बाहर हो गया, पूर्व कप्तान ने चोटों और खास खिलाड़ियों के खराब प्रदर्शन को बड़ी नाकामी बताया। पोंटिंग ने द आईसीसी रिव्यू के लेटेस्ट एपिसोड में कहा कि यह कहना होगा कि यह बहुत खराब कैंपेन रहा है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग स्टेज पर जोश हेजलवुड, पैट कमिंस और टिम डेविड जैसे खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी ने टीम के बैलेंस को बिगाड़ दिया। पोंटिंग ने कहा कि जिम्बाब्वे से हार टीम को परेशान करेगी। उन्होंने कहा कि यह सोचना कि जिम्बाब्वे ने आईसीसी इवेंट में ऑस्ट्रेलिया को हरा दिया, ए ऐसे मौके हैं जिन्हें आप इस तरह के टूर्नामेंट में नहीं छोड़ सकते कि और कहा कि श्रीलंका भी शानदार रन चेज के साथ बहुत मजबूत साबित हुआ। दो बार के वर्ल्ड कप जीतने वाले कप्तान ने यह भी माना कि ऑस्ट्रेलिया के बाहर होने के बाद उन्हें भारतीय दोस्तों से मजाक का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि आप अच्छे के साथ बुरे को भी लेते हैं, और ज्यादातर बार, मैं खुद ही एक-दूसरे को मजाकिया मैसेज भेज पाता हूं, लेकिन इस टूर्नामेंट में तो बिल्कुल नहीं। पोंटिंग ने कहा कि मौजूदा टी-20 टीम में पिछली ऑस्ट्रेलियाई टीमों जैसा ऑरा नहीं था और उसने जरूरी मौकों पर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। उन्होंने बताया कि कैमरून ग्रीन और टिम डेविड समेत टॉप ऑर्डर जरूरी कंसिस्टेंसी नहीं दिखा पाया, जबकि श्रीलंका के खिलाफ 20 रन पर छह विकेट गिरने से उनके मौके कम हो गए। उन्होंने इस बात को खारिज कर दिया कि ऑस्ट्रेलिया टी-20 वर्ल्ड कप को प्रायोरिटी नहीं देता, और जोर देकर कहा कि आईसीसी ट्रॉफी ही आखिरी लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि आप वर्ल्ड कप जीतने और टाइटल जीतने के लिए खेलते हैं। हमारे जितने खिलाड़ी बाहर थे

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# उम्मीद जगाती वार्ता

यह अच्छी बात है कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम व उसकी बेलेस्टिक मिसाइल को लेकर स्विटजरलैंड की राजधानी जेनेवा में अमेरिका और ईरान के बीच मंगलवार को चली बातचीत सकारात्मक दिशा की ओर बढ़ती दिखाई दे रही है। बातचीत के बाद ईरान के विदेश मंत्री सै. अब्बास अरागची ने वार्ता को सकारात्मक बताते हुए कहा भी कि यह बातचीत ओमान की राजधानी मसकट में हुई पहले दौर की वार्ता से बेहतर और ज्यादा रचनात्मक है। उनका कहना था कि यह विशेष बातचीत दिशा देने वाले सिद्धांतों पर दोनों पक्षों के बीच आम सहमति बनने पर समाप्त हुई और जल्द ही एक संभावित समझौते का मसौदा तैयार करने की दिशा में बढ़ेंगे। इस बातचीत की मध्यस्थता ओमान कर रहा है और जेनेवा में ओमानी दूतावास में यह बातचीत हुई है। हालांकि उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के बीच जो अविश्वास की खाई है उसको पाटने में अभी समय लगेगा। अरागची की मानें, तो बातचीत में एक टिकाऊ समाधान के लिए एक नया रास्ता खुल गया है जो ईरान के अधिकारों का सम्मान करते हुए पूरे क्षेत्र और सभी के हितों की रक्षा करेगा। ओमान के विदेश मंत्री जो इस बातचीत में मध्यस्थता कर रहे हैं, उन्होंने भी इस बातचीत को रचनात्मक बताया है, लेकिन अमेरिका की तरफ से जिस तरह का बयान आया वह संशय पैदा करता है और बताता है कि अमेरिका इस बैठक से पूरी तरह संतुष्ट नहीं है। अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वैन्स ने कहा भी है कि मंगलवार की बातचीत के कुछ पहलू सकारात्मक थे, लेकिन ईरान ने अभी तक राष्ट्रपति ट्रम्प की कुछ बातों को नहीं माना और इनसे पीछे नहीं हटा जा सकता। उन्होंने जोर देकर कहा है कि अभी भी सख्त टेबल पर हैं। मतलब साफ है कि अभी वार्ता से कोई हल नहीं निकला है और सबकुछ बातचीत की टेबल पर ही है। ईरान भी पूरी सतर्कता बरतता दिखाई दे रहा है। वार्ता के बीच ही उसने होर्मुज की खाड़ी में एक नौसेनिक अभ्यास किया। जिसमें उसने दिखाने की कोशिश की कि अगर हालात बिगड़ते हैं तो वह इस क्षेत्र को बाधित कर सकता है। हॉर्मुज की खाड़ी व्यापार के लिहाज से बेहद संवेदनशील है और एक अनुमान के अनुसार दुनिया का 20 प्रतिशत इसी रास्ते से होकर गुजरता है। ईरान की आईआरजीसी के अधिकारी समाचार आउटलेप में बताया गया है कि इस अभ्यास का मकसद नौसेना की तैयारी का परीक्षण करना और समुद्र में सुरक्षा और जवाबी हमले का अभ्यास करना था। अमेरिका भी पूरी तरह ईरान को घेरने में लगा है और उसने यूएसएस अब्राहम लिंकन व एयरक्राफ्ट बैरियर यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड को ईरान की घेराबंदी में लगाया हुआ है। फिल्हाल अच्छी बात यही है कि कोई तनाव बढ़ने की खबर सामने नहीं आई है और दोनों बातचीत से हल निकालने की बात कर रहे हैं, लेकिन सबसे बड़ी दिक्कत दोनों पक्षों के बीच अविश्वास की खाई है।

## कार्यकर्ता हाथी की मस्त चाल चलते रहें



यूपी में जैसे-जैसे चुनाव पास आएंगे, जो लोग हमारे खिलाफ हैं, वे हमें सत्ता से दूर रखने की और भी को. शिश करेंगे, हमारे खिलाफ साजिश करेंगे, सिर्फ यूपी में ही नहीं, देशभर में अंबेडकरवादियों को बाबा साहेब डा. अंबेडकर का आत्म- सम्मान पाने के आंदोलन को मजबूत करने के लिए काम करते रहना चाहिए, बसपा के यूपी विधानसभा चुनाव गठबंधन में लड़ने की बात फेक न्यूज है, बसपा अकेले अपने बलबूते पर चुनाव लड़ेगी, बसपा के लोगों को अच्छी तरह से मालूम है कि कांग्रेस, सपा व भाजपा आदि पार्टियों की सोच संकीर्ण व अंबेडकर विरोधी है, ये लोगों का ध्यान भटकाने को ही घिनौनी साजिशें करते रहते हैं, पाटी कार्यकर्ता हाथी की मस्त चाल चलते रहें।

**-सुश्री मायावती, बसपा सुप्रीमो**

# खेतों की मेढ़ पर खड़ा ग्लोबल वार्मिंग का सच



पंकज चतुर्वेदी



प्रकृति के कैलेंडर में फरवरी का महीना आमतौर पर गुलाबी ठंड और वसंत की मंद बयार का प्रतीक माना जाता रहा है। यह वह समय होता है जब रबी की फसलें और आम के बगीचे अपने पूर्ण यौवन पर होते हैं। लेकिन साल 2026 की यह फरवरी डराने वाली है। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर, औरैया और बुंदेलखंड के पठारों से लेकर बिहार के कैमूर और समस्तीपुर तक, सूरज की तपिश ने समय से पहले ही मार्च के अंत वाले रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। फरवरी के मध्य में ही देश के एक बड़े हिस्से में पारा 30 से 32 डिग्री सेल्सियस के पार जा चुका है, जो सामान्य से करीब 5 से 7 डिग्री अधिक है। यह केवल एक मौसमी उतार-चढ़ाव नहीं है, बल्कि ग्लोबल वार्मिंग का वह क्रूर चेहरा है जो सीधे हमारी थाली और देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर प्रहार कर रहा है। हालिया समाचार और कृषि विश्वविद्यालयों के आंकड़े गवाही दे रहे हैं कि भारत में श्सर्दियों का संकुचन अब एक स्थाई संकट बनता जा रहा है।

जलवायु परिवर्तन का सबसे घातक प्रहार हमारी खाद्य सुरक्षा और श्फलों के राजाश आम पर हो रहा है। रबी की मुख्य फसल गेहूं के लिए फरवरी का दूसरा पखवाड़ा ग्रैन फिलिंग यानी बालियों में दाना भरने की अवस्था का होता है। इस नाजुक दौर में अचानक बढ़ी गर्मी थर्मल स्ट्रेस पैदा कर रही है। जब तापमान 30 डिग्री के ऊपर बना रहता है, तो पौधों के भीतर चयापचय की प्रक्रिया असामान्य रूप से तेज हो जाती है और दाना पूरी तरह विकसित होने से पहले ही सख्त होने लगता है। इसे वैज्ञानिक भाषा में फोर्स्ड मेच्योरिटी कहा जाता है। परिणामस्वरूप, दाना छोटा, हल्का और झुर्रियों वाला रह जाता है। कृषि वैज्ञानिकों का अनुमान है कि यदि तापमान में इसी तरह की वृद्धि जारी रही, तो गेहूं की पैदावार में प्रति हेक्टेयर 15 से 20 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। सागर और औरैया के खेतों से आ रही रिपोर्टें बताती हैं कि गेहूं की बालियां समय से पहले सफेद पड़ रही हैं, जो सीधे तौर पर किसान की साल भर की मेहनत पर पानी फेरने जैसा है।

यही संकट बिहार के गौरव, आम के मंजरों पर भी मंडरा रहा है। विशेषज्ञ विश्लेषण बताते हैं कि आम का पुष्पन जाड़े के अंत और बसंत की शुरुआत में स्थिर तापमान और मध्यम आर्द्रता में होता रहा है। किंतु तापमान की वर्तमान अनिश्चितता ने इस प्रक्रिया को श्रोलर-कोस्टरश बना दिया है। लगातार 27-30 डिग्री से ऊपर का तापमान मंजर को समय से पहले परिपक्व कर देता है, जिससे फूलों की गुणवत्ता घटती है और वे झड़ने लगते हैं। इसके विपरीत, यदि अचानक तापमान गिरता है, तो फूलों का खुलना असमान हो जाता है। सुबह की अत्यधिक नमी फफूंदजनित रोगों का जोखिम बढ़ा रही है, जबकि दोपहर की शुष्क हवा पराग के अंकुरण को बाधित कर रही है। नतीजा यह है कि या तो फूल गिर रहे हैं, या निषेचन के बाद भी फल टिक नहीं पा रहे हैं। पछिया हवा की बढ़ती तीव्रता ने इस समस्या को और गंभीर बना दिया है, जिससे मंजरों की यांत्रिक गिरावट बढ़ गई है।

बुंदेलखंड और उत्तर भारत के अन्य हिस्सों में इस साल पश्चिमी विक्षोभ की विफलता ने आग में घी का काम किया है। आमतौर पर सर्दियों में होने वाली मावट या बारिश फसलों के लिए अमृत समान होती थी, लेकिन इस साल शुष्कता और बढ़ती गर्मी ने मिट्टी की नमी को सोख लिया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के रिकॉर्ड बताते हैं कि पिछले एक दशक में फरवरी के महीने में लू जैसी स्थितियों की आवृत्ति बढ़ी है। यह पैटर्न स्पष्ट संकेत दे रहा है कि भारत के मौसम चक्र से श्वसंतश ऋतु धीरे-धीरे गायब हो रही है और हम सीधे कंपकपाती सर्दी से झुलसाने वाली गर्मी के दौर में प्रवेश कर रहे हैं। इसका असर केवल गेहूं और आम पर ही नहीं, बल्कि सरसों और दलहन पर भी पड़ रहा है। सरसों की फलियों में तेल की मात्रा कम होने की आशंका है और चने के पौधों में फूल समय से पहले ही झड़ रहे हैं। इस विकट परिस्थिति का निदान अब केवल पारंपरिक खेती के ढर्रे पर चलकर संभव नहीं है। हमें क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर यानी जलवायु-अनुकूल कृषि की ओर युद्धस्तर पर बढ़ना होगा। मिट्टी की नमी बचाने के लिए गन्ने की सूखी पत्तियों, भूसे या सूखी घास से श्मल्चिंगश करना अब विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है। यह तकनीक सतह के तापमान को स्थिर रखती है और पानी के वाष्पीकरण को रोकती है। इसके साथ ही, सूक्ष्म-सिंचाई ड्रिप/स्प्रिंकलर को अपनाकर कम पानी ज्यादा असर के सिद्धांत पर काम करना होगा। बागों की मेढ़ों पर कटहल, बांस या नीम जैसे विंडब्रेक वायुरोधी अवरोध लगाने चाहिए ताकि तेज पछिया हवाओं से फूलों और फलों का बचाव हो सके। यह छोटे-छोटे प्रबंधन ही बड़े आर्थिक नुकसान को रोकने में सक्षम हैं।

वैज्ञानिक परामर्श के अनुसार, पुष्पन के दौरान बोरॉन और जिंक जैसे सूक्ष्म-पोषक तत्वों का संतुलित छिड़काव फूलों की जीवन-क्षमता को बढ़ा सकता है। साथ ही, कीटों और रोगों के प्रबंधन के लिए मौसम-पूर्वानुमान आधारित छिड़काव ही कारगर होगा। सरकार और संस्थागत सहयोग की भूमिका भी अब केवल मुआवजा वितरण तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। ब्लॉक-स्तरीय मौसम परामर्श और सटीक पूर्वानुमान आज किसानों के लिए सबसे बड़े निर्णय-सहायक उपकरण हैं। जलवायु परिवर्तन के इस दौर में किस्मों का विवेकपूर्ण चयन भी महत्वपूर्ण है। आम्रपाली, मल्लिका और गेहूं की हीट टॉलरेंट किस्में जैसे डीबीडब्ल्यू 187 बदलती परिस्थितियों में बेहतर अनुकूलन दिखा रही हैं। जलवायु परिवर्तन अब कोई दूरगामी चेतावनी नहीं, बल्कि हमारे खेतों की मेढ़ पर खड़ा एक कड़वा सच है। फतेहपुर से लेकर कैमूर और सागर से लेकर समस्तीपुर तक के किसान आज जिस तनाव में हैं, वह आने वाले एक बड़े खाद्य संकट की आहट है। यदि देश के कुल अनाज उत्पादन में बड़ी गिरावट आती है, तो इसका असर केवल किसान की आय पर ही नहीं, बल्कि देश की जीडीपी और आम आदमी की रसोई पर पड़ेगा। हमें यह समझना होगा कि धरती का बढ़ता तापमान हमारे विकास के मॉडल पर प्रकृति का प्रतिघात है। मिट्टी की नमी को बचाना और बदलती जलवायु के अनुसार खुद को ढालना अब हमारी पसंद नहीं, बल्कि अस्तित्व की मजबूरी है। फरवरी की यह असाधारण तपिश एक चेतावनी है कि यदि हम आज नहीं जागे, तो भविष्य के वसंत केवल लोकगीतों में ही जीवित बचेंगे।

बुंदेलखंड की कराह, बिहार की तपिश और उत्तर भारत के मैदानी इलाकों की चिंता को सामूहिक राष्ट्रीय प्रयास से ही दूर किया जा सकता है। नीति निर्माताओं, कृषि वैज्ञानिकों और स्वयं किसानों को एक मंच पर आकर इस चुनौती का सामना करना होगा। आम का मौसम अब पहले जैसा स्थिर नहीं रहा, लेकिन विज्ञान-आधारित प्रबंधन और समयबद्ध निर्णयों के साथ हम इस नई सच्चाई के साथ तालमेल बिठा सकते हैं। प्रकृति अपना अलार्म बजा चुकी है, और अब यह हमारे ऊपर है कि हम समय रहते जागते हैं या अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक झुलसा हुआ भविष्य छोड़कर जाते हैं। संपादन के पन्नों पर इस विषय का केंद्र में होना ही इसकी गंभीरता को रेखांकित करता है, लेकिन असली समाधान तब होगा जब हर खेत में बदलती जलवायु से लड़ने का सामर्थ्य होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**19 फरवरी से रमजान का पाक महीना शुरू हो रहा है। ये वक्त सिर्फ रोजा रखने का नहीं, बल्कि अपने दिल-दिमाग को पाक करने, सब्र सीखने और इंसा. नियत को और मजबूत करने का महीना होता है। रमजान का चांद देखने के बाद से ही हर मुसलमान एक दूसरे को रजमान की मुबारकबाद देते हैं और गले लगते हैं। अगर आप भी अपने परिवार, दोस्तों और खास लोगों को रमजान की मुबा. रबाद देना चाहते हैं तो ये आर्टिकल आपके लिए है।**

# इबादत, मग़फ़िरत का महीना है रमज़ान



हाजी हारून अली




रमजान का पाक महीना अल्लाह की इबादत करने का महीना है। रमजानुल मुबारक में अल्लाह ने खासतौर पर पांच चीजों से नवाजा है। रोजेदार के लिए दरिया की मछलियां भी मगफिरत की दुआ करती हैं। जन्नत हर दिन रोजेदारों के लिए सजाई जाती है। इस महीने में शरारती शैतान को कैद कर दिया जाता है। रमजान की आखिरी रात रोजेदारों की मगफिरत की जाती है। रमजान का महीना अल्लाह की इबादत करने व मगफिरत का महीना है।

रमजान के महीने में कुछ ऐसे काम बताए जो रोजेदारों को करने चाहिएं। रोजा रखते हुए तरावीह पढ़ें, तमाम गुनाओं से तौबा करें, कलमा और इस्तगफार ज्यादा पढ़ें। कुरआन की ज्यादा से ज्यादा तिलावत करें। ऐतकाफ में बैठें, शब-ए-कद्र की तलाश करें, सदका व खैरात करें और रोजा इफ्तार कराएं। अपनी इस्लाह की कोशिश करें, आखिरत की फिक्र पैदा करें। पांच वक्त नमाज जमाअत के साथ पढ़ें। हलाल माल से ही रोजा इफ्तार करें वरना सारे दिन की मेहनत बेकार चली जाएगी। इफ्तार के बाद भी अल्लाह से डरता रहें।

चुगली गीबत न करें, झूठ न बोलें, रिश्वत न दें और न ही लें। जादू टोना न करें और न कराएं। जिनाकारी बदकारी चोरी डकैती से परहेज करें। मस्जिदों को खेलकूद व शोर शराबे से महफूज रखें और दुनिया की बातें न करें। फिल्में, धारावाहिक, गाने सुनने व गाने से बचें। जुल्म न करें, किसी का हक न मारें, किसी का दिल न तोड़ें। किसी पर जुल्म व सितम न करें, हर उस काम से बचें जिसको अल्लाह ने और उसके नबी हजरत मुहम्मद (स.) ने मना फरमाया है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# एपस्टीन फाइल्स : यही है शक्तिशाली लोगों की हकीकत

निर्मल रानी



इन दिनों एप्सटीन फाइल्स का भूत अमेरिका से लेकर भारत तक सड़कों पर नाच रहा है। अमेरिकी कांग्रेस के कानून के अन्तर्गत और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर हस्ताक्षर के बाद ही अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा यह फाइल्स जारी की गई हैं। इस आदेश के तहत अमेरिकी न्याय विभाग को एपस्टीन से जुड़े सभी अनक्लासिफाइड रिकॉर्ड्स, दस्तावेज, कम्युनिकेशन्स और जांच सामग्री सार्वजनिक करने का निर्देश प्राप्त है। हालांकि यह कानून 2025 में कांग्रेस के दोनों सदनों (हाउस और सीनेट) से लगभग सर्वसम्मति से पास हुआ था और राष्ट्रपति ट्रंप ने 19 नवंबर 2025 को इस पर हस्ताक्षर किए थे। इसी कानून के तहत अमेरिकी न्याय विभाग ने समय-समय पर फाइल्स जारी की परन्तु इन फाइल्स का बड़ा हिस्सा गत 30 जनवरी 2026 को जारी किया गया, जिसमें 3.5 मिलियन से ज्यादा पृष्ठ , 2,000 से अधिक वीडियो और लगभग 1,80,000 फोटो शामिल थे। एप्सटीन फाइल्स के इसी खुलासे के बाद पूरी दुनिया में हड़कंप मच गया। दुनिया के जाने माने लोगों के चेहरे से नकाब हटने लगी। इन फाइल्स के सार्वजनिक होने के बाद एप्सटीन के यौन अपराधों, ट्रैफिकिंग नेटवर्क और शक्तिशाली व्यक्तियों के साथ उनके संबंधों की गहराई उजागर हुई।

गौरतलब है कि जेफरी एप्सटीन, एक अमीर फाइनेंसर और दोषी यौन अपराधी है। इसने अनेक नाबालिग लड़कियों और युवा महिलाओं का शोषण किया, और इन फाइल्स में राजनीतिक, व्यापारिक और



सामाजिक हस्तियों के कई नाम सामने आए। इन खुलासों के बाद कई प्रमुख व्यक्तियों का भविष्य व जीवन प्रभावित हुआ। कई लोगों को इस्तीफे देने पड़े तो कई के विरुद्ध जांच बिठाई गई। आपना नाम आने पर कई लोग शर्मिंदगी से जहां मुंह छुपाते घूम रहे हैं यहां तक कि इस नेटवर्क में नाम आने के बाद कई लोग भूमिगत हो चुके हैं और मीडिया से मुंह छुपाते फिर रहे हैं। वहीं भारत में केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी जैसे विशिष्ट भी हैं जो एप्सटीन फाइल्स के खुलासे के अनुसार तो जेफरी एपस्टीन से 14 बार मिले परन्तु वे स्वयं एपस्टीन से 8 सालों में केवल 3-4 बार की मुलाकात को ही स्वीकार करते हैं। इसके बावजूद वह इस सवाल से बच नहीं पा रहे कि 13 -14 बार या 3-4 बार नहीं बल्कि यदि एक सजायाफ्ता बदनाम यौन अपराधी से हरदीप पुरी एक बार भी मिले तो उस मुलाकात की वजह क्या थी? जो व्यक्ति खुद स्वीकार कर चुका है कि वह कम उम्र की बच्चियों से सैक्स करने का आदी था ऐसे भेड़िया मानसिकता वाले व्यक्ति से मुलाकात क्यों की गई? किसके कहने पर या किसके लिए की गई? बहरहाल उम्मीद की जा रही है कि अभी दुनिया के और भी अनेकानेक सफेदपोश भेड़ियों के नाम सामने आएंगे और इस्तीफों की भी झड़ी लग सकती है।

दुनिया में आए दिन घटित होने वाली तमाम घटनाएं ऐसी हैं जो पितृ सत्ता या पुरुष प्रधान समाज का बार बार एहसास कराती हैं परन्तु इस घटना में तो जेफरी एप्सटीन पर 2019 में न्यूयॉर्क में संघीय अदालत ने उसपर सेक्स ट्रैफिकिंग ऑफ माइनर्स के आरोप लगाए, जिसमें दर्जनों नाबालिग लड़कियों यहां तक कि 14 साल से भी कम उम्र की कुछ बच्चियों का यौन शोषण शामिल था। यह उसकी स्वीकारोक्ति थी कि उसने नाबालिग लड़कियों से यौन संबंध बनाए व अवैध काम किए। इसलिए इस विश्वव्यापी नेटवर्क से पर्दा उठने के बाद अब यह सवाल भी उठने लगा है कि दुनिया के धनाढ्य और शक्तिशाली लोगों की नजर में महिलाओं, खासकर छोटी बच्चियों का क्या स्थान है? महिलाओं को बराबरी का दर्जा देने का ढोंग रचने वाला सफेदपोश पुरुष प्रधान समाज जो कभी महिलाओं को आधी आबादी कहकर खुश करता है तो कभी बच्चियों को कंजक व देवी के रूप में पूजता भी है उन्हीं बच्चियों को अपने पैसे व सत्ता के बल पर अपनी हवस का निशाना बनाने वाले लोग नाबालिग लड़कियों और युवा महिलाओं का शारीरिक शोषण भी करते हैं?

निश्चित रूप से एपस्टीन फाइल्स पितृसत्ता की एक गहरी तस्वीर पेश करती हैं, जहां धनाढ्य पुरुष विश्वव्यापी नेटवर्क बनाते हैं और एक दूसरे से जानकारी साझा करते हैं और महिलाओं को परिधि पर रखते हैं। वास्तव में आधी आबादी को प्राय: सहयोगी,या यौन सुख प्रदान करने वाली के रूप में ही देखा जाता है न कि समान भागीदार के रूप में। खासकर गरीब परिवारों की छोटी बच्चियों को तो कमजोर और आसानी से नियंत्रित करने योग्य माना जाता था। एपसटीन के नेटवर्क में शामिल कुछ पुरुषों ने कथित तौर पर इन लड़कियों को उपहार के रूप में इस्तेमाल किया, जिससे व्यापारिक या राजनीतिक लाभ मिलते थे। यह दर्शाता है कि शक्तिशाली लोगों की नजर में, महिलाएं और लड़कियां अक्सर सत्ता और प्रभाव बनाए रखने का साधन बन जाती है न कि कोई सम्मानजनक मानव। महिलाओं को केवल प्रजनन उपकरण के रूप में देखना भी पितृसत्ता की ही एक गहरी साजिश है।

इसलिए एपसटीन फाइल्स से प्राप्त हो रहे ब्यौरों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि एपसटीन जैसे मामलों में जहां कुछ शक्तिशाली व्यक्तियों द्वारा छोटी मासूम बच्चियों को मात्र अपनी यौन संतुष्टि के लिए या अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सौदेबाजी के साधन के रूप में अथवा किसी विशिष्ट व्यक्ति को ब्लैकमेल करने की गरज से इस्तेमाल किया गया। यह एक ऐसी व्यवस्थित समस्या है जहां धन, सत्ता के बल पर और जवाबदेही की कमी से ऐसी संस्कृति पनपती है। संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों के अनुसार, यह वैश्विक अपराध नेटवर्क का हिस्सा है, जहां महिलाओं और लड़कियों का वस्तुकरण नस्लवाद और भ्रष्टाचार से जुड़ा है। हालांकि, FBI की जांच में ट्रैफिकिंग रिंग के लिए पर्याप्त सबूत भले ही नहीं मिले परन्तु पीड़ितों की गवाहियां बताती हैं कि यह शोषण अत्यंत व्यापक था। यह फाइल्स यह भी दिखाती है कि सत्ता के शीर्ष पर मिसोगिनी (स्त्री-द्वेष) और यौन हिंसा कैसे सामान्यीकृत हो जाती है। यह एक ऐसी विकृत पुरुष प्रधान व्यवस्था का प्रतिबिंब भी है जहां पीड़ितों को न्याय मिलना मुश्किल रहता है। एप्सटीन फाइल्स ऐसे ही शक्तिशाली पुरुष भेड़ियों की हकीकत को उजागर करती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# खलीलुर रहमान ने दिया अराकान कॉरिडोर पर संकेत

## पश्चिमी नीति-निर्माण हलकों में सहज, अमेरिकी प्रशासन के करीब हैं बांग्लादेश के नए विदेश मंत्री

**नई दिल्ली।** बंगलादेश के नए प्रधानमंत्री तारिक़ रहमान के मंत्रिमंडल में खलीलुर रहमान को विदेश मंत्री बनाये जाने को देश के कूटनीतिक हलकों में विदेश नीति की 'सावधानीपूर्वक पुनर्संतुलन प्रक्रिया' के रूप में देखा जा रहा है। इससे पहले वह अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) रह चुके हैं।

विश्लेषकों का कहना है कि वह पश्चिमी नीति-निर्माण हलकों में सहज माने जाते हैं और उन्हें अमेरिकी प्रशासन के करीब समझा जाता है। ऐसे समय में यह तथ्य अहम माना जा रहा है, जब बंगलादेश अमेरिका के साथ एक असंतुलित माने जा रहे व्यापार समझौते के बीच अपने संबंधों को साधने की कोशिश कर रहा है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष एनएसए के रूप में उनकी नियुक्ति उस समय बीएनपी नेतृत्व के कड़े विरोध के बावजूद हुई थी। भारत के पूर्व उच्चायुक्त पिनाक आर. चक्रवर्ती ने कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि बीएनपी का हिस्सा न होने के बावजूद खलीलुर रहमान को विदेश



■ पिछले वर्ष एनएसए के रूप में उनकी नियुक्ति उस समय बीएनपी नेतृत्व के कड़े विरोध के बावजूद हुई थी

मंत्री बनाया गया है। वह तथाकथित टेक्नोक्रेट कोटे से आए हैं। उनकी नियुक्ति से संकेत मिलता है कि तारिक रहमान के कार्यकाल में भी अमेरिकी प्रभाव बना रहेगा। भारत ने आधिकारिक तौर पर उनकी नियुक्ति का स्वागत किया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि वह आपसी प्रगति और समृद्धि के लिए सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए उनके साथ काम करने को उत्सुक हैं। मुहम्मद यूनुस के कार्यकाल के दौरान खलीलुर रहमान रोहिंग्या मुद्दे पर मुख्य सलाहकार के उच्च प्रतिनिधि के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। उन्हें उन प्रभावशाली आवाज़ों में शामिल माना जाता है, जिन्होंने 'अराकान कॉरिडोर' के निर्माण की वकालत की थी। यह एक मानवीय मार्ग होगा, जो चटगांव से होकर म्यांमार के रखाइन राज्य तक सहायता पहुंचाने में मदद करेगा। समर्थकों का कहना है कि यह गलियारा मानवीय और रणनीतिक दोनों उद्देश्यों की पूर्ति करेगा तथा लंबे समय से चले आ रहे रोहिंग्या शरणार्थी संकट को लेकर बंगलादेश पर बने अंतर्राष्ट्रीय दबाव को कम कर सकता है। आलोचकों का मानना है कि इससे संप्रभुता, सुरक्षा जोखिम और म्यांमार के आंतरिक संघर्ष में गहराई से उलझने की आशंका बढ़ सकती है। चक्रवर्ती ने यह भी कहा कि खलीलुर रहमान हालिया बंगलादेश-अमेरिका व्यापार समझौते को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं और इसी कारण वह नई बीएनपी सरकार के लिए मूल्यवान बने रहेंगे, जो भविष्य में बेहतर शर्तें हासिल करने की कोशिश करेगी।

## डिएगो गार्सिया सैन्य अड्डे के महत्व पर अमेरिका मॉरीशस में वार्ता

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा है कि अमेरिका चागोस द्वीप समूह पर स्थित डिएगो गार्सिया सैन्य अड्डे के महत्व को रेखांकित करने के लिए वह मॉरीशस के साथ बातचीत करेगा। अमेरिकी विदेश विभाग ने एक बयान में कहा कि अमेरिका और मॉरीशस 23-25 फरवरी तक पोर्ट लुई में विचार-विमर्श करेंगे। इसका नेतृत्व विदेश विभाग का राजनीतिक-सैन्य मामलों का ब्यूरो करेगा और इसमें विभिन्न अमेरिकी अंतर-एजेंसी प्रतिनिधि शामिल होंगे। यह चर्चा हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चागोस द्वीप समूह और डिएगो गार्सिया पर स्थित अमेरिका-ब्रिटेन सैन्य अड्डे के निरंतर महत्व पर केंद्रित होगी। इस वार्ता का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग के साथ-साथ सैन्य अड्डे के संचालन को सुनिश्चित करने की व्यवस्था पर ध्यान केंद्रित करना होगा।




मुंबई। जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में जलवायु सप्ताह 2026 के दौरान बोलती पूर्व अमेरिकी विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन।

## बेनिन उत्तरी इलाके फ्रेंच और यूक्रेनी भाड़े के सैनिकों के नियंत्रण में: त्वियानी

**अबुजा।** नाइजीरिया के राष्ट्रपति अब्दौराहमाने त्वियानी ने कहा है कि बेनिन के उत्तरी इलाके फ्रेंच और यूक्रेनी भाड़े के सैनिकों के नियंत्रण में हैं। त्वियानी ने मंगलवार को नाइजीरियाई प्रसारक आरटीएन को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि हम बेनिन में भी ऐसी ही हालत देख रहे हैं। हमने अपनी चिंताएं बताईं और उन्होंने हमसे कहा कि हमें बेनिन के अच्छे से एकीकृत वायु रक्षा प्रणाली से ईर्ष्या हो रही है, लेकिन यह रक्षा प्रणाली कहां है, उत्तरी बेनिन में एक भी बेनिनी सैनिक नहीं है। आतंकवादी, फ्रेंच और यूक्रेनी भाड़े के सैनिक इस इलाके के प्रभारी हैं। यही सच्चाई है। उन्होंने कहा कि 29 जनवरी की सुबह, नियामे हवाईअड्डे पर हमला हुआ।

# अमेरिका से दूसरे दौरे की बातचीत रचनात्मक: अराघची

## दिशा देने वाले सिद्धांतों पर दोनों पक्षों के बीच आम सहमति बन गई है: ईरानी विदेश मंत्री

**काहिरा।** अमेरिका के साथ हुई दूसरे दौर की अप्रत्यक्ष वार्ता के बाद ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने सकारात्मक रुख दिखाते हुए कहा कि यह बातचीत ओमान की राजधानी मस्कट में हुई पहले दौर की वार्ता से बेहतर और ज्यादा 'रचनात्मक' थी। अराघची ने सरकारी प्रसारक इरिब (इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टर) के साथ विशेष बातचीत में कहा कि दिशा देने वाले सिद्धांतों पर दोनों पक्षों के बीच आम सहमति बन गई है और जल्द ही एक संभावित समझौते का मसौदा तैयार करने की दिशा में बढ़ेंगे।

ओमान की मध्यस्थता में स्विट्ज़रलैंड की राजधानी जिनेवा में ओमानी दूतावास में हुई इस बैठक के बाद उन्होंने कहा कि एक बार मसौदा तैयार होने पर दोनों पक्ष तीसरे दौर की बातचीत के लिए तारीख निर्धारित करेंगे। अराघची ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच की खाई पाटने में समय लगेगा। अराघची ने बैठक के बाद संयुक्त राष्ट्र के एक निरस्त्रीकरण सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बातचीत से एक टिकाऊ समाधान के लिए एक नया रास्ता खुल गया है जो ईरान के अधिकारों का सम्मान करते हुए पूरे क्षेत्र और सभी पक्षों के हितों की रक्षा करेगी। बैठक की मध्यस्थता करने वाले ओमान के विदेश

■ ट्रंप अपने पहले कार्यकाल में ईरान के साथ हुए पहले के परमाणु समझौते से हट गए थे

■ अभ्यास ने ज़रूरी शिपिंग लेन के कुछ हिस्सों को कुछ समय के लिए बंद कर दिया



मंत्री सैयद बद्र बिन हम्माद बिन हमूद अलबुसैदी ने कहा कि बातचीत रचनात्मक थी और दोनों पक्षों ने तकनीकी मुद्दों एवं सामान्य उद्देश्य पहचानने में 'अच्छी प्रगति' की है। साथ ही अंतिम समझौते के 'मार्गदर्शक सिद्धांतों' को शक्ल देने के लिए महत्वपूर्ण कोशिशें की गईं। इस बीच, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैन्स ने मीडिया को बताया कि मंगलवार की बातचीत के कुछ पहलू सकारात्मक थे, लेकिन ईरान ने अभी तक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की कुछ बातों को नहीं माना है, और इनसे पीछे नहीं हटा जा सकता। उन्होंने कहा कि सब कुछ अभी भी टेबल पर है। ट्रंप अपने पहले कार्यकाल में ईरान के साथ हुए पहले के परमाणु समझौते से हट गए थे। लेकिन दूसरे कार्यकाल में उन्होंने ईरान पर 'अधिकतम दबाव' बनाया है और बार-बार चेतावनी दी है कि वह ईरान की परमाणु कार्रवाई रोकने के लिए सैन्य बल का इस्तेमाल कर सकते हैं। ईरान ने भी इसके जवाब में कहा है कि वह किसी भी हमले का उसी तरह जवाब देगा। इससे पहले जैसे ही वार्ताकार जिनेवा में मिले, तो ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने होर्मुज की खाड़ी में 'स्मार्ट कंट्रोल ऑफ़ द स्ट्रेट ऑफ़ होर्मुज' नाम का एक अभ्यास शुरू कर दिया था। इस अभ्यास ने ज़रूरी शिपिंग लेन के कुछ हिस्सों को कुछ समय के लिए बंद कर दिया। इसमें तटीय एवं द्वीपीय बिन्दुओं से मिसाइल लॉन्च, त्वरित हमलों और समुद्री लक्ष्यों पर हमलों की नकल करने वाली ड्रोन इकाइयां शामिल थीं। आईआरजीसी के आधिकारिक समाचार आउटलेट सेपा न्यूज़ ने कहा कि इस अभ्यास का मकसद नौसेना की तैयारी का परीक्षण करना और समुद्र में सुरक्षा और जवाबी हमले की योजना का अभ्यास करना था। उल्लेखनीय है कि ट्रंप ने पिछले हफ्ते कहा था कि दुनिया का सबसे बड़ा एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस गेराल्ड आर. फोर्ड और यूएसएस अब्राहम लिंकन को पश्चिमी एशिया में तैनात किया जा रहा है, जो तीन हफ्ते से इस इलाके में हैं। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियन ने मंगलवार को कहा कि ईरान अपनी 'शांतिपूर्ण' परमाणु तकनीक नहीं छोड़ेगा, लेकिन यह साबित करने के लिए किसी भी तरह के सत्यापन के लिए तैयार है कि उसका कार्यक्रम हथियार बनाने के मकसद से नहीं है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अमेरिका और तरराष्ट्रीय समुदाय उन 'अफवाहों' को खारिज कर देगा जिनमें यह दावा किया जाता है कि ईरान परमाणु हथियार बनाने की कोशिश कर रहा है।

## आठ मुस्लिम देशों का निंदा बयान बेबुनियाद और गुमराह करने वाला: इजरायल

**तेल अवीव।** इज़रायल सरकार ने पश्चिमी तट में ज़मीन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू करने के हालिया फ़ैसले की आठ मुस्लिम देशों द्वारा निंदा करने वाले संयुक्त बयान को बेबुनियाद और गुमराह करने वाला बताया है। मंगलवार को तुर्की, मिस्र, जॉर्डन, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, क़तर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्रियों ने पश्चिमी तट में ज़मीन को सरकारी सम्पति घोषित करने और उनके पंजीकरण और मालिकाना हक़ के सेटलमेंट के लिए प्रक्रिया को मंज़ूरी देने के इज़रायली सरकार के फ़ैसले की निंदा की। मंत्रालय ने आज एक बयान में कहा कि यह बयान असल में बेबुनियाद और जानबूझकर गुमराह करने वाला है। फलस्तीनी अधिकारी ही क्षेत्र सी में गैर-कानूनी ज़मीन पंजीकरण प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहे है, जो कानून और मौजूदा समझौतों का उल्लंघन है। मंत्रालय ने बताया कि इज़रायली सरकार ने सिविल और सम्पति कानून के तहत प्रशासनिक कदम को मंज़ूरी दी है।

# वर्चुअल ट्रायल टेक से फैशन रिटेल को बदल रहा टीसीएस

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को लेकर बढ़ते उत्साह के बीच, नई दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में यह प्रदर्शित किया जा रहा है कि एआई किस तरह नीति-स्तरीय चर्चाओं से आगे बढ़कर तेजी से व्यावहारिक और वास्तविक उपयोग के चरण में प्रवेश कर रहा है। स्वास्थ्य, ऊर्जा और रिटेल जैसे क्षेत्रों में कंपनियां ऐसे नवाचार प्रस्तुत कर रही हैं, जो बुद्धिमान प्रणालियों के माध्यम से रोजमर्रा के अनुभवों को बदलने का लक्ष्य रखते हैं।

इसी क्रम में आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विस (टीसीएस) ने फैशन रिटेल को नया आयाम देने वाला एक उन्नत वर्चुअल ट्रायल समाधान पेश किया है। यह तकनीक कंपनी की 'फ्यूचर एक्सपीरियंस स्टोर' परिकल्पना का हिस्सा है और इसका उद्देश्य भौतिक ट्रायल रूम की आवश्यकता को समाप्त करना है। इस तकनीक के तहत ग्राहक एक वर्चुअल स्क्रीन के सामने खड़े होते हैं, जहां उनकी सहमति से फोटो ली जाती है। कंप्यूटर विजन के माध्यम से सिस्टम ग्राहक की तस्वीर पर चुने गए परिधान को

■ एआई समिट 2026: स्वास्थ्य, ऊर्जा और रिटेल जैसे क्षेत्रों में कंपनियां ऐसे नवाचार प्रस्तुत कर रही

तुरंत मैप करता है और फोटो से प्राप्त शारीरिक माप के आधार पर सबसे उपयुक्त फिट की सिफारिश करता है। लाइव डेमो के दौरान खरीदारों ने आउटफिट चुने, जिसके बाद सिस्टम ने उनके बॉडी टाइप और साइज का विश्लेषण कर यथार्थवादी प्रीव्यू तैयार किया। प्लेटफॉर्म पर उपयोगकर्ता की मूल तस्वीर और एआई-जनरेटेड लुक को साथ-साथ प्रदर्शित किया गया तथा रियल टाइम में व्यक्तिगत सिफारिशें दी गईं। इस समाधान में स्वचालित स्टाइलिग सुझावों की सुविधा भी है। साथ ही, उपयोगकर्ता अपनी तस्वीर को भारतीय कला शैलियों से प्रेरित थीम्ड विजुअल फॉर्मेट में भी बदल सकते हैं। टीसीएस की एक्सपो प्रतिनिधि रोली सितानी ने बातचीत में कहा कि यह प्लेटफॉर्म त्वरित और सहज वर्चुअल ट्रायल अनुभव प्रदान करता है तथा भारत में वैश्विक स्तर का रिटेल अनुभव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# सरकारों से एआई विनियमन की अपील

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने डिजिटल उपनिवेशवाद के प्रति सचेत करते हुए बुधवार को कहा कि सरकार को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उपयोग की शर्तें निर्धारित करनी चाहिये। नागेश्वरन ने यहां दलित इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (डिक्की) के एक कार्यक्रम में कहा कि साल 2030 तक एआई के कारण वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 15.7 लाख करोड़ डॉलर की वृद्धि हो सकती है।

हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि इसका लाभ सबको समान रूप से मिले। उन्होंने कहा कि आज दुनिया में एआई में असमानता स्पष्ट है। मुख्य आर्थिक सलाहकार ने कहा कि दुनिया भर में नीति निर्माताओं ने जहां इंतजार और सीमित नियमन की नीति अपनाई हुई है, वहीं प्रौद्योगिकी के वास्तुकार समाज की संरचना तय कर रहे है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी की नीति केवल तकनीकी विशेषज्ञों के हाथों में नहीं छोड़ी जा सकती। सरकारों और लोकतांत्रिक संस्थाओं का सिर्फ अधिकार ही नहीं दायित्व भी है कि वे एआई के उपयोग की शर्तों को निर्धारित करें। उन्होंने कहा कि कुछ गिने-चुने देश एआई पेटेंट, सुपरकंप्यूटिंग क्षमता और निजी निवेश पर प्रभुत्व रखते हैं। जिसे उभरता हुआ 'एआई विभाजन' कहा जा रहा है, वह केवल तकनीकी क्षमता का नहीं, बल्कि मानव गरिमा का

■ मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने डिजिटल उपनिवेशवाद के प्रति चेताया

सवाल है। उन्होंने कहा कि अगले एक-डेढ़ साल में लिए गए निर्णय यह तय करेंगे कि एआई से कौन लाभान्वित होगा और इन प्रणालियों पर शासन कौन करेगा। भारत, अपने आकार, लोकतांत्रिक परंपरा और डिजिटल अवसंरचना के साथ इन मानकों को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। वर्तमान परिस्थितियों को 'डिजिटल उपनिवेशवाद' की संज्ञा देते हुए उन्होंने कहा कि पिछले तीन दशकों में रैम और स्टोरेज की लागत घटने से कंप्यूटिंग तक पहुंच में तेजी से इजाफा हुआ, लेकिन अब यह प्रवृत्ति उलट रही है। बड़ी कंपनियां प्रीमियम कीमत चुकाने में सक्षम हैं जिससे विशेष चिप्स, उच्च-प्रदर्शन वाले जीपीयू और उन्नत प्रोसेसिंग इकाइयों का इस्तेमाल अत्याधुनिक एआई मॉडलों के प्रशिक्षण के लिए हो रहा है और आम लोगों को इनका लाभ नहीं मिल पा रहा है। हार्डवेयर निर्माता उत्पादन बढ़ाने के प्रति अनिच्छुक दिख रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या हम ऐसे युग में प्रवेश कर रहे हैं जहां क्लाउड कंप्यूटिंग के माध्यम से कंप्यूटर तक पहुंच स्वामित्व का अधिकार नहीं बल्कि किराये की व्यवस्था बन जाएगी।

## 2022 से यूक्रेन मे कनाडा के बीस भाड़े के सैनिक मारे गए

**ओटावा।** यूक्रेन में फरवरी 2022 से रुस का विशेष सैन्य अभियान शुरु होने के बाद कम से कम बीस कनाडा के भाड़े के सैनिक मारे गए है। नेशनल पोस्ट अखबार ने ओटावा यूनिवर्सिटी के अनुबंधित प्रोफेसर जीन-फ्रेंकोइस रैटेल के हवाले से बताया कि फरवरी 2022 में रूस का विशेष सैन्य अभियान शुरू होने के बाद से यूक्रेन में कम से कम 20 कनाडाई भाड़े के सैनिक मारे गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि लगभग 130 कनाडाई भाड़े के सैनिक लड़ाई में हिस्सा लेने के लिए यूक्रेन गए हैं, और यह भी कहा कि यूक्रेन में मारे गए कनाडाई भाड़े के सैनिकों की कुल संख्या फ्रांस और जर्मन भाड़े के सैनिकों की मौत के बराबर या उससे जयादा है। कनाडा के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता थिडा इथ ने कथित तौर पर कहा कि मंत्रालय युद्ध में हिस्सा लेने के लिए यूक्रेन जाने वाले कनाडाई लोगों की संख्या या उनमें मारे गए लोगों की संख्या को ट्रैक नहीं करता है।

# रूस ने कीव पर दागे 29 मिसाइलें व 400 ड्रोन

## यूक्रेन ने इसे ऊर्जा तथा नागरिक ढांचे पर किया गया समन्वित हमला बताया

**कीव।** स्विटजरलैंड की राजधानी जिनेवा में नए सिरे से शुरू हुई शांति वार्ता के पहले ही दिन रूस ने ताकत का प्रदर्शन करते हुए यूक्रेन के 12 क्षेत्रों में 29 मिसाइलें और लगभग 400 ड्रोन दागे, जिससे कई नागरिक घायल हुए और ऊर्जा एवं नागरिक अवसंरचना को भारी नुकसान पहुंचा।

यूक्रेन ने इसे ऊर्जा तथा नागरिक ढांचे पर किया गया समन्वित हमला बताया है, जिससे कूटनीतिक प्रयासों की नाजुक स्थिति उजागर होती है। बातचीत के पहले दिन के बाद, रूसी मीडिया ने मंगलवार को एक अनजान सूत्र के हवाले से बताया कि बातचीत 'तनावपूर्ण' थी और छह घंटे तक चली। बातचीत बुधवार को आखिरी दिन तक जारी रहेगी। यूक्रेन के मुख्य वार्ताकार रुस्तेम उमेरोव ने कहा कि बातचीत 'व्यावहारिक मुद्दों और संभावित



■ कई नागरिक घायल हुए और ऊर्जा एवं नागरिक अवसंरचना को भारी नुकसान पहुंचा

समाधानों की कार्यप्रणाली' पर केंद्रित रही। उन्होंने वार्ता से पहले किसी बड़े घटनाक्रम की उम्मीदों को कमतर बताते हुए कहा था कि यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल जिनेवा वार्ता में 'अत्यधिक अपेक्षाओं के बिना' पहुंचा है। रूसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सलाहकार व्लादिमीर मेडिन्स्की कर रहे हैं। रूसी मीडिया के मुताबिक पहले दिन की बातचीत छह घंटे चली और माहौल 'तनावपूर्ण' रहा। वार्ता का अंतिम सत्र बुधवार को होना है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने हमलों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह मॉस्को की 'वास्तविक मंशा' को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि रूस के नवीनतम हमलों में बच्चों सहित नौ लोग घायल हुए हैं। ज़ेलेंस्की के अनुसार यूक्रेनी वायु रक्षा प्रणाली ने रूस द्वारा दागी गई 29 में से 25 मिसाइलों को मार गिराया। ज़ेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर साझा वीडियो संदेश में कहा कि जिस दिन जिनेवा में त्रिपक्षीय और द्विपक्षीय नए प्रारूप शुरू हुए, उसी दिन रूस ने हमले किए। लगभग 400 ड्रोन भी छोड़े गए। यह स्पष्ट रूप से दिखाता है कि रूस वास्तव में क्या चाहता है। उन्होंने कहा कि यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल अमेरिका के साथ चर्चा में इन हमलों का मुद्दा जरूर उठाएगा। उन्होंने कहा कि यूक्रेन युद्ध नहीं चाहता। हम अपने राज्य और स्वतंत्रता की रक्षा करते हैं और हम न्यायपूर्ण समझौते की दिशा में तेजी से आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं।

इस बीच ज़ेलेंस्की ने बताया कि ओडेसा में हमलों के बाद हजारों लोग पानी और हीटिंग से वंचित हो गए हैं तथा करीब 10 आवासीय इमारतों और रेलवे अवसंरचनाओं को नुकसान पहुंचा है। कुल मिलाकर 12 क्षेत्रों को निशाना बनाया गया। जिनेवा वार्ता अमेरिका के नेतृत्व में चल रहे व्यापक कूटनीतिक प्रयासों का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य फरवरी 2022 से जारी संघर्ष का समाधान निकालना है।

## श्रद्धा कपूर और रणदीप हुड्डा ने 'ईथा' की पुणे शेड्यूल की शूटिंग पूरी की

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार श्रद्धा कपूर और रणदीप हुड्डा ने अपनी आने वाली फिल्म ईथा की पुणे शेड्यूल की शूटिंग पूरी कर ली है। यह शेड्यूल इस हफ्ते की शुरुआत में खत्म हुआ। शहर और उसके आसपास कई जगहों पर लंबे समय तक शूटिंग की गई।

इससे पहले फिल्म की मुंबई शेड्यूल की शूटिंग भी पूरी हो चुकी है, जो जनवरी के अंत से फरवरी तक चली थी। पुणे शेड्यूल खत्म होने पर सेट पर केक काटकर जश्न मनाया गया, जिसमें फिल्म की पूरी कास्ट और क्रू मौजूद थे। निर्देशक लक्ष्मण उतेकर और प्रोडक्शन टीम के सदस्य भी इस मौके पर शामिल हुए। इस खास पल का एक वीडियो भी फिल्म के सेट पर



■ ईथा एक बायोग्राफिकल ड्रामा फिल्म है

बनाया गया। ईथा एक बायोग्राफिकल ड्रामा फिल्म है, जो प्रसिद्ध मराठी तमाशा कलाकार विठाबाई नरायणगांवकर के जीवन से प्रेरित है। इस फिल्म को मैडॉक फिल्म्स प्रोड्यूस कर रही है। फिल्म में श्रद्धा कपूर मुख्य भूमिका में नजर आएंगी, जबकि रणदीप हुड्डा उनके साथ मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।

# कार्नी ने की देश की पहली रक्षा औद्योगिक रणनीति की घोषणा

## तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य में कनाडा की रणनीतिक स्वायत्तता को सुदृढ़ करने की कवायद तेज

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने देश की पहली रक्षा औद्योगिक रणनीति की घोषणा कर दी है, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करना, उच्च वेतन वाली नौकरियों का सृजन करना और तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य में कनाडा की रणनीतिक स्वायत्तता को सुदृढ़ करना है।

कार्नी ने मंगलवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय नियम-आधारित व्यवस्था के कमजोर पड़ने और प्रौद्योगिकी के कारण संघर्षों के विस्तार ने कनाडा की रक्षा नीति में बदलाव को आवश्यक बना दिया है। उन्होंने कहा कि कनाडा की नई सरकार कनाडाई सशस्त्र बलों (सीएएफ) के पुनर्निर्माण, पुन:सज्जा और पुनर्निवेश पर केंद्रित है। कनाडा इस वित्त वर्ष में नाटो के दो प्रतिशत



■ कनाडा की नई सरकार कनाडाई सशस्त्र बलों (सीएएफ) के पुनर्निर्माण, पुन:सज्जा और पुनर्निवेश पर केंद्रित है

रक्षा व्यय लक्ष्य को हासिल करने की राह पर है और सीएएफ में शामिल होने के लिए आवेदनों में लगभग 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है, जब कनाडाई सरकार सीएएफ के आधुनिकीकरण, खरीद प्रक्रियाओं को सरल बनाने और घरेलू आपूर्तिकर्ताओं को प्राथमिकता देने पर जोर दे रही है, ताकि सैनिकों को कनाडा और उसके सहयोगियों की रक्षा के लिए आवश्यक उपकरण समय पर उपलब्ध कराए जा सकें। कार्नी ने इस रणनीति को सुरक्षा और समृद्धि दोनों के लिए एक खाका बताया और कहा कि कनाडा की रक्षा करना, कनाडा का निर्माण करना है। सुरक्षा और समृद्धि एक-दूसरे की पूरक आधारशिलाएं हैं। हमारी नई रक्षा औद्योगिक रणनीति यह सुनिश्चित करती है कि कनाडा एक संप्रभु राष्ट्र बना रहे और अपने भविष्य का स्वयं निर्धारण करे। नई रणनीति के तहत, रक्षा खरीद में कनाडाई आपूर्तिकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी, नवाचार में निवेश बढ़ाया जाएगा और खरीद प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित किया जाएगा। सरकारी अनुमानों के अनुसार, इससे अगले 10 वर्षों में 180 अरब कनाडाई डॉलर के रक्षा खरीद अवसर और 290 अरब डॉलर का रक्षा-संबंधी पूंजी निवेश सृजित होगा। वर्ष 2035 तक इससे लगभग 125 अरब डॉलर का आर्थिक लाभ, 1.25 लाख उच्च वेतन वाली नौकरियां, रक्षा निर्यात में 50 प्रतिशत वृद्धि और कनाडाई कंपनियों को दिए जाने वाले रक्षा अनुबंधों का हिस्सा 70 प्रतिशत तक बढ़ने की संभावना है। राष्ट्रीय रक्षा मंत्री डेविड जे- मैकगिन्टी ने कहा कि सरकार की यह प्रतिबद्धता सुनिश्चित करती है कि कनाडा के पास अपने देश की रक्षा, संप्रभुता की सुरक्षा और वर्तमान एवं भविष्य के खतरों से निपटने के लिए आवश्यक क्षमताओं तक सुरक्षित, समयबद्ध और विश्वसनीय पहुंच हो।

